भोपाल, शनिवार 3 मई 2025 ■ वैशाख मास शुक्ल पक्ष -06 ■ वर्ष : 12, अंक : 32 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 40 न्यून.26 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




*राजधानी में सकल हिंदू समाज का एक साथ 25 स्थानों पर जोरदार प्रदर्शन*

## लव जिहाद के खिलाफ उबला भोपाल

**भोपाल।** हिंदू समाज की लड़कियों और महिलाओं को लव जिहाद के षड्यंत्रों में फंसाने की बढ़ती घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को सकल हिंदू समाज ने राजधानी के 25 स्थानों पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में हिंदू समाज की महिलाएं, युवतियां, छात्राएं एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस दौरान लव जिहाद विरोधी नारे लिखे बोर्ड और भगवा ध्वज लहराए गए। लव जिहाद के दोषियों को फांसी की सजा दिलाने और पीड़िताओं को न्याय दिलाने के नारे लगाए। कई स्थानों पर महिलाओं और युवतियों ने रैली निकाली और हाथों में तलवार, फरसा और त्रिशूल लेकर भी नारी शक्ति का परिचय दिया।

▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366

IPL आज का मुकाबला
बेंगलुरु चेन्नई
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### सीएम राइज का नाम होगा सांदीपनि विद्यालय

**भोपाल।** प्रदेश के सीएम राइज स्कूलों का नाम अब सांदीपनि विद्यालय होगा। मुख्यमंत्री की



घोषणा के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने सीएम राइज स्कूलों का नाम बदलकर सांदीपनि विद्यालय करने का आदेश जारी कर दिए हैं। सीएम ने बीते दिनो राज्य स्तरीय कार्यक्रम में घोषणा की थी।

### अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म निर्माता बोनी कपूर अभिनेता अनिल कपूर और संजय कपूर की मां निर्मल



कपूर का निधन हो गया है। उन्होंने 2 मई को 90 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उन्होंने मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में आखिरी सांस ली।

### तिहाड़ में वसूली की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सीबीआई को तिहाड़ जेल के अंदर जबरन



वसूली गिरोह चलाए जाने के आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का आदेश दिया। जिसमें जेल के अधिकारी भी कथित रूप से शामिल हैं।

अमेरिका ने भारत को दी खुली छूट, साथ यह भी कहा-क्षेत्रीय युद्ध न भड़के

# पहलगाम हमले पर उपराष्ट्रपति वेंस की सलाह:आतंकियों को सबक सिखाए भारत



**युद्ध की आहट** के बीच करीब दो दर्जन देशों ने भारत का खुलकर साथ देने का दिलाया भरोसा

लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग कराने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हुई भारतीय वायुसेना

गंगा एक्सप्रेसवे पर भारतीय लड़ाकू विमानों की गड़गड़ाहट से घबराया पाकिस्तान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच भारी टेंशन है। दोनों देश अपने अपने स्तर पर जंग की तैयारी कर रहे हैं। युद्ध की आहट के बीच करीब दो दर्जन देशों ने भारत का खुलकर साथ देने का भरोसा दिलाया है। यहां तक की अमेरिका भी खुले तौर पर कह रहा है कि भारत को हर हाल में आतंकियों का सबक सिखाना ही चाहिए।

एक साक्षात्कार में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि पहलगाम के आतंकी हमले का जवाब भारत को पूरी ताकत के साथ देना चाहिए। इसके अलावा वेंस ने कहा कि यदि आतंकवाद के लिए पाकिस्तान ▶▶ शेष पेज 6 पर

## भारत पर 10 लाख से अधिक बार हुए साइबर अटैक

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से देश भर में 10 लाख से अधिक साइबर हमले किए गए हैं। ये हमले पाकिस्तान सहित कई अन्य देशों से किए गए हैं। वहीं इसे लेकर साइबर वार की भी आशंका जताई जा रही है। महाराष्ट्र पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने इन साइबर हमलों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर सेल ने पाया है कि 22 अप्रैल के बाद साइबर अटैक की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है। आगे कहा कि भारतीय वेबसाइटों और पोर्टलों को निशाना बनाकर पाकिस्तान, मध्य एशिया, इंडोनेशिया और मोरक्को से ये हमले किए गए। कई हैकिंग ग्रुप्स ने खुद के इस्लामी गुट का होने का दावा किया ▶▶ शेष पेज 6 पर

एनआईए की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

### बॉर्डर पार बैठे अपने आकाओं के संपर्क में थे आतंकी

इधर, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) लगातार जांच में जुटी है। एजेंसी की शुरुआती रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। एजेंसी ने कश्मीर घाटी से लगभग 20 ओवरग्राउंड वर्कर्स की पहचान की है। इन लोगों पर आरोप है कि इन्होंने हमलावरों को मदद पहुंचाई थी। फिलहाल, इन सभी से पूछताछ की जा रही है। जांच में पता चला है कि आतंकी संगठन ▶▶ शेष पेज 6 पर

*अब बिलावल का कबूलनामा, बोले*

### पाकिस्तान ने आतंकी पालकर गलती की

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बाद पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो का बयान सामने आया है। बिलावल भुट्टो ने ख्वाजा आसिफ के आतंकवाद वाले बयान पर मुहर लगा दी है। ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम में हुए हमले के



बाद अपने बयान में कहा था, पाकिस्तान में आतंकवादी पलते हैं। अब इसके बाद बिलावल भुट्टो ने कहा, इस मामले में पाकिस्तान का अपना अतीत रहा है। पूर्व विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान आतंकवादी समूहों को समर्थन देने में जुड़ा हुआ है। जहां तक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था, मुझे नहीं लगता कि यह कोई रहस्य है कि पाकिस्तान का एक अतीत है, नतीता, हमने भुगता है। यह कोई राज नहीं, जिसे छिपाया जा रहा। पाकिस्तान ने भुगता है। हम चरमपंथ की लहर से गुजरे हैं। लेकिन हमने जो झेला है, उसके परिणामस्वरूप हमने अपने सबक भी सीखे हैं। हमने इस समस्या को हल करने के लिए आंतरिक सुधार किए हैं।

**बारात इंदौर** के खेड़ा मऊ से सिंरोज आई थी

## विदिशा में बारातियों से भरी पिकअप पलटी, 4 लोगों की मौत, 8 गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात 10 बजे नेशनल हाईवे 752 बी पर लटेरी से 10 किमी दूर आरी घाट के पास बारातियों से भरी तेज रफ्तार पिकअप पलट गई। तीन बारातियों ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। चौथे की इलाज के दौरान मौत हो गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे में चार लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छाअनुदान से दो-दो लाख एवं गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इंदौर के खेड़ा मऊ से बारात सिरोंज के जटाशंकर के पास आई थी। बारात वापस लौटते समय पिकअप वाहन में 17 बाराती सवार हो गए। गुरुवार रात 10 बजे ▶▶ शेष पेज 6 पर

सीएम ने जताया दुख मुआवजे का ऐलान किया

### मुलताई-बैतूल हाईवे पर दो बसों में भिड़ंत, 10 घायल

उधर, मुलताई के एनस गांव के पास शुक्रवार दोपहर 2 बजे दो बसों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 10 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को मुलताई के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जयपुर से रायपुर जा रही एमआर ट्रैवल्स की बस और बैतूल से छिंदवाड़ा जा रही फिरोज खान ट्रैवल्स की बस में टक्कर हो गई। एमआर बस ने तेज रफ्तार में सामने से आ रही फिरोज खान बस को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद फिरोज खान की बस सड़क से 20 फीट दूर खेत में पलट गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत डायल 100 और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**पिता ने कॉलेज प्रबंधन पर लगाए आरोप**

### पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में लगाई फांसी

**सीहोर।** भोपाल नाका स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक की कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग



■ प्रेम संबंध की बात सामने आई

विषय सेकंड सेमेस्टर की छात्रा रक्षा नायक ने संदेहास्पद परिस्थितियों में कॉलेज के छात्रावास में फांसी लगा ली। छात्रा का शव हॉस्टल के कमरे में झूलते मिला। सूचना के बाद सीहोर जिले की इछावर तहसील के भगवतपुरा गांव के रहने वाले मृतक छात्रा के पिता दशरथ सिंह पहुंचे। उन्होंने इस घटना पर कई गंभीर आरोप ▶▶ शेष पेज 6 पर

घरेलू कलह के चलते पिता बना हैवान

### अपने ही दो बच्चों को उतार दिया मौत के घाट, गिरफ्तार

**धार।** जिले के डही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिगवी के भंवरपुरा में एक पिता ने पारिवारिक



■ पुलिस ने कहा आरोपी मानसिक रूप से कमजोर

विवाद के चलते अपने दो मासूम बेटों की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने उसे कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि आरोपी पिता सिकदार ने अपने 4 वर्षीय बेटे आकाश और 3 वर्षीय बेटे विकास की फालिया से ▶▶ शेष पेज 6 पर

**काल बनी दिल्ली की बारिश**

### घर पर पेड़ गिरने से परिवार के 4 की मौत, एक घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में शुक्रवार की सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही है। तेज



■ मरने वालों में मां के साथ तीन बच्चे भी

हवाओं के चलते द्वारका के खरखरी नहर गांव में खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे पर पेड़ गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय ज्योति और उसके तीन बच्चों के रूप में हुई है। उसके पति अजय को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस के मुताबिक तड़के 5.26 बजे एक कमरे के ढहने की सूचना मिली। ▶▶ शेष पेज 6 पर

## महादेव के जयकारों से गूंज उठी घाटी, हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

### केदारनाथ धाम के कपाट खुले, सीएम धामी की मौजूदगी में उमड़े हजारों भक्त



**रुद्रप्रयाग।** बाबा केदार के कपाट खुलने के क्षण का श्रद्धालुओं को बेसब्री से इंतजार था। शुक्रवार सुबह जैसे ही धाम के कपाट खुले हर-हर महादेव के जयकारों से घाटी गूंज उठी। श्रद्धा से भीगे मन भोलेनाथ का वंदन करने लगे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने समर्पण से मन झुकाया। सुबह सात बजे वृष लग्न में केदारनाथ मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ ▶▶ शेष पेज 6 पर

मौसम बदलने के बाद भी रतलाम झुलसा, तापमान 44.2 डिग्री रहा

## बादलों ने गिराया दिन का पारा आज आंधी-बारिश के आसार

आधा दर्जन जिलों में पारा 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा

*भोपाल, विदिशा, रायसेन सहित आधा दर्जन जिलों में शनिवार को आंधी बारिश का अलर्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तेज गर्मी के साथ ही बारिश और ओलों ने दिन के तापमान को कम कर दिया है। जिससे शुक्रवार को प्रदेश के बीस से अधिक जिलों में पारा दो से तीन डिग्री तक कम हो गया। शनिवार को भी भोपाल, विदिशा, रायसेन सहित आधा दर्जन जिलों में ▶▶ शेष पेज 6 पर



### आज इन जिलों में आंधी चलने का अलर्ट

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि शनिवार को कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, जबलपुर, नरसिंहपुर में हवा की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### खंडवा, खरगौन में रही तेज गर्मी

मई के दूसरे दिन भी ही दिन उज्जैन, शाजापुर, रतलाम, गुना और नरसिंहपुर में पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया। रतलाम सबसे गर्म रहा। यहां ▶▶ शेष पेज 6 पर

**एकात्म धाम ओंकारेश्वर में शंकर प्रकटोत्सव में शामिल हुए सीएम**

## संतों ने धर्म की स्थापना के लिए प्राण न्योछावर किए, शस्त्र के साथ शास्त्र की परंपरा का समन्वय

गुरु शंकराचार्य की चेतना शास्त्र परंपरा से कराती है परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे संतों एवं संन्यासियों ने धर्म की स्थापना के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। शस्त्र के साथ शास्त्र की परंपरा का अद्भुत समन्वय किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने धार्मिक नगरों में शराबबंदी की शुरुआत की है। शराब की दुकानें बंद कर दूध की दुकानें खोली जा रही है। दुग्ध उत्पादन को डॉ. भीमराव ▶▶ शेष पेज 6 पर

**स्वामी अवधेशानंद बोले:** मुख्यमंत्री एक दूरगामी सोच रखते हैं, भगवान ने उन्हें इन कार्यों के लिए चुना

**राज्य सरकार** ने की धार्मिक नगरों में शराबबंदी की शुरुआत



### सांस्कृतिक मूल्यों का संचार और आध्यात्मिक मूल्यों का संवर्धन हो

स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा मुख्यमंत्री सनातनी मूल्य और सांस्कृतिक निष्ठा के साथ प्रदेश की समृद्धि के लिए प्रयासरत हैं। प्रदेश में सांस्कृतिक मूल्यों का संचार हो और आध्यात्मिक मूल्यों का ▶▶ शेष पेज 6 पर

### गुरु शंकराचार्य ने अपने जीवन काल में अनेक महान कार्य किए

ओंकार पर्वत पर स्थापित आदिगुरु की 108 फीट ऊंची प्रतिमा व आदि गुरु शंकराचार्य की दीक्षा स्थली को राज्य सरकार एकात्म धाम के रूप में विकसित कर रही है, जो चरणबद्ध रूप से पूर्ण हो रहा है। आदि गुरु शंकराचार्य ने अपने जीवन काल में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### नागा सन्यासी बनकर धर्म की स्थापना के लिए त्याग किया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आदि शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्ष के लघु जीवन काल में इतने महान कार्य किए जो कल्पना से परे हैं। शंकराचार्य की दृष्टि हिमालय पर्वत के समान अद्वितीय थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमको सांस्कृतिक विरासत* ▶▶ शेष पेज 6 पर

# कृषि की ताकत, उद्योग का सहारा
# बढ़ेगा किसान, बढ़ेगा देश हमारा

# कृषि-उद्योग समागम 2025



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## शुभारंभ

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

द्वारा

**3 मई, 2025 | दोपहर 12:00 बजे**
**कृषि उपज मंडी ग्राउंड**
**सीतामऊ, मंदसौर**

## कृषि उद्योग समागम - किसानों के हित में नई पहल

**तकनीक को प्रोत्साहन**
किसान भाई-बहन एक ही मंच पर कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन के, ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस युक्त आधुनिक यंत्रों एवं नवीनतम तकनीकों से परिचित होंगे

**आधुनिक आदान को बढ़ावा**
सिंचाई संयंत्र, बीजों की उन्नत एवं नवीनतम किस्मों तथा वैज्ञानिक रूप से विकसित फर्टिलाइजर्स की जानकारी से भी अवगत होंगे

**कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण को नए आयाम**
कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण की नवीनतम पद्धतियों, डेयरी टेक्नोलॉजी तथा मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकों की सटीक जानकारी एवं मार्गदर्शन

**कृषि और उद्योग की साझेदारी**
कृषि एवं उद्यानिकी फसल आधारित उद्योगों से जुड़े उद्यमी, किसान उत्पादक संगठन (FPO), क्रेता-विक्रेता, निर्यातक एवं किसान संगोष्ठी के माध्यम से तलाशेंगे साझेदारी के अवसर

**किसान हित की योजनाओं में पंजीयन**
फसल बीमा कंपनी, किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंकर्स द्वारा किसानों के साथ जानकारी साझा की जाएगी तथा किसान हित की योजनाओं में होगा किसानों का पंजीयन



D-11021/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP #कृषि_उद्योग_समागम_MP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 3 मई 2025



कोलार के बीमाकुंज में लव जिहाद के खिलाफ प्रदर्शन करती महिलाएं।





ईदगाह हिल्स इलाके में प्रदर्शन करती महिलाएं।

**लव जिहाद के विरुद्ध संघर्ष करने की शपथ भी दिलायी गई, भगवा साफा बांधकर लहाराया भगवा ध्वज**

## सकल हिंदू समाज : लव जिहाद के विरोध में छात्राएं-महिलाएं सड़कों पर उतरीं, 25 स्थानों पर हुआ जोरदार प्रदर्शन

# लव जिहाद करने वालों को फांसी दो...

### दोषियों को फांसी की सजा दिलाने और पीड़िताओं को न्याय की मांग, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हिंदू समाज की लड़कियों और महिलाओं को लव जिहाद के षड्यंत्रों में फंसाने की बढ़ती घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को सकल हिंदू समाज ने राजधानी के 25 स्थानों पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज की महिलाएं, युवतियां, छात्राएं एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस दौरान लव जिहाद विरोधी नारे लिखे बोर्ड और भगवा ध्वज लहराए गए। कई स्थानों पर महिलाओं और युवतियों ने रैली निकालकर भी विरोध प्रदर्शन किया। लालघाटी चौराहा और अन्य स्थानों पर छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। नादरा बस स्टैंड पर जिहादियों के पुतलों को प्रतीकात्मक रूप से फांसी पर लटकाया गया। 10 नंबर मार्केट सहित कुछ स्थानों पर उपस्थित लोगों को लव जिहाद के विरुद्ध संघर्ष करने की शपथ भी दिलाई गई। वाजपेई नगर मल्टी में महिलाओं ने भगवा साफा बांधकर रैली निकाली। कई महिलाएं शस्त्र लेकर मैदान में उतरी। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कॉलेज लव जिहाद कांड के आरोपियों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग की गई।



बोर्ड आफिस चौराहे पर नूतन कॉलेज की गर्ल्स।

### राजधानी में इन 25 स्थानों पर हुए प्रदर्शन

*भोपाल के प्रमुख 25 स्थानों पर महिला वक्ताओं ने सभाओं को संबोधित किया। गांधी नगर में वक्ता राधिका सिंह, करोंद चौराहे पर दीपा शर्मा, डीआईजी बंगला पर सुनीता सूर्यवंशी, सिंधी कॉलोनी में बबली शर्मा, नादरा बस स्टैंड पर राजो मालवीय, वाजपेयी नगर में भक्ति शर्मा, अशोका गार्डन में सत्यकीर्ति राणे, सोमवारा कर्फ्यू वाली माता चौराहे पर पिंकी पंवार, लालघाटी में पिंकेशलता रघुवंशी, बैरागढ़ में नेहा बग्गा, लिली टॉकीज चौराहे पर वंदना त्रिपाठी, रोशनपुरा चौराहा पर प्रतिभा चतुर्वेदी, बोर्ड ऑफिस चौराहा पर शालिनी वर्मा, 10 नंबर पर अंजू दुबे, बीमा कुंज में माधुरी पाराशर, पिपलानी में अदिति तिवारी एवं रोशनी कुलकर्णी, अयोध्या नगर में अमिता जैन, आनंद नगर में किरण नेगी, भारत माता चौराहा पर नेहा सीठा, नेहरू नगर चौराहा पर आशा सेंगर, ऑरा मॉल चौराहा पर पूर्णिमा दत्त, बावड़िया चौराहा सरिता रजनी, बाग सेवनिया में ज्योति वर्मा, नीलबड़ में भावना गौर और अवधपुरी चौराहे पर साध्वी रंजना एवं कंचन ने संबोधित किया।*



नेहरु नगर में प्रदर्शन करते लोग।

### अभाविप की शालिनी के नेतृत्व में एमपी नगर में प्रदर्शन



*राजधानी में सकल हिन्दू समाज द्वारा प्रदेश में बढ़ रहे लव जिहाद के मामलों और विद्यार्थियों को निशाना बनाकर की जा रही आपराधिक गतिविधियों के विरोध में अखिल भारतीय परिषद की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा के नेतृत्व में एक जोरदार प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह प्रदर्शन एमपी नगर के बोर्ड ऑफिस चौराहे से प्रारंभ होकर ज्योति टॉकीज होते हुए प्रगति पेट्रोल पंप पर समाप्त हुआ, जहां थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया।*

### नाम छिपाकर हिन्दू लड़कियों से दोस्ती, फिर शारीरिक शोषण

वक्ताओं ने कहा कि निजी कॉलेज में वर्ग विशेष के लड़कों द्वारा नाम छिपाकर हिन्दू लड़कियों से दोस्ती कर और फिर झूठे प्रेम जाल में फंसाकर उनका शारीरिक शोषण किया गया। नशे की आदी बनाकर इन लड़कियों को दूसरी लड़कियों को लाने के लिए मजबूर किया गया। आरोपी वर्ग विशेष के लड़के इन लड़कियों के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वेबसाइट्स पर बेचने की तैयारी कर रहे थे। आज हिन्दू समाज की महिलाओं और बेटियों को लव जिहाद के इस अघोषित आक्रमण से बचाने के लिए जागरूक करने की बहुत ज्यादा आवश्यकता है।



संत हिरदाराम नगर में आयोजित हुंकार सभा में भाजपा नेत्री नेहा बग्गा ने उपस्थित होकर संबोधित किया।

### *हम एक भी हिन्दू बेटी को लव जिहाद का शिकार नहीं होने देंगे*

*वक्ताओं ने कहा कि सकल हिन्दू समाज की महिलाएं लव जिहाद के इन षड्यंत्रों का कड़ा विरोध करती हैं और सबको मिलकर एक-एक बेटी की लड़ाई लड़नी होगी। हर बेटी को जागरूक और सबल बनाना होगा जिससे वह ऐसे जिहादियों के झूठे प्रेम जाल में फंसने से बच सके। हम एक भी हिन्दू बेटी को लव जिहाद का शिकार नहीं होने देंगे।*

### कोलार के बीमा कुंज में कड़ा विरोध

## सभी को मिलकर लड़नी होगी एक-एक बेटी की लड़ाई

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में हुई लव जिहाद की घटना को लेकर शुक्रवार को कोलार के बीमा कुंज पर सकल हिंदू समाज के नेतृत्व में महिलाओं ने प्रदर्शन कर लव जिहाद के आरोपियों को चौराहे पर फांसी देने की मांग सरकार से की। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि हिंदू लड़कियों और महिलाओं को योजनापूर्वक फंसाकर लव जिहाद का शिकार बनाने का षड्यंत्र चलाया जा रहा है। लव जिहाद कर हिंदू परिवारों की बेटियों को धर्म परिवर्तन, शारीरिक शोषण करने, नशे की तरफ धकेलने और दूसरी लड़कियों को इसका शिकार बनाने के लिए साथ लेकर आने के लिए मजबूर किया जा रहा है।




### हर बेटी को करें जागरूक

*महिलाएं लव जिहाद के इन षड्यंत्रों का कड़ा विरोध करती हैं और सबको मिलकर एक-एक बेटी की लड़ाई लड़नी होगी। हर बेटी को जागरूक और सबल बनाना होगा जिससे वह ऐसे जिहादियों के झूठे प्रेम जाल में फंसने से बच सकें। प्रदर्शन में हिंदू समाज की महिलाएं, युवतियां एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। प्रदर्शन कर रही महिलाएं एवं युवतियां लव जिहाद के दोषियों को फांसी की सजा दिलाने और पीड़िताओं को न्याय*

### पिस्टल छीनने का प्रयास, फरहान के पैर में लगी गोली

*__भोपाल।__ हिंदू छात्राओं से रेप के मुख्य आरोपी फरहान को शुक्रवार देर रात गोली लगी है। फरहान को घायल हालत में हमीदिया अस्पताल ले जाया गया है। बता दें कि शुक्रवार को भोपाल की अशोका गार्डन थाना पुलिस को फरहान की रिमांड मिली है। इस दौरान पुलिसकर्मी उसे थाने से घटनास्थल तक ले जा रहे थे। ये घटना शुक्रवार रात करीब 11 बजे से 11:30 बजे के बीच की है। अशोका गार्डन थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव के मुताबिक फरहान ने पुलिस को गुमराह करने के लिए बताया था कि मामले में एक और फरार आरोपी अबरार बिलकिस गंज में छिपा है। इसके बाद एसआई विजय बामने के साथ कुल पांच पुलिसकर्मी फरहान के साथ वाहन में सवार होकर तस्दीक के लिए रवाना हुए थे। इसी बीच रातीबड़ थाना क्षेत्र में आने वाले सरवर गांव के पास आरोपी फरहान ने पेशाब करने का कहकर वाहन रुकवाया। वाहन के रुकने पर फरहान के साथ एसआई भी नीचे उतरे। तभी फरहान ने एसआई की सर्विस रिवॉल्वर को छीनने का प्रयास किया। इस छीना-झपटी में गोली चली और आरोपी के पांव में लग गई।*



### रामेश्वर ने कहा-स्कूल, कॉलेज, कैफे में अनिवार्य किए जाएं सीसीटीवी कैमरे

**भोपाल।** भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने महिला सुरक्षा को लेकर प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजधानी में स्कूल, कॉलेज, कैफे और सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य किए जाएं, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत नजर रखी जा सके। शर्मा ने कहा कि कॉलेज परिसरों से लेकर आस-पास की दुकानों तक, हर स्थान को कैमरे की निगरानी में लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह समय हिंदू समाज के आत्ममंथन का है और यदि बहन-बेटियों की सुरक्षा नहीं की जा सकी, तो जीने का कोई अर्थ नहीं रह जाता। शर्मा ने सकल हिंदू समाज के प्रदर्शन को जनता के गुस्से की आवाज बताया और कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक लड़ाई है।



### पूर्व मंत्री पीसी शर्मा का आरोप, मंत्री कर रहे लव जेहाद की फंडिग

**भोपाल।** लव जिहाद को लेकर भोपाल में किए गए प्रदर्शन के बीच पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने नेता और मंत्रियों पर लव जिहाद की फंडिंग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लव जिहाद के मामले में फंडिंग हो रही है। जानकारी मिली है कि मंत्री इसकी फंडिंग कर रहे हैं। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा कि बड़े-बड़े होटल, फार्महाउस कैसे सब हो रहा था। इस मामले में भाजपा के नेता और मंत्री का हाथ है। सरकार इसकी जांच नहीं करेगी, अगर जांच करे तो सब सामने आएगा। उन्होने कहा कि मोमबत्ती प्रदर्शन से क्या होगा। सरकार आपकी है , काम आपका है। कानून का उपयोग क्यों नहीं कर रहे। बालाघाट और शहडोल के मामलों में भी एक्शन नहीं दिख रहा।



### कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने की पुलिस कमिश्नर से मुलाकात

**भोपाल।** हाल ही में भोपाल में सामने आए लव जिहाद के मामले में पूर्णतः निष्पक्ष कार्यवाही न करने के विरोध में कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला अपने साथियों के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। वहीं, इस मामले में उचित कार्यवाही करने की मांग को लेकर कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र से मिलकर चर्चा की। इस दौरान उन्होने कई तरह के सवाल उठाते हुए कहा कि हाल ही में भोपाल में लव जिहाद का मामला सामने आया जिसमें एक धर्म विशेष को निशाना बनाकर शारीरिक शोषण करना, मारपीट करना व उनकी वीडियो ग्राफी कर वायरल करना, आखिर इन सब घिनौनी साजिशों के पीछे कौन है? राजधानी में सरकार की नाक के नीचे लड़कियों को किनके इशारे पर हथाईखेड़ा डैम स्थित क्लब 90 पर ले जाया जाता था अब सवाल उठ रहा ह कि आाखिर किसके संरक्षण में रहकर ये सब कार्य किए जा रहे थे और इसकी जानकारी पुलिस को क्यों नहीं हुई। शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग करता हूं कि ऐसे मगरमच्छों को चिन्हित करें जो उनकी सरकार को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं।



---

### अब पता चल जाएगा किसने अटकाई फाइल

## कलेक्टोरेट बना ई-आफिस, ऑनलाइन चलेंगी फाइलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की सख्ती के बाद एक मई से कलेक्टोरेट में ई फाइल सिस्टम लागू कर दिया गया है, जिसके तहत अब विभागों से अनुमोदन के लिए आने वाली फाइलों को हार्ड कॉपी में नहीं लाया जाएगा। ऑनलाइन आने वाली फाइलों पर नोटशीट और टीप की जानकारी भी दर्ज रहेगी। ई फाइल सिस्टम को कंप्यूटर में लॉगइन करते ही पता चल जाएगा कि कितने विभागों की फाइलें आई हैं। शुक्रवार को एक बार फिर कलेक्टर ने अफसरों को हिदायत दी कि कोई भी काम की फाइल लेकर नहीं आए। उन्होंने यह भी कहा कि बिना ठोस वजह के फाइल भी रोकी न जाएं। यदि फाइल अधिक समय तक रोकी गई तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।




**लेपटॉप पर भी देख सकेंगे फाइल**

इस सिस्टम के तहत अधिकारी मोबाइल और लैपटॉप से भी फाइल देख सकते हैं। यह एक डिजिटल प्लेटफार्म है जिसे सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और कागज रहित बनाने के लिए अपनाया गया है। यह खासतौर पर फाइलों के संचालन, दस्तावेजों की ट्रैकिंग और कार्यालयीन कार्यों के प्रबंधन को डिजिटल रूप में संचालित करने में मदद करता है।

**अफसर आएंगे खाली हाथ ऑफिस**

### तहसीलों में भी शुरू होगा ई ऑफिस सिस्टम

कलेक्टोरेट और विभागों में ई-फाइल सिस्टम लागू करने के साथ तहसील दफ्तरों में भी फाइल को ई-फाइल स्तर पर लाया जाएगा। जिसके तहत पटवारी, आरआई, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और एसडीएम ऑनलाइन की रिपोर्ट सब्मिट करेंगे।

### बढ़ेगी अफसरों की जवाबदेही

ई-आफिस सिस्टम लागू होने से फाइल की हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी। ई-फाइल सिस्टम से विभागों की योजनाओं से जुड़ी अनुमोदन की फाइलों को जल्दी निपटाया जा सकेगा। फाइल किस स्तर पर कितनी देर रुकी है, इसकी जवाबदेही बढ़ेगी।

### नीट यूजी परीक्षा कल सभी 35 सेंटरों पर तैनात रहेगी मेडिकल टीम

**भोपाल।** मेडिकल कॉलेज में स्नातक प्रवेश के लिए रविवार चार मई को आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट 2025 परीक्षा राजधानी के 35 केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा केंद्रों पर चिकित्सा संबंधी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम की ड्यूटी लगाया गई है। परीक्षा में 14 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए थे। आकस्मिक चिकित्सा हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए एक चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की गई है। विभाग द्वारा 50 टीमों की तैनाती की गई है, जिसमें चिकित्सक एवं पैरामेडीकल स्टाफ सेवाएं देंगे।

### हाउसिंग फॉर ऑल के मकानों में गड़बड़ी कर रहे लोग

## 68 किरायेदार और 15 आवास बेचने वालों का आवंटन होगा रद्द, मकान कराए जाएंगे खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर को स्लम फ्री बनाने हाउसिंग फॉर ऑल के तहत टीटी नगर क्षेत्र के आंबेडकर नगर और राहुल नगर में मकानों का आवंटन किया गया था। जिसमें से 68 मकानों में किरायेदार और 15 मकान बेचने का मामला सामने आया है।

जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने अब तक 650 मकानों का ही सर्वे किया है। जिसको देखते हुए 83 मकानों का आवंटन रद्द किया जाएगा। जिसके बाद इन मकानों को खाली भी कराया जाना है। जिन्होंने मकान बेचे हैं, किरायेदारों को दिए हैं, उनकी लिस्टिंग की जा रही है। टीम ने आंबेडकर नगर के 300 आवासों का सर्वे किया, जिनमें से 23 में किरायेदार मिले, 10 को बेच दिया गया था, जबकि एक में अवैध कब्जा था। इसके बाद शुक्रवार को टीम ने राहुल नगर के 832 में से 11 ब्लाक के 352 आवासों का सर्वे करने पहुंची, जिनमें से 45 में किरायेदार मिले और पांच अवासों को लोग बेचकर जा चुके हैं। अर्जुन नगर, शबरी नगर, मद्रासी कालोनी सहित अन्य क्षेत्र में हकीकत का पता लगाने यह सर्वे किया जाएगा। सर्वे में पता चला है कि जिन आवासों को लोगों ने खरीदा है उनका सौदा दानपत्र के आधार पर हुआ है।

**जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने किया 650**

### आवंटन रद्द करने का भेजेंगे प्रस्ताव

आंबेडकर नगर, राहुल नगर के आवासों का सर्वे किया गया है। यहां पर 68 में किरायेदार, 15 को बेचने और एक में अवैध कब्जा मिला है। सर्वे पूरा होते ही इनके पट्टे निरस्त कर खाली करवाने का प्रस्ताव बनाकर निगमायुक्त को भेजा जाएगा।

**अर्चना शर्मा,** एसडीएम टीटी नगर

## रेलकर्मियों ने बचाई जान, तीन दिन में दो यात्री हुए स्टेशन पर बेहोश

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर हीट स्ट्रोक से बुजुर्ग बेहोशः यात्री के पास मिली पर्ची जिस पर लिखा था...मैं खो गया हूँ सासाराम बिहार पहुंचा दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की शाम एक बुजुर्ग यात्री अचानक बेहोश हो गया। जिसको रेलवे अधिकारियों ने समय पर मदद व प्रारंभिक इलाज कर उसकी जान बचा ली। नई बिल्डिंग के पोर्च क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति के अचेत अवस्था में पड़े होने की जानकारी यात्रियों द्वारा तत्काल उपस्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) आनंद कृष्ण मिश्रा को दी गई। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 स्थित आपातकालीन चिकित्सा कक्ष में तैनात चिकित्सक डॉ. नूर हसन से संपर्क किया और खुद भी मौके पर पहुंचे। उल्लेखनीय पिछले तीन दिनों में यह दूसरा मामला है। इसके पहले एक बुजुर्ग महिला यात्री भी यहीं पर बेहोश हालात में मिली थी।

नई बिल्डिंग के पोर्च क्षेत्र में बेहोश पड़ा था

उप स्टेशन अधीक्षक को दी गई सूचना

प्रारंभिक इलाज कर बचा ली उसकी जान

### जेब से मिला दिल्ली से अमृतसर तक का टिकट



*डॉ. नूर हसन द्वारा मौके पर पहुंचकर जब उक्त व्यक्ति की चिकित्सकीय जांच की गई तो पाया गया कि हीट स्ट्रोक का शिकार हुआ है और उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता थी। व्यक्ति की जेब से दिल्ली से अमृतसर की टिकट तथा एक हस्तलिखित पर्ची प्राप्त हुई, जिस पर लिखा था कि /"मुझे सासाराम बिहार पहुंचा दीजिए , मैं खो गया हूँ ।*



### हमीदिया में कराया भर्ती

यात्री की गंभीर स्थिति को देखते हुए श्री मिश्रा द्वारा तुरंत 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया गया तथा साथ ही आरपीएफ एवं जीआरपी को सुचित किया। एम्बुलेंस स्टेशन परिसर में पहुंची और उक्त व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद जीआरपी कांस्टेबल के साथ आगे के इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि भोपाल मंडल रेल प्रशासन द्वारा स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना तथा कर्मचारियों की त्वरित प्रतिक्रिया, रेलवे के प्रति जनकल्याण की भावना को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप

### बुद्ध पूर्णिमा पर 1111 दीप प्रज्जलवित कर देंगे एकता का संदेश

**भोपाल।** बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी, कोलार रोड पर दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ द्वारा आयोजित 2569वीं त्रिगुण पावन वैशाख बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव 11 एवं 12 मई को मनाया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन, भगवान बुद्ध के जन्म, बुद्धत्व एवं महापरिनिर्वाण की पावन स्मृति में विश्व शांति, मैत्री और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ किया जा रहा है। बुद्धभूमि महाविहार परिसर में आयोजित विश्व शांति सद्भावना मैत्री वंदना में हिंदू, जैन, बौद्ध, सिख, मुस्लिम, ईसाई धर्म के धर्मगुरु, आचार्यगण एवं प्रख्यात समाजसेवीगण एक साथ उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में 25 फीट ऊंची बुद्ध मूर्ति के समक्ष सामूहिक वंदना की जाएगी और 1111 दीपों से विश्वशांति हेतु प्रज्वलन कर मानवता के एकता संदेश को प्रकाशित किया जाएगा।

### श्री पशुपतिनाथ मंदिर में विक्रम संवत 2082 के पंचांग का विमोचन

**भोपाल।** श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा में शुक्रवार को विक्रम संवत 2082 का पंचांग का विमोचन सम्पन्न हुआ। समाज के अध्यक्ष लोकमणी घिमिरे ने बताया कि विक्रम संवत 2082 का कैलेंडर नेपाल- भारत की संस्कृति और सनातन धर्म की परंपराओं से जुड़ा एक अमूल्य प्रतीक है। यह पंचांग न केवल तिथियों का लेखा-जोखा है, बल्कि हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का सजीव दर्पण है।

### सोनागिरी में पहलगाम घटना के विरोध में कैंडल मार्च का आयोजन

**भोपाल।** सी सेक्टर सोनागिरी कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी (रजिस्टर्ड) द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में व मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने स्व. श्री पुरुषोत्तम गौर पार्क में एक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान इस दौरान स्थानीय नागरिकों, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर देश के प्रति अपनी एकजुटता और शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरे देश को एकजुट होकर खड़ा होना होगा। यह कैंडल मार्च सिर्फ एक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक संदेश है कि देशवासी शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे।

### भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी घोषित

**भोपाल।** भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के 2025-2027 के द्विवर्षीय चुनावों की औपचारिक घोषणा गुरुवार को कर दी गई, जिसके अनुसार अध्यक्ष राजेश तिवारी, डॉ. राजीव अग्रवाल उपाध्यक्ष, आरजी द्विवेदी मानद सचिव, एस. शंकर कोषाध्यक्ष मनोज झा संयुक्त सचिव चुने गए हैं। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. निष्ठा त्यागी पचौरी, डॉ. कंचन भाटिया, डॉ. कल्पना तेवरे, डॉ. शिखा भार्गव, डॉ. रूपाली बजाज, शैलेंद्र ओझा, अरुण के सिंघल शामिल हैं। इसके साथ ही मनोनीत संचालक नरेंद्र छिब्बर, डॉ. ऋषि शर्मा, जीसी चौकसे, जीएस यादव, डॉ, प्रशांत गंगराड़े, डॉ. आरएच लता, प्रो. आरजी. चौकसे हैं। पूर्व अध्यक्ष सुनील भार्गव ने नई कार्यकारणी को शुभकामनाएं दी हैं।

### एक दिन पहले शासन ने डीएमई के पद पर किया था पदस्थ

# डॉक्टरों का अल्टीमेटमः 24 घंटे में डॉ. अरुणा कुमार को नहीं हटाया तो होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में डॉ. अरुणा कुमार को शासन द्वारा डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन (डीएमई) बनाए जाने के बाद से विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जूनियर के साथ शुक्रवार को सीनियर डॉक्टर भी डॉ अरुणा कुमार को डीएमई के पद से हटाने के विरोध में आ गए हैं। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जूडा) और मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) ने सरकार को 24 घंटे में आदेश निरस्त करने का अल्टीमेटम दिया है। दोनों संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर 24 घंटे में डॉ अरुणा कुमार को डीएमई के पद से नहीं हटाया तो वह आंदोलन करेंगे।

### बुलाई आपात बैठक, डॉ. अरुणा को हटाने की मांग

**खास बातें**

- डीएमई बनाए जाने के बाद से जारी है विवाद
- विरोध में आगे आए सीनियर डॉक्टर्स
- जूडा-एमटीए ने दी चेतावनी



जूडा के पत्र के बाद मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने शुक्रवार को एग्जीक्यूटिव बॉडी की आपात बैठक बुलाई। इसमें डॉ. राकेश मालवीय, डॉ यशवीर जेके, डॉ राजेश टिक्कस, डॉ. अविनाश ठाकुर, डॉ. कविता कुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि डॉ. अरुणा कुमार की नियुक्ति छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के हितों के विपरीत है और सरकार को इसे 24 घंटे में निरस्त करना चाहिए। एमटीए के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार रात उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से भी मुलाकात कर डॉक्टरों के हित में डॉ अरुणा कुमार को हटाने की मांग की।

### आज जूडा करेगा काली पट्टी बांधकर काम

डॉ. अरुणा की नियुक्ति के विरोध में जीएमसी का जूडा शनिवार से काली पट्टी बांधकर काम करेगा। इसके बाद सोमवार को काम के दौरान बीच में 15 मिनट का धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### एम्सः नर्सिंग स्टाफ ने लिया नेत्रदान का संकल्प

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में नेत्र रोग विभाग के अंतर्गत नेत्र बैंक ने दो दिवसीय नेत्रदान जागरुकता अभियान आयोजित किया। यह अभियान अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, ताकि नर्सिंग स्टाफ को नेत्रदान को नेत्रदान के महत्व के बारे में बताया जा सके। इस अभियान में एम्स के नर्सिंग आफिसर, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी और सहायक नर्सिंग अधीक्षक शामिल हुए। उन्होंने नेत्रदान के लिए संकल्प पत्र भरकर यह शपथ लिया कि वे न केवल खुद नेत्रदान करेंगे, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### जब हमीदिया अस्पताल में स्त्री रोग विभागाध्यक्ष थीं, तब कई डॉक्टरों ने दे दिया था इस्तीफा

डॉक्टरों ने बताया कि डॉ. अरुणा जब हमीदिया अस्पताल में स्त्री रोग विभागाध्यक्ष थी, तब उनके रवैये से असंतोष इतना बढ़ा कि कई डॉक्टरों ने इस्तीफा दे दिया था। वहीं महिला चिकित्सकों ने सामूहिक त्यागपत्र की चेतावनी तक दे दी थी। साथ ही दो बार जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल भी उन्हीं के कार्यकाल में हुई थी। हॉस्टल में एक महिला जूनियर डॉक्टर के कमरे में चोरी की घटना पर डॉ. अरुणा के व्यवहार पर भी सवाल उठे थे। इतना ही नहीं एक छात्रा द्वारा आत्महत्या करने के मामले में भी उनके खिलाफ मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगे थे।

### बैठक में लिया फैसला

डॉ. अरुणा की नियुक्ति का आदेश होने के बाद शुक्रवार को जीएमसी में मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के एक्जीक्यूटिव सदस्यों ने बैठक की। इस बैठक में एकमत होकर निर्णय लिया गया कि डॉ. अरुणा कुमार की नियुक्ति को निरस्त कराना है, यदि सरकार ऐसा नहीं करती है तो फिर आंदोलन किया जाएगा।

**डॉ. राकेश मालवीया, अध्यक्ष, मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन**

### चिकित्सा प्रशिक्षण सत्र पर चर्चा

## केजीएमयू क्लब फुट के कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए डॉ. सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) लखनऊ में आयोजित प्रतिष्ठित तीसरे केजीएमयू क्लबफुट कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट उत्तर प्रदेश सरकार और केजीएमयू के बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।इस कार्यक्रम में 146वीं चिकित्सा प्रशिक्षण सत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो पोन्सेटी विधि द्वारा क्लबफुट प्रबंधन पर आधारित था। एक दिवसीय सत्र में प्रमुख बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक सर्जन, प्रशिक्षु और स्वास्थ्य पेशेवर एकत्र हुए, जो क्लबफुट से प्रभावित बच्चों के उपचार परिणामों में सुधार करने के लिए समर्पित हैं। अपने संबोधन में डॉ सिंह ने आयोजक टीम के प्रयासों की सराहना की और प्रारंभिक निदान तथा निरंतर मानकीकृत उपचार पद्धतियों के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने ऐसे भविष्य के निर्माण की दिशा में दिखाए गए समर्पण की प्रशंसा की जहां कोई भी बच्चा अनुपचारित क्लबफुट से पीड़ित न हो और कार्यक्रम के मिशन के अनुरूप आज क्लबफुट का इलाज करें और क्लबफुट को इतिहास बनाएं के लिए संस्थानों के बीच निरंतर सहयोग को प्रोत्साहित किया।

### देशभर के 7000 स्टेशनों पर लगी घड़ी का समय सेम

## रेलवे के लिए डिजाइन करें डिजिटल घड़ी, पाएं पांच लाख रुपए का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल ने देश के सभी स्टेशनों पर नए डिजाइन के डिजिटल क्लॉक लगाने की योजना बनाई है। इस डिजाइन को बनाने के लिए रेलवे एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। जिसके तहत पेशेवर, कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी स्टूडेंट तथा स्कूली छात्रों के लिए तीन अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं।

इस प्रतियोगिता में चयन होने वाले अभ्यर्थियों को रेलवे पांच लाख रुपए तक का इनाम देगा। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता व एसीएम नवल अग्रवाल ने बताया कि चयनित को पांच लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा। तीनों श्रेणियों में 50-50 हजार रुपए के पांच-पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता के तहत 1 मई से 31 मई तक प्रतिभागियों को डिजिटल घड़ी का डिजाइन ऑनलाइन माध्यम से जमा कराना होगा।




### 12वीं तक के स्कूली छात्र इस प्रतियोगिता में हो सकेंगे शामिल

*रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया। इसके अनुसार हाई रेजोल्यूशन वाली डिजाइन, जिसमें वाटर मार्क या लोगो ना हो,उसे ईमेल के माध्यम से भेजना है और साथ में मौलिकता का प्रमाण पत्र भी प्रतिभागियों को देना है। सभी प्रतिभागियों को एक से अधिक डिजाइन जमा करने की छूट दी गई है। प्रतिभागियों को अपने डिजाइन के साथ ही डिजाइन के विषय के बारे में एक संक्षिप्त अवधारणा नोट भी जमा करना होगा। प्रतिभागियों को यह भी सुनिश्चित करना है कि उनका डिजाइन मौलिक है और बौद्धिक संपदा या किसी दूसरे व्यक्ति या संस्था के कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं करता है। स्कूली छात्र कैटेगरी में 12वीं तक के छात्रों को शामिल किया गया है। जिसके लिए उन्हें स्कूल का पहचान पत्र जमा करना होगा।*

## सर्वे टीम ने देखे 30 एसटीपी, 204 एमएलडी गंदा पानी हो रहा साफ

### शहर में बीते दो दिन से चल रहा वाटर प्लस का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत शुक्रवार को दिल्ली से आई वाटर प्लस टीम ने निरीक्षण किया। टीम ने एक ही दिन में लगभग 30 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का जायजा लिया, जहां वर्तमान में शहर का 204 एमएलडी गंदा पानी ट्रीट किया जा रहा है। हालांकि, शहर में प्रतिदिन लगभग 300 एमएलडी गंदा पानी उत्पन्न होता है, जिसका एक बड़ा हिस्सा तालाबों और नालों में पहुंचता है।

शुक्रवार को सर्वे के दूसरे दिन टीम 12 नंबर मल्टी पहुंची, जहां उन्होंने रहवासियों के लिए बनी शौचालय व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और उनसे फीडबैक भी लिया। इसके बाद टीम नगर निगम द्वारा संचालित एसटीपी प्लांट्स का दौरा करने पहुंची। शहर में कुल नौ एसटीपी और 45 सीवेज पंप हाउस हैं। शनिवार को टीम पब्लिक और कम्युनिटी शौचालयों का निरीक्षण करेगी। वाटर प्लस सर्वे के तहत सभी सीवेज संबंधित ढांचों, नालों, उद्यानों और शौचालयों की सफाई व उपयोगिता की जांच की जा रही है, ताकि शहर को वाटर प्लस रेटिंग मिल सके।




### इन जगहों के एसटीपी देखे

नगर निगम 204 एमएलडी गंदे पानी को ट्रीट कर रहा है। सबसे बड़ा एसटीपी माहोली दामखेड़ा में स्थित है, जिसकी क्षमता 35 एमएलडी है। अन्य प्रमुख प्लांट्स में शिरीन रिवर (पांच एमएलडी), प्रोफेसर कालोनी (दो एमएलडी), नीलबढ़ (छह एमएलडी), चार इमली (4.5 एमएलडी), बंसल हास्पिटल (9.5 एमएलडी), जमुनिया छीर (3.5 एमएलडी), सनखेड़ी कोलार (32 एमएलडी) और मक्सी मिसरोद (20.5 एमएलडी) शामिल हैं। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे नेहरू नगर, खानूगांव, इंद्रानगर, भौंरी, स्वर्ण जयंती, श्याम नगर, प्रियंका नगर, सलैया, जाटखेड़ी और बागली आदि में सीवेज पंप हाउस स्थापित हैं। कोलार क्षेत्र में घर-घर सीवेज कनेक्शन भी दिए जा चुके हैं।

### 30 अप्रैल तक करानी थी सो फीसदी ईकेवायसी

## पंद्रह मई तक करा सकेंगे समग्र की ईकेवायसी, वरना, बंद हो जाएगा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीपीएल परिवारों को पीडीएस दुकानों से दिए जाने वाले राशन के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है, जिसके तहत जिले के शेष रहे 2 लाख 28 हजार 861 सदस्यों की ई-केवायसी का टॉरगेट किया गया था, लेकिन टॉरगेट पूरा नहीं होने से इस अभियान को 15 दिन के लिए बढ़ाया गया है, पहले यह तारीख 30 अप्रैल तय की गई थी। जिसमें शेष रहे 2 लाख 18 हजार 831 हितग्राहियों की ईकेवायसी की जाना है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर ने बताया कि जिले में विशेष अभियान चलाकर शेष उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी कराई जा रही है। इसके तहत दुकानवार शेष हितग्राहियों की सूची उचित मूल्य विक्रेताओं को उपलब्ध कराई गई है, जिससे पीओएस मशीन या मेरा ई-केवाईसी ऐप से केवाईसी की जाएगी।

### मृतकों के हटेंगे नाम

उपभोक्ताओं से अपील की है कि अगर राशन कार्ड में दर्ज परिवार के किसी सदस्य की ई-केवाईसी नहीं हुई है, तो वे राशन दुकान पर संपर्क कर इसे पूरा कराएं। यदि परिवार में किसी सदस्य का निधन हो गया हो या पलायन कर चुका हो, तो उनका नाम हटाने के लिए ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय, जोन कार्यालय या विक्रेताओं को संबंधित जानकारी दें।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पार्टी चलती दिखाई दी, केन नदी के किनारे का बताया जा रहा वीडियो

# नदी किनारे नाव में शराब पार्टी...! शिक्षकों-बाबू का कथित वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग के भोपाल स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ बाबू सीजे जॉयसन की स्कूल शिक्षा मंत्री सहित आला अधिकारियों तक पहुंची शिकायतें की विभाग द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। इसी बीच अब एक कथित वीडियो वायरल हुआ है, जिससे पूरे विभाग में हड़कंप मच गया है। यह वीडियो बाबू सीजे जॉयसन सहित कुछ शिक्षकों व शासकीय कर्मचरियों का बताया जा रहा है। वीडियो में कहा जा रहा है कि यह केन नदी के किनारे का दृश्य है। इस दौरान जमकर शराब पार्टी चल रही है। कुछ लोग ठीक से खड़े भी नहीं हो पा रहे हैं और नाव में शराब के जाम छलक रहे हैं। हालांकि यह वीडिया कितना पुराना है और इसमें नजर आने वाले कथित व्यक्तियों की पुष्टि हरिभूमि नहीं करता है, लेकिन विभागीय और विधि जानकार इस कृत्य को नियमों का उल्लंघन बता रहे है। जानकारों का कहना है कि सार्वजनिक स्थल पर शराब पार्टी और किसी सरकारी कर्मचारी का इस कृत्य में शामिल होना, दोनों ही नियमों का उल्लंघन होने के साथ ही कदाचरण की श्रेणी में आता है।

बाबू की स्कूल शिक्षा मंत्री सहित आला अधिकारियों तक पहुंची शिकायत

कदाचरण की श्रेणी के अंतर्गत आता है इस तरह का कृत्य



### इधर जॉयसन के खिलाफ एक ओर शिकायत, डीईओ को पता ही नहीं

*स्कूल शिक्षा मंत्री कार्यालय, लोक शिक्षण संचालनालय, संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को एक और शिकायत पहुंची है। इस शिकायत में पूर्व में जॉयसन के विरूद्ध हुई शिकायतों का जिक्र करते हुए वर्तमान में चल रही जांच के दौरान जॉयसन को संबंधित शाखा से हटाने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि जांच की अखंडता और निष्पक्षता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। संभावित पक्षपात, हितों का टकराव या जांच प्रक्रिया पर प्रभाव जैसे कारण बताते हुए निष्पक्ष जांच और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्यवाही की जाए।*

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को हटाए जाने का मामले की भी चर्चा में

मामले में जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार लगातार किनारा कर रहे हैं। पहले जॉयसन के विरुद्ध आई शिकायतों को नजरअंदाज करना, फिर डीईओ कार्यालय में लगाए गए कुछ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को हटाए जाने का मामला विभागीय गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### जानकारों का कहना

#### अपराध की श्रेणी में भी आता है यह कृत्य



किसी भी सार्वजनिक स्थल चाहे वह पार्क हो या फिर नदी-तालाब के किनारे, यहां खुलेआम शराब का सेवन कदाचरण की श्रेणी में भी आता है। इसमें आबाकारी एक्ट धारा 34 का उल्लंघन है। अगर किसी शासकीय कर्मचारी द्वारा यह कृत्य किया जाता है, तो यह शासकीय सेवा नियमों का भी उल्लंघन है। मामले में आबकारी एवं पुलिस के साथ ही संबंधित विभाग द्वारा भी कार्यवाही की जा सकती है।

**अशोक विश्वकर्मा, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय**

#### नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी



सार्वजनिक स्थल पर शराब पीना नियमों का उल्लंघन है। अगर इस प्रकार की कोई शिकायत हमारे पास आती है तो निश्चित तौर पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अरविंद चौरगढ़े, संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, संभाग भोपाल**

# कृषि उद्योग समागम का मंदसौर में आज मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उन्नयन और कृषक कल्याण को समर्पित 'कृषि उद्योग समागम-2025' का 3 मई को मंदसौर में भव्य आयोजन होगा। एक दिवसीय समागम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे।

कृषक सम्मेलन एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शनः समागम में कृषि एवं उद्यानिकी के विशेषज्ञों द्वारा नवीनतम तकनीकों पर विस्तृत मार्गदर्शन किसानों और उद्यमियों को प्रदान किया जाएगा, जिसका लाभ वह अपने कृषि और खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों को बेहतर बनाने में कर सकेंगे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, क्षेत्रीय सांसद, विधायक तथा प्रदेश भर से आए कृषक, उद्यमी, निर्यातक और एफपीओ प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

### कृषि-उद्यानिकी में नवाचार और उद्यमिता का अभिनव संगम

### नवीन कृषि तकनीकों का किया जाएगा प्रदर्शन

समागम स्थल पर देश के कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में आधुनिक यंत्रों, उपकरणों का उत्पादन करने वाली इकाइयों की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें आधुनिक कृषि यंत्र ट्रैक्टर, हैप्पी सीडर, प्याज-लहसुन बुआई यंत्र, ड्रोन, एआई आधारित उपकरण, पॉवर स्प्रेयर, सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर, सेंसर-आधारित उर्वरक संयंत्र, कृषि एवं उद्यानिकी की नवीनतम एवं उन्नत किस्में, पॉली, नेट हाउस, मल्चिंग, पौंड लाइनिंग आदि, जैविक व नैनो फर्टिलाइजर, कस्टमाइज्ड माइक्रो न्यूट्रिएंट्स, गौशाला उत्पाद, दुग्ध एवं हर्बल उत्पाद, पशु आहार, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, बायो-फ्लॉक्स, टैंक व केज कल्चर मॉडल, एक्वेरियम डिस्प्ले शामिल हैं।

**विशेषज्ञ नवीनतम तकनीकों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे**

#### प्राकृतिक एवं जैविक खेती के मॉडल

कृषि समागम में भाग लेने वाले किसानों और एफपीओ प्रतिनिधियों के लिये प्राकृतिक और जैविक खेती का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके माध्यम से किसान भाई जैविक खेती की आधुनिक और उन्नत तकनीक से अवगत हो सकेंगे। समागम में कृषि, औषधीय फसलों पर आधारित उद्योगों, एफपीओ, निर्यातकों व क्रेता-विक्रेताओं के लिए संवाद व नेटवर्किंग सत्र का आयोजन भी किया गया है, जिसमें विशेषज्ञों के उत्पादन के साथ निर्यात, तकनीकों और प्रक्रियाओं के विषय में बताया जाएगा। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी एमएसएमई, मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन, एमपी एग्रो सहित राज्य सरकार के कई अन्य विभाग एवं संस्थान सम्मिलित होंगे।

#### ऑन-द-स्पॉट पंजीयन

समागम में कृषकों को विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी व ऑन-द-स्पॉट पंजीयन की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। समागम के दौरान मंदसौर जिले में कृषकों की ओर से किए गए नवाचारों पर केंद्रित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कृषि-उद्यानिकी विभाग से संबंधित योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण और निवेशकों से सीधी चर्चा करें।

#### मंदसौर अग्रणी जिला

*फसलों से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। नए निवेशकों को फसलों से संबंधी व्यवसायों के लिए जागरूक किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीतामऊ में 33 करोड़ 14 लाख से निर्मित (सीएम राइज स्कूल) महर्षि सांदीपनी विद्यालय भवन चंदवासा का लोकार्पण करेंगे। दुधाखेड़ी में 400 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।*



#### 15 विषय-विशेषज्ञों के होंगे व्याख्यान एवं हितलाभ वितरण

कृषि उद्योग समागम में 15 विषय-विशेषज्ञ व्याख्यान के रूप में अनुभव साझा करेंगे। किसानों को खेती किसानी से जुड़ी तकनीकी सलाह प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री कृषि उद्योग समागम में विभिन्न योजनाओं में अलग-अलग हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीतामऊ कृषि उद्योग समागम में 8 विभागों की ओर से किसानों से जुड़े विविध तरह के लगाए गए 80 राज्य स्तरीय स्टॉलों का अवलोकन करेंगे। इन स्टॉल के माध्यम से कृषकों को उन्नत तकनीकी, खेती किसानी की जानकारी, नवाचार, उन्नत किसान के संबंध बारे में बताया जाएगा।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा, आम लोगों को सुशासन का लाभ दिलाएं, जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद भी करें

# फौती नामांतरण में देरी होने की शिकायत पर नायब तहसीलदार को दिया नोटिस

**मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में प्रदेश के 14 प्रकरणों की सीधी सुनवाई की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनता की संतुष्टि ही हमारा ध्येय है। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही सुशासन है, इसलिए प्रदेश के हर नागरिक को सुशासन का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करें और उनके सुझावों पर भी अमल करें। हरसंभव तरीके से अपनी दक्षता और क्षमता बढ़ायें। जिले में चल रही सभी प्रकार की घटनाओं पर पैनी नजर रखें। योजनाओं का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, इसके लिए बेहतर से बेहतर प्रबंधन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समाधान ऑनलाईन में आए प्रदेश के 14 जिलों के विभिन्न प्रकरणों की सीधी सुनवाई की। आवेदकों से रू-ब-रू बात कर उनके मामले के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। समाधान ऑनलाइन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 14 शिकायतों का निराकरण कराया।

मुरैना जिले के आवेदक ब्रम्हलाल सिंह ने उसके फौती नामांतरण में देरी होने की शिकायत की थी। कलेक्टर ने बताया कि इस मामले में संबंधित नायब तहसीलदार को नोटिस दिया गया है और पटवारी पर भी कार्रवाई की गई है। उमरिया जिले के आवेदक दीपक कोरी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना के तहत उसे पेंशन न मिलने की शिकायत की थी। आवेदक ने बताया कि शिकायत करने के बाद अब उसे पेंशन मिल रही है। कलेक्टर उमरिया ने बताया कि हितग्राही को पेंशन मिलने में देरी के लिये दोषी पाए गए समग्र सामाजिक न्याय अधिकारी की एक वेतनवृद्धि रोकी गई है। ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस दिया गया है और इस संबंध में देरी के लिए विशेष रूप से दोषी पाए गए ग्राम रोजगार सहायक से अर्थदंड की राशि तीन हजार रूपए वसूल करके आवेदक को दे दी गई है।

#### खास बातें

- जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही सुशासन : डॉ. यादव
- जिले में सभी प्रकार की घटनाओं पर पैनी नजर रखने के दिए निर्देश
- आवेदकों से की सीएम ने बात



#### मनरेगा में आवेदिका को भुगतान दिला दिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाईन में आए पांढुर्णा, मुरैना, उमरिया, नीमच, भिंड, बैतूल, निवाड़ी, रायसेन, नर्मदापुरम एवं धार जिले के एक-एक मामले तथा शहडोल और सतना जिले के दो-दो मामलों (कुल 14 प्रकरणों) की सीधी सुनवाई की। पांढुर्णा जिले की आवेदिका कलावती हिंगवे ने शिकायत की थी कि उन्हें कपिलधारा कूप निर्माण, मेढ़बंधान, खेत-तालाब, भूमिशिल्प, नंदन फल उद्यान के संबंध में मनरेगा की ओर से भुगतान नहीं किया गया था। कलेक्टर पांढुर्णा ने बताया कि इस मामले में दोषी ग्राम रोजगार सहायक को पद से पृथक कर दिया गया है। पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। दोषी सब इंजीनियर का 15 दिन का वेतन रोगा गया और दोषी पाए गए सहायक यंत्री के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव कमिश्नर जबलपुर को भेज दिया गया है। वर्तमान में आवेदिका को उसका भुगतान दिला दिया गया है।

#### दो लाख रुपए की बीमा राशि का भुगतान कर दिया

निवाड़ी जिले के आवेदक चेनू कुशवाहा ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत उसे आवास राशि का लाभ न मिलने की शिकायत की थी। रायसेन जिले के आवेदक बालचंद विश्वकर्मा ने उसके बेटे की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर उसे बीमा राशि का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर रायसेन ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रूपए की बीमा राशि का भुगतान कर दिया गया है। नर्मदापुरम जिले के आवेदक राहुल यादव ने उसके गांव में नल-जल योजना के काम पूरे होने के बाद भी उन्हें पेयजल प्राप्त न होने की शिकायत की। धार जिले की आवेदिका सीमा दांगी के पति रामा दांगी ने बताया कि उन्हें विवाह प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी, जो उन्हें नहीं मिल सकी, इसलिए उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की थी। कलेक्टर धार ने बताया कि इस मामले में संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है और उससे 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी वसूल किया गया है। शहडोल और सतना के आवेदकों की शिकायतों का समाधान भी इस अवसर पर किया गया।

#### आवेदक को 9 लाख 28 हजार 200 रुपए की शासकीय राशि का भुगतान

*नीमच जिले के आवेदक लालाराम भील ने उसे दिए गए वनाधिकार हक प्रमाण पत्र में वन विभाग की ओर से त्रुटि किए जाने के कारण उसे लाभ न मिलने की शिकायत की थी। इस पर अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल ने बताया कि जारी किए गए वनाधिकार प्रमाण पत्र में शाब्दिक, तकनीकी त्रुटि के कारण आवेदक के साथ यह परिस्थिति बनी। परंतु अब आवेदक को उसके हक की 9 लाख 28 हजार 200 रुपए की शासकीय राशि भुगतान कर दी गई है।*

#### छात्रवृत्ति में देरी पर क्षेत्र संयोजक पर कार्रवाई

भिंड जिले के आवेदक (छात्र) दिनेश चरकोटा ने उसे जनजातीय कार्य विभाग की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति न मिलने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर भिंड ने बताया कि आवेदक को छात्रवृत्ति मिलने में विलंब के लिए दोषी क्षेत्र संयोजक पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा जिला संयोजक (जो पहले से ही निलंबित चल रहे हैं) के निलंबन आरोप में इस मामले के आरोप भी जोड़ दिए गए हैं। बैतूल जिले के आवेदक (किसान) अनोखीलाल यादव ने सहकारिता विभाग की ओर से जारी उसके केसीसी किसान क्रेडिट कार्ड का नवीनीकरण नहीं होने के कारण उसे कठिनाई होने की शिकायत की थी। कलेक्टर बैतूल ने मामले में अद्यतन जानकारी देते हुए बताया कि प्रबंधक पर एफआईआर की गई, फिर उससे वसूली भी की गई है।

### इंदौर स्थित उनके निवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर परिजनों को बंधाया ढांढस



# सीएम व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने सलूजा को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का बुधवार को इंदौर में हार्ट अटैक से निधन हो गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने शुक्रवार को इंदौर स्थित उनके निवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश सगठन महामंत्री हितानंद ने नरेंद्र सलूजा के निधन पर शोक व्यक्त किया।

#### सलूजा भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थेः डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरेंद्र सलूजा के निज निवास 195, रानीबाग मुख्य इंदौर पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र सलूजा का असामयिक निधन भाजपा के लिए बड़ी क्षति है। सलूजा भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थे। पार्टी ने होनहार व्यक्ति को खो दिया है यह दुखद है। मैं भगवान से कामना करता हूं कि सलूजा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।*

#### सलूजा का हमारे बीच से जाना पार्टी के लिए बड़ी क्षति : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने नरेंद्र सलूजा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र सलूजा का असमय निधन भाजपा परिवार के लिए बड़ी क्षति है। पार्टी ने एक अच्छे वक्ता को खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## जातिगत जनगणना राहुल गांधी और कांग्रेस की जीत हैः टेकाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष राजू टेकाम ने पीसीसी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कहा कि जातिगत जनगणना राहुल गांधी की जीत है। हम इसका समर्थन करते हैं, लेकिन केंद्र सरकार स्पष्ट टाइमलाइन बताए कि यह कब तक होगी।

तेलंगाना सरकार ने इसका उत्कृष्ट मॉडल पेश किया है। अब समय आ गया है कि 50% आरक्षण की सीमा को तोड़ा जाए। पिछड़ा वर्ग के कार्यकारी अध्यक्ष पवन पटेल ने कहा कि यह राहुल गांधी के अथक प्रयासों की जीत है। जिस तरह महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाई थी, उसी तरह राहुल गांधी देश को भाजपा की नीतियों से आजाद कराएंगे। वहीं अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार का कहना है कि जातिगत जनगणना सामाजिक न्याय और समता मूलक समाज की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## जनजातीय छात्रों के लिए 51 छात्रावासों की स्वीकृति : मंत्री शाह

**भोपाल।** केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) में जनजाति वर्ग के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए 51 छात्रावासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अभियान में ऐसे 1296 गांव चिन्हित किए गए हैं, जहां 5 किमी में कोई भी माध्यमिक विद्यालय संचालित नहीं है। ऐसे गांवों में छात्रावासों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह जानकारी देते हुए जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि जनजातीय छात्रावासों के लिए विद्यालय रहित चिन्हित ग्रामों में अभी तक 51 छात्रावासों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।

## आठ हजार पेड़ों को बचाने कर्मचारी मंच अब करेगा चिपको आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के रत्नागिरी अयोध्या बायपास पर काटे जा रहे आठ हजार हरे भरे पड़ों को बचाने के लिए मप्र कर्मचारी मंच 18 मई को चिपको आंदोलन कर विरोध जताएगा। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए आठ हजार हरे पेड़ों को काटे जाने का निर्णय प्रशासन ने लिया है। जिसका विरोध भोपाल की जनता एवं सामाजिक संगठन कर रहे हैं।

अब मप्र कर्मचारी मंच ने भी निर्णय लिया है कि भोपाल के पर्यावरण एवं हरे-भरे पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन करके निर्णय का वापस लेने की मांग की जाएगी। पांडे ने कहा कि एक



तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक पौधा मां के नाम लगाने का अभियान चलाया था। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने एक पौधा लाड़ली लक्ष्मी के नाम लगाने का अभियान का श्री गणेश किया है। वहीं दूसरी तरफ अयोध्या बायपास पर लगे आठ हजार पेड़ों को काटने का निर्णय लिया गया है। कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री से मांग कि पेड़ों को काटने का निर्णय वापस लिया जाए।

**जीपीएस और नेविगेशन सहित अन्य आधुनिक तकनीकी से होंगी लैस**

## नक्सल क्षेत्रों में तैनात जवानों को मिलेंगी हाईटेक बाइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के नक्सल क्षेत्रों में तैनात जवानों को आधुनिक तकनीक से लैस बाइक मिलेगी। पुलिस मुख्यालय की स्पेशल ब्रांच जल्द ही पुलिसकर्मियों को बाइक उपलब्ध कराएगी। फिलहाल अक्सर चलाए जाने वाले नक्सली ऑपरेशन्स के हिसाब से इन बाइक को तैयार किया जा रहा है। अभी पुलिसकर्मियों के लिए इस तरह की जो 100 बाइक खरीदी गई है वो ब्लैक कलर की वन फिफ्टी पल्सर है।

खरीदी के बाद भोपाल में 100 बाइक स्पेशल ब्रांच के पास पहुंच चुकी हैं। बालाघाट, उमरिया, सिवनी, अनूपपुर मंडला, डिंडोरी जिलों में तैनात पुलिसकर्मियों को इस तरह की बाइक उपलब्ध कराई जाएंगी। उक्त वाहनों में नक्सली क्षेत्रों के हिसाब से कुछ ऐसे उपकरण लगाए जा रहे हैं, जो सघन वन क्षेत्र में भी गश्ती के दौरान संपर्क बनाए रखें, साथ ही रूट को भी सर्च करें।



#### मुख्यालय अफसरों से बना रहेगा संपर्क

*हाईटेक उपकरणों से लैस इन टू व्हीलर वाहनों का एक फायदा यह भी रहेगा कि घने जंगल में भी कम्युनिकेशन डिवाइस की मदद से वह अपने मुख्यालय अधिकारियों से भी संपर्क में बना रहेगा। देखा जाए तो अक्सर नक्सली क्षेत्रो में मोबाइल नेटवर्क के कवरेज की दिक्कत आती है, ऐसे में इस तरह की हाईटेक बाइक पुलिसकर्मियों के लिए मददगार साबित होगी। इन बाइक्स को खरीदने के लिए राशि केंद्र सरकार की ओर से मंजूर की गई है। पुलिस की टेक्निकल कमेटी के अप्रूवल के बाद बाइक पुलिसकर्मियों को सौंप दी जाएगी।*

### डॉ. यादव ने कहा, बेटियों के लिए अद्भुत है लाड़ली लक्ष्मी योजना

# मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम' अभियान में लगाए पौधे, दीं शुभकामनाएं

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की सभी बेटियों, बहनों और माताओं के कल्याण के लिए सरकार हमेशा आगे रही है। बेटियों के जन्म को प्रोत्साहन देने और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना तैयार कर 1 अप्रैल 2007 से लागू की थी। यह योजना बेटियों के जन्म को प्रोत्साहन देने और प्रदेश के जेंडर रेश्यो में उत्तरोत्तर सुधार के लिए विश्व की एक अद्भुत योजना है।

इसमें बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई और उनका विवाह होने तक भी सरकार द्वारा अभिभावकों को आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि बेटियों को कोई भी माता-पिता बोझ न माने, बेटियों की पढ़ाई-लिखाई की चिंता से मुक्त रहें और सिर्फ उनके सुनहरे भविष्य के निर्माण में ही अग्रसर रहें। इस योजना को आशातीत प्रतिसाद मिलने से प्रदेश में जेंडर रेश्यो में बढ़ोतरी हुई है। डॉ. यादव शुक्रवार को लाड़ली लक्ष्मी योजना दिवस के अवसर पर स्टेट हैंगर परिसर में पौधरोपण के पश्चात लाड़ली लक्ष्मियों को संबोधित कर रहे थे।

**बेटियों, बहनों और माताओं के लिए सरकार हमेशा आगे**



#### आम, आंवला, संतरे और नींबू के पौधे लगाए

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान के तहत भोपाल जिले की 25 से अधिक लाड़ली लक्ष्मी के साथ आम, आंवला, संतरे और नींबू के पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर माता-पिता को अपनी बेटियों के नाम एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उस पौधे का अपनी संतान की तरह पालन पोषण करना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रारंभ से अब तक 50 लाख 45 हजार से अधिक लाड़ली लक्ष्मियों का पंजीयन किया जा चुका है। कार्यक्रम में आईं सभी लाड़ली लक्ष्मियों ने फूल देकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया और उनके साथ पौधरोपण किया। उन्होंने प्रदेश की सभी बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव की शुभकामनाएं देते कहा कि वे जितना अधिक हो सके, खूब पढ़-लिखकर अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ें। उनके भविष्य की चिंता हमारी सरकार करेगी। डॉ. यादव ने कहा कि बेटियों को हर कदम पर जरूरी मार्गदर्शन और मदद मुहैया कराई जाएगी। कार्यक्रम में नगर निगम भोपाल के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित थे।*

## 16 हजार किसानों ने लिया पांच रुपए कृषि पंप कनेक्शन

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्यक्षेत्र में ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को मात्र पांच रुपए में स्थायी कृषि पंप कनेक्शन उपलब्ध करा रही है। जब से यह योजना शुरू हुई है तब से अब तक इस योजना का लाभ 16 हजार 545 ग्रामीण कृषकों को मिल चुका है। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा है कि कृषि पंपों के कनेक्शनों की संख्या बढ़ाए जाने हेतु ऐसे कृषक जो विद्युत की उपलब्ध लाइन के समीप स्थित हैं उनको सुविधानुसार आसानी से स्थाई कृषि पंप कनेक्शन दिया जा रहा है। नवीन कृषि पंप हेतु स्थायी विद्युत कनेक्शन का आवेदन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से किया

# 'रेड 2' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा द भूतनी से आगे निकली थंडरबोल्ट्स

**मुंबई।** गुरुवार 1 मई को अजय देवगन की 'रेड 2' ने सिनेमाघरों में दस्तक दिया। यह फिल्म अजय देवगन की साल 2018 में आई 'रेड'की सीक्वल है। 'रेड 2' ने पहले दिन अच्छा-खासा कलेक्शन किया है। इसके साथ ही संजय दत्त की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' भी रिलीज हुई, लेकिन फिल्म ने पहले दिन ही निराश कर दिया। कमाई के मामले में यह लाखों के आंकड़े में ही रह गई। 'द भूतनी'से बेहतर एमसीयू की 'थंडरबोल्ट्स'ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कमाई की है। दूसरी ओर 'केसरी 2' ने भी अपने पांव जमाए रखे हैं।



*रेड 2 : अजय देवगन ने 'रेड 2' से दमदार वापसी की है। अभिनेता की पिछली कुछ फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थीं। इस साल की शुरुआत में अजय देवगन 'आजाद'में नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी थी। इस फिल्म से उनके भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने डेब्यू भी किया है। गुरुवार को 'रेड 2' ने बॉक्स ऑफिस से 18.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।*

**द भूतनी:** अजय देवगन की 'रेड 2' का सामना करने के लिए संजय दत्त की 'द भूतनी' सिनेमाघरों में उतरी थी, लेकिन यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' में संजय दत्त, मौनी रॉय और पलक तिवारी जैसे कलाकार हैं। बावजूद इसके फिल्म की कमाई का आंकड़ा लाखों में ही रहा। ओपनिंग डे पर फिल्म ने महज 65 लाख रुपए का कलेक्शन किया है।

### थंडरबोल्ट्स

एमसीयू की हॉलीवुड फिल्म 'थंडरबोल्ट्स'ने भी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल्म के ओपनिंग डे कलेक्शन की बात करें तो इसने चार करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।

### केसरी 2

इस बीच अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पांव जमा रखे हैं। फिल्म की कमाई में गिरावट तो आई है, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। नई फिल्मों के आने से उस पर कुछ खास असर पड़ता हुआ दिखाई नहीं दिया। फिल्म ने गुरुवार को 1.80 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 74.75 करोड़ रुपए हो गई है।


**IN THE HIGH COURT OF MADHYA PRADESH PRINCIPAL SEAT AT JABALPUR**

**CAVEAT NOTICE**

CAVEATOR Barkatullah Univeristy, through Its Registrar, Barkatullah University, Bhopal. MP

Versus

CAVEATEE General Public

That, earlier caveators Barkatullah University, Bhopal, issued a Advertisement on 29.03.2022, for the post of Teachers, thereafter that was cancelled and fresh advertisement for the post of Assistant Professor and various subjects.

That applications are invited for filling the post in the caveator University where appointment is likely to take place.

Any person from public at large aggrieved by the recruitment process may file a writ petition before the Hon'ble Court of Madhya Pradesh and may pray for the stay to the recruitment process of the advertisement No. विज्ञापन क्रमांक 525/प्रशा./विज्ञापन/2025 भोपाल, दिनांक 01.05.2025 by the caveator University.

It is prayed that the caveator / proposed respondent apprehend that during the course, of appointment and recruitment, writ petitions may be preferred by the aggrieved parties seeking interim relief / reliefs. The caveator has engaged Shri A. Raizada Advocate as his counsel to argue and oppose the application for interim relief filed by the proposed petitioner along with their petition. In the facts and circumstances of the case this Hon'ble Court may kindly permit the caveator to appear through his counsel and argue his case at the time of hearing on the application for grant of interim relief.

It is, therefore, prayed that this Hon'ble Court may kindly allow this application and permit the caveator to appear and argue at the time of hearing on the petition / interim application, if any filed by the proposed petitioner, in the interest of justice.

**A. Raizada** **Registrar**
**Barkatullah University, Bhopal**
**Advocate**
**1560. Prabhat Pul, Napier Town,**
**Jabalpur** M.P. Madhyam/119897/2025


## श्रद्धा ने एडम मोसेरी का मुंह कराया मीठा, खिलाई घर पर बनी पूरन पोली



**मुंबई।** 'वेव्स 2025' का आगाज 1 मई को हो गया है। इस समिट में सिनेमा की दुनिया की कई दिग्गज हस्तियां शिरकत कर रही हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन आमिर खान और करीना कपूर खान के बाद, श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी के साथ बातचीत की। इस दौरान श्रद्धा कपूर ने मोसेरी के साथ जेन जेड कंटेंट का उपभोग कैसे करते हैं विषय पर चर्चा की। अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने एडम मोसेरी का स्वागत पूरन पोली खिलाकर किया। सत्र शुरू होने से पहले अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के हेड एडम मोसेरी का स्वागत किया। अभिनेत्री उनके लिए घर का बना पूरन पोली लेकर आईं। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे पता है कि आप फैंसी जगहों पर खाना खा रहे हैं और आपने भारतीय भोजन का स्वाद चखा है।

## पेज एक का शेष

### पहलगाम हमले पर ...

किसी भी रूप में जिम्मेदार है तो उसे भारत के साथ मिलकर आतंकियों को पकड़ने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में सहयोग करना चाहिए। साथ ही वेंस सुझाव देते हुए कहा कि व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की नौबत न आए इसका भी ख्याल रखना पड़ेगा।

इधर, भारत अपनी तैयारियों में लगा हुआ है। उप्र के शाहजहांपुर स्थित गंगा एक्सप्रेसवे पर भारतीय लड़ाकू विमानों की गड़गड़ाहट ने डरे हुए पाकिस्तान को और अधिक डरा दिया है। यहां आधा दर्जन से अधिक लड़ाकू विमानों ने अभ्यास किया,जिसमें राफेल,एसयू-30, एमकेआई, मिराज-2000,मिग-29,जगुआर, सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस, एएन-32 के अलावा एमआई-17 वी 5 हेलिकॉप्टर शामिल रहे। शाम ढलने के बाद एक विशेष पल तब आया, जब रात 9 से 10 बजे के बीच वायुसेना ने दुर्लभ 'नाइट लैंडिंग' का प्रदर्शन किया। भारतीय वायुसेना के इतिहास में गौरव का एक और अध्याय जुड़ गया। अब भारत भी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग कराने वाले चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है।

**पाक पीएम सहित क्रिकेटरों के अकाउंट ब्लॉक:** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया। इसके अलावा क्रिकेटर बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिए हैं।

**डरे हुए पाकिस्तान में इमरजेंसी जैसे हालात...होटल और मदरसे किए बंद:** पाक अधिकृत कश्मीर में भी हड़कंप मचा हुआ है और वहां के प्रधानमंत्री चौधरी अनवर-उल-हक ने संकेत दिए हैं कि यदि हालात बिगड़ते हैं तो क्षेत्र में आपातकाल लागू किया जा सकता है। नीलम घाटी और नियंत्रण रेखा के निकटवर्ती संवेदनशील इलाकों में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। भारत की संभावित सैन्य कार्रवाई की आशंका के बीच सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर नीलम घाटी और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निकटवर्ती संवेदनशील इलाकों में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही धार्मिक मदरसों को 10 दिनों के लिए बंद करने का आदेश भी दिया गया है।

### भारत पर 10 लाख ...

है, तथा यह संभवतः साइबर वार भी हो सकता है। हालांकि उन्होंने बताया कि इनमें से कई अटैक्स को राज्य पुलिस की साइबर क्राइम की जांच शाखा ने रोक दिया।

### बॉर्डर पार बैठे अपने...

लश्कर-ए-तैयबा ने आईएसआई और पाकिस्तान आर्मी के साथ मिलकर इस हमले की साजिश रची थी। दो संदिग्ध हाशमी मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई उर्फ तलहा भाई - पाकिस्तानी नागरिक हैं। वे बॉर्डर पार बैठे अपने आकाओं से लगातार संपर्क में थे और उनसे निर्देश ले रहे थे। अब तक 2800 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। 150 से ज्यादा लोग अभी भी हिरासत में हैं। घटनास्थल पर 40 से ज्यादा कारतूस मिले हैं। इन्हें जांच के लिए भेजा गया है। जांचकर्ताओं ने इलाके का 3डी नक्शा भी बनाया है और आसपास के मोबाइल टावरों से डेटा निकाला है।

### विदिशा में बारातियों...

पिकअप आरी घाट के पास पहुंची। तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप में कई बच्चे और महिलाएं सवार थीं। वाहन पलटने के बाद चीख पुकार मच गई और सड़क पर तीन लाशें पड़ी थीं। कई लोग घायल होकर कराह रहे थे। सूचना मिलते ही लटेरी एसडीओ अजय मिश्रा घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सभी बाराती पत्थर की सिलबट्टी बनाने का काम करते हैं। देर रात कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित कासवानी लटेरी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायलों से बातचीत की। हादसे में मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया हैं। गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज...

लगाते हुए इस मौत के लिए कॉलेज प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। इधर, मृतका के प्रेम संबंध की बात उजागर हुई है। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की वार्डन पूजा जारोलिया ने बताया कि छात्रा का नाम भगवतपुरा इछावर निवासी रक्षा नायक (19) है। रक्षा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा थी और वो हॉस्टल के कमरा नंबर 17 में रहती थी। गुरुवार रात साढ़े 10 बजे रक्षा के लिए किसी का फोन आया, जो खुद को उसका भाई बता रहा था।

### अपने ही दो बच्चों...

निर्ममता से हत्या कर दी। घटना के वक्त बच्चों की मां मंजू अपने बड़े बेटे पंकज के साथ घर से बाहर थी। मंजू ने पुलिस को बताया कि बीती रात पति सिकदार ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। अपनी जान बचाने के लिए वह पंकज को लेकर घर से भाग गई, जबकि दो छोटे बच्चे घर पर ही रह गए। सुबह जब मंजू घर लौटी तो देखा कि आकाश और विकास खून से लथपथ आंगन में पड़े थे। दोनों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार, जितेश कुमार गर्ग ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है और पूर्व में भी इस प्रकार की हरकतें कर चुका है।

### घर पर पेड़ गिरने...

कमरे के मलबे के नीचे ज्योति पत्नी अजय उम्र 26 वर्ष और उसके तीन बच्चे दब गए, जिनको पुलिस और दमकलकर्मियों की मदद से मलबे से निकाल कर राव तुला अस्पताल जाफरपुर कलां में ले जाया गया। जहां चारों को मृत घोषित कर दिया गया। पांचवां व्यक्ति अजय पुत्र फूल सिंह कुशवाह मामूली रूप से घायल है। मौसम विभाग ने तीन दिन दिल्ली में बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही 70 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका भी जताई थी।

### केदारनाथ धाम के...

खोल दिए गए। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के पावन पल के साक्षी बने। मंदिर के कपाट खुलते ही केदारघाटी हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी। कपाट खुलने से कुछ ही देर पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी केदारनाथ पहुंचे और कपाट खुलने के बाद दर्शन किए। वहीं पीएम मोदी के नाम से धाम में पहली पूजा हुई।कपाटोद्घाटन के लिए मंदिर को 108 क्विंटल फूल-मालाओं से सजाया गया है।कपाट खुलते ही हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। वहीं, शासन, प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों के साथ ही सुरक्षा बल भी तैनात है। केदारनाथ में 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के रात्रि प्रवास की व्यवस्था की गई है। वहीं, श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि कपाट खुलने के बाद से दर्शन के लिए टोकन व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।

### बादलों ने गिराया...

आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बादलों के बावजूद रतलाम में पारा 44.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसके साथ आधा दर्जन जिलों में पारा 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा, यहां पहले 44 डिग्री तक पारा पहुंच गया था। शनिवार को जबलपुर, ग्वालियर, मुरैना, भिंड समेत 22 जिलों में पानी गिरने का अनुमान लगाया गया है। शुक्रवार को 5 जिले जिसमें छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की बौछारें गिरीं। प्रदेश में अगले चार दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहने का अनुमान है। हालांकि कुछ जिलों में दिन में गर्मी रहेगी, जबकि शाम के बाद मौसम बदलेगा।

### आज इन जिलों...

रफ्तार 50 से 60 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, नीमच, मंदसौर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, दमोह, सागर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, सीहोर, रायसेन, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में गरज-चमक और हल्की बारिश होने के आसार है।

### खंडवा, खरगौन में...

पारा 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा। खंडवा में 43.1 डिग्री और खरगौन में 43 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 41.6 डिग्री, इंदौर में 41.4 डिग्री, ग्वालियर में 36.6 डिग्री और जबलपुर में 38.1 डिग्री दर्ज किया गया।

### संतों ने धर्म की...

अंबेडकर कामधेनु योजना के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सांस्कृतिक पर्वों एवं त्यौहारों को समाज के साथ समारोहपूर्वक मनाएगी। सनातन संस्कृति से जुड़ाव और सामाजिक आयोजनों के लिए सम्पूर्ण प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास और संस्कृति विभाग द्वारा एकात्म धाम, ओंकारेश्वर में आदिगुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव पर पंच दिवसीय 'एकात्म पर्व' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने की। इस अवसर पर महर्षि संदीपनी वेद विद्या पीठ ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एकात्म धाम की यज्ञशाला की पवित्र यज्ञ-वेदी में आहुति दी। उन्होंने यज्ञ की परिक्रमा कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना के साथ साधु-संतों के साथ आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित की।

### गुरु शंकराचार्य ...

अनेक महान कार्य किए। गुरु शंकराचार्य की चेतना शास्त्र परंपरा से हमारा परिचय कराती है। भारत को शक्ति संपन्न बनने के लिए ज्ञान, आध्यात्म, शास्त्र एवं शस्त्र सभी विधाओं की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने संतों का स्वागत कर एकात्म धाम : एकात्मता की यात्रा पुस्तक का विमोचन किया। इस मौके पर अद्वैत वेदांत के आचार्य स्वामी विदितात्मानंद सरस्वती एवं प्रो. वी कुटुम्ब शास्त्री का अलंकरण किया गया। कार्यक्रम में अद्वैत जागरण युवा शिविर पर केंद्रित फिल्म प्रदर्शित की गई।

### नागा सन्यासी ...

को समृद्ध करने का अवसर मिला है। वर्तमान काल में ज्ञान के साथ भारत को शक्ति संपन्न बनने की आवश्यकता है। जूना अखाड़ा में लोगों ने नागा सन्यासी बनकर धर्म की स्थापना के लिए सांसारिक जीवन का त्याग कर दिया। आज शस्त्र के साथ शास्त्र के तालमेल की आवश्यकता है। विगत 1400 साल में शंकराचार्य के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा और शस्त्रों का अद्वितीय रूप दिखाई देता है।

### सांस्कृतिक मूल्यों का...

संवर्धन हो, उज्जैन में सिंहस्थः 2028 को कैसे वैश्विक रूप से भव्यता प्रदान की जाए, इन कार्यों के लिए मुख्यमंत्री एक दूरगामी सोच रखते हैं। भगवान ने उन्हें इन कार्यों के लिए चुना है। मां नर्मदा, क्षिप्रा और ओंकारेश्वर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को यहां भेजा है।





**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम ANIL KUMAR JATAV था जो की पासपोर्ट में अंकित है S/O NARAYAN SINGH जो अब बदल कर मुझे नए नाम ANIL KUMAR SINGH हो गया है अब मुझे नए नाम ANIL KUMAR SINGH से जाना वह पहचाना जाए ADD :- SEETA RAM KI LAVAN, GORAM, GORMI BHIND M.P.-477660

**हरिभूमि**
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चो की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5855



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5854 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5865

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5864 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# चीनी व्यापार संगठन का चीनी एमएसपी, एथनॉल की कीमतों में संशोधन का आग्रह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीनी व्यापार संगठन अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ ने सरकार से बढ़ती उत्पादन लागत और चीनी मिलों पर पड़ रहे आर्थिक दबाव के मद्देनजर चीनी के न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा एथनॉल की कीमतों में संशोधन करने का शुक्रवार को आग्रह किया।

फरवरी 2019 से चीनी का एमएसपी 31 रुपए प्रति किलोग्राम पर यथावत बना हुआ है। यहां तक कि गन्ने के रस व 'बी-हैवी' शीरा से बने एथनॉल की (एक्स-मिल) कीमत भी 2023-24 से क्रमशः 65.60 रुपए प्रति लीटर तथा 60.70 रुपए प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रखी गई। हालांकि, गन्ने का समर्थन मूल्य या उचित व लाभकारी मूल्य हर वर्ष बढ़ाया जाता रहा है। अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी 2025-26 सत्र के लिए इसे 15 रुपए बढ़ाकर 355 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

## 2019 से चीनी का एमएसपी 31 रुपए प्रति किलोग्राम पर कायम

### कीमतों को संशोधित करना जरूरी

अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ के चेयरमैन प्रफुल विठलानी ने बयान में कहा, 'किसानों, उपभोक्ताओं, एथनॉल कार्यक्रम और वित्तीय संस्थानों, जिन्होंने चीनी उद्योग में भारी निवेश किया है... उनके हित में चीनी के एमएसपी तथा एथनॉल की कीमतों को उत्पादन की मौजूदा लागत के अनुरूप संशोधित करना जरूरी है।' उन्होंने कहा कि एफआरपी अब गन्ना उत्पादन की लागत का 105.2 प्रतिशत है। एफआरपी में वृद्धि ने गन्ने को सबसे अधिक लाभकारी फसल के रूप में अपनी जगह बनाए रखने में मदद की है। हालांकि, प्रसंस्करण उद्योग की वित्तीय व्यवहार्यता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।



### खतरे में एथनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम

एआईएसटीए ने एथनॉल की कीमतों पर इस बात पर जोर दिया कि 'एथनॉल मूल्य निर्धारण लाभकारी न होने से देश का एथनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम खतरे में आ सकता है, जिससे चीनी मिलों की वित्तीय व्यवहार्यता कमजोर हो सकती है जिन्होंने आसवन क्षमता में भारी निवेश किया है।' इससे उद्योग पर बिना बिकी चीनी के भंडार का बोझ बढ़ सकता है, खासकर तब जब सत्र 2025-26 में चीनी उत्पादन स्थिर रहने का अनुमान है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, जिंस की कीमतों में भारी गिरावट आने वाली है जिससे निर्यात अव्यवहारिक हो जाएगा।

### मिलें वहन कर रही अधिक लागत

एआईएसटीए के अनुसार, 2019 से गन्ने के एफआरपी में 29 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में राज्य परामर्श मूल्य तय करने वाली मिलों को गन्ने की बहुत अधिक लागत वहन करनी पड़ती है। मजदूरी, रसायन, परिवहन, पैकिंग सामग्री आदि सहित कच्चे माल की लागतों में पिछले छह वर्ष में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसलिए वर्तमान लागत के साथ चीनी के एमएसपी का संरेखण सबसे महत्वपूर्ण है। चीनी व्यापार संगठन ने कहा, 'ऐसा न करने पर परिचालन लाभहीन हो जाएगा और उद्योग की स्थिति खराब हो सकती है जिससे किसानों, उपभोक्ताओं तथा समग्र अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा।'

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री रविन्द्र त्रिवेदी पुत्र श्री नरेन्द्र नाथ त्रिवेदी निवासी ई-1/143 अरेरा कालोनी भोपाल के स्वत्व एवं स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान क्रमांक ई-1/143 प्लाट का क्षेत्रफल 60 गुणित 100 बराबर 6000 वर्ग फिट, अरेरा कालोनी भोपाल से क्रय कर रहा है जिसे ऋण कि सुरक्षा हेतु एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में बंधक रखा जाना है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त सम्पत्ति को विक्रय करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्थान को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है या उक्त सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई भार, संव्यवहार, विक्रय अनुबंध, लेन-देन आदि है हो तो सूचना प्रकाशन के 02 दिवस के अंदर दस्तावेजी प्रमाण के साथ नीचे दिये पते पर आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि उपरांत यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति को विक्रय करने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है तथा सम्पत्ति सभी भारों से मुक्त है। समयावधि उपरांत प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

भवदीय शैलेन्द्र शर्मा अधिवक्ता
कार्यालय क्र. 444-445 बी.डी.ए. लायर्स चेम्बर, जिला न्यायालय अरेरा हिल्स भोपाल मोबाईल नं. 9826327812

## खबर संक्षेप

### रुपया एक पैसे बढ़कर 84.53 पर बंद



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को एक पैसे की बढ़त के साथ 84.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश जारी रहने और मजबूत घरेलू आंकड़ों के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में रुपया एक समय सात महीने के उच्च स्तर 83.76 पर पहुंच गया।

### उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 260 अंक चढ़कर बंद



**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद, रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह और विदेशी पूंजी का प्रवाह जारी रहने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 260 अंक और निफ्टी में 12.50 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख से भी निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला।

### मोदी सख्त वार्ताकार, भारत के साथ व्यापार समझौता जल्द

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'सख्त वार्ताकार' बताने के साथ ही उम्मीद जताई है कि भारत जवाबी शुल्क से बचने के लिए व्यापार समझौता करने वाले शुरुआती देशों में शामिल होगा। इसके साथ ही वेंस ने भारत पर लंबे समय तक व्यापार में अमेरिका का फायदा उठाने का आरोप भी लगाया।



### पंडा ने सेल के वित्त निदेशक का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** अशोक कुमार पंडा ने सार्वजनिक क्षेत्र की स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के निदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वह कंपनी के वित्त प्रभाग के कार्यकारी निदेशक थे। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि बुधवार को कार्यभार संभालने वाले पंडा ने 1992 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया था।



### डिप्टी गवर्नर के विभागों में किया फेरबदल



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने डिप्टी गवर्नर के विभागों में शुक्रवार को फेरबदल किया। हाल ही में पदभार संभालने वाली पूनम गुप्ता को प्रमुख मौद्रिक नीति विभाग का प्रभार दिया गया है। आरबीआई के चार डिप्टी गवर्नर हैं। केंद्रीय बैंक ने गुप्ता को डिप्टी गवर्नर नियुक्त करने और कार्यभार संभालने के बाद उनके विभागों में फेरबदल किया। पूनम गुप्ता को मौद्रिक नीति के अलावा कॉर्पोरेट रणनीति व बजट, संचार एवं वित्तीय स्थिरता सहित सात अन्य विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## 'सूचकांक' अप्रैल में बढ़कर 58.2 हो गया

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 10 महीने के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि की गति में अप्रैल में सुधार हुआ और उत्पादन जून 2024 के बाद सबसे तेज गति से बढ़ा है। शुक्रवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' अप्रैल में बढ़कर 58.2 हो गया जो मार्च में 58.1 था। यह 10 महीने में इस क्षेत्र में सबसे मजबूत सुधार का संकेत है।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। उत्पादन वृद्धि में नवीनतम सुधार में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक नए व्यवसाय में तेज वृद्धि थी। विनिर्माण क्षेत्र की विस्तार दर को बेहतर घरेलू व अंतरराष्ट्रीय मांग से समर्थन मिला। सर्वेक्षण के अनुसार, कुल बिक्री को अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में तेज वृद्धि से समर्थन मिला।



### नया कारोबार 14 वर्ष में सबसे अधिक

सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में विदेश से नया कारोबार 14 वर्ष में सबसे अधिक स्तर पर बढ़ा। इस मांग का अफ्रीका, एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका ने नेतृत्व किया। एचएसबीसी के मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' अप्रैल में नए निर्यात ऑर्डर में उल्लेखनीय वृद्धि भारत में उत्पादन में संभावित बदलाव का संकेत दे सकती है, क्योंकि व्यवसाय उभरते व्यापार परिदृश्य व अमेरिकी शुल्क घोषणाओं के अनुकूल हो रहे हैं। इस सकारात्मक प्रवृत्ति के साथ रोजगार और क्रय गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।



### बिक्री शुल्क सबसे अधिक बढ़ा

कीमतों के मोर्चे पर, भारतीय वस्तुओं की मजबूत मांग ने कंपनियों की मूल्य निर्धारण शक्ति को बढ़ावा दिया जिससे बिक्री शुल्क अक्टूबर 2013 के बाद सबसे अधिक बढ़ गया। यह कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि के बावजूद था। अप्रैल के आंकड़ों में आने वाले वर्ष में उत्पादन की संभावनाओं के बारे में मजबूत आशावाद स्पष्ट था, जो मांग की मजबूती की उम्मीदों से प्रेरित था। विपणन प्रयासों, दक्षता में वृद्धि और नए ग्राहक पूछताछ ने भी सकारात्मक पूर्वानुमानों को बल दिया। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 विनिर्माताओं के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

### प्राइम फोकस करेगी 3,000 करोड़ का निवेश

मुंबई। प्राइम फोकस ने शुक्रवार को एक 'फिल्म सिटी' स्थापित करने के लिए 3,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इसमें मनोरंजन से जुड़ी हर जरूरी सुविधा होगी। बीएसई में सूचीबद्ध मनोरंजन कंपनी ने यहां 'वेव्स 2025' कार्यक्रम के दौरान इस संबंध में महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI, BETUL DISTT., BETUL

No. 98/Nirman/2025-26 Betul, Dated : 29.04.2025

NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E - Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **CONSTRUCTION OF 01 NOS. HIGHRISE SHED AT MANDI YARD BETUL DISTT. BETUL TENDER No. - 2025_MPSAM_420409_1 (PAC amount Rs. 105.39 Lacs),** The following works Tender to be received **online up to 5:30 PM on 28.05.2025.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **https://mpmandiboard.gov.in**
**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **https://mpmandiboard.gov.in**
M.P. Madhyam/119902/2025 SECRETARY

कार्यालय अधीक्षक सब जेल बेगमगंज जिला रायसेन (म.प्र.)

क्रमांक 738 / निर्वाह/2025 बेगमगंज, दिनांक 28/04/2025

:: ई-टेण्डरिंग चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना ::
:: वार्षिक ठेका वर्ष 2025-26 ::

सब जेल बेगमगंज में परिरूद्ध बंदियों के उपयोग में लगने वाली सामग्री खाद्यान्न सामग्री, सब्जी एवं फल स्वच्छता, विधुत, भवन, स्टेशनरी सामग्री एवं दवाईयां सामग्री की आपूर्ति हेतु म.प्र. जेल आपूर्ति नियम 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम 2015 (यथा संघोधित 2022) के अंतर्गत वार्षिक निविदाएं ऑनलाईन ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 27/05/2025 को सायंकाल 05:30 बजे तक बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक व्यापारीगण निविदा का विवरण www.mptenders.gov.in पर प्राप्त कर सकते है।

सहायक जेल अधीक्षक
सब जेल बेगमगंज
जिला रायसेन म.प्र.

G-12284/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

# जून से भारत निर्मित आईफोन खरीदेगा अमेरिका : टिम कुक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने शुक्रवार को कहा कि जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन की आपूर्ति भारत से की जाएगी। वहीं शुल्क दरों पर अनिश्चितता के बीच चीन अन्य बाजारों के लिए सर्वाधिक आईफोन बनाना जारी रखेगा।

कंपनी की दूसरी तिमाही से संबंधित जानकारी देते हुए एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा कि अमेरिका में बेचे जाने वाले लगभग सभी आईपैड, मैक, एप्पल वॉच और एयरपॉड वियतनाम में बने होंगे। कुक ने कहा, 'जून तिमाही के लिए, हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन भारत में बने होंगे। वहीं अमेरिका में बेचे जाने वाले लगभग सभी आईपैड, मैक, एप्पल वॉच और एयरपॉड उत्पाद वियतनाम में बने होंगे। अमेरिका के बाहर कुल उत्पाद बिक्री में सबसे अधिक हिस्सेदारी चीन की होगी।' उन्होंने कहा कि जून तिमाही में एप्पल के लिए अधिकतर उत्पाद पर शुल्क दर 20 प्रतिशत होगी जो उन उत्पादों के लिए अमेरिका में आयात पर लागू होता है जो चीन में बने हैं। कुक ने कहा, 'इसके अलावा, चीन के लिए अप्रैल में कुछ श्रेणियों के उत्पादों के आयात पर 125 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क घोषित किया गया था।



## ईपीएफओ की योजना निर्माण श्रमिकों के लिए फायदेमंद

**नई दिल्ली।** निर्माण श्रमिकों को भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक व्यवस्था के तहत मिलने वाले लाभ के मुकाबले ईपीएफओ की भविष्य निधि योजना बेहतर सुरक्षा देती है। एक क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने दोनों कानूनों के बीच अस्पष्टता को दूर करते हुए यह फैसला सुनाया।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 264/अपील/24-25
भोपाल , दिनांक 29/04/2025
// सूचना पत्र //

प्रति, 1. श्रीमति नीलिमा सिंह कसाने पत्नी श्री लक्ष्मण सिंह कसाने, म.नं. 246 भारत नगर, भेल भोपाल 2. श्रीमति स्वाती सुखेजा पत्नी रमेश सुखेजा नि.- 183 सेक्टर बी, इन्द्रपुरी, भेल भोपाल 3. श्री अमित जैन आ. राजेन्द्र जैन नि. बी-91 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोहेफिजा भोपाल 4. श्रीमति हुमेरा खान पत्नी श्री मोहम्मद शोएब खान नि. गिन्नौरी स्कूल के पास भोपाल

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्रीमति वंदना मिश्रा उम्र-61 वर्ष विरूद्ध प्रतिअपीलार्थी श्रीमति नीलिमा सिंह कसाने व अन्य द्वारा अधिनस्थ न्यायालय के नामांतरण प्रकरण क्रमांक 6424/अ-6/24-25 पारित आदेश दिनांक 19.11.24 से दुखी एवं व्यथित होकर म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत् अपील आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है। उक्त में यदि आपको या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 13.05.25 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 29/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
तहसील-हुजूर, जिला - भोपाल

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
Office of the Dy. General Managaer (STM-STC) Division, Narmadapuram
Email : eestchbad@gmail.com

NOTICE INVITING E-TENDER

E-Tenders are invited from eligible bidders (A2 and Above Current Registration Certificate) for carrying out the following works on semi turn key basis

| T.S. No. | Name of Work | Approx. Cost of Work (In Lakhs) | EMD | Bid Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| 02 Date 01.05.25 | Installation of 02 No. 63 KVA Xmer for 60 No. House Hold New Connection under DA JUGA Scheme at Village Dhekna under Shivpur Dc under O&M Division Narmadapuram. | 7.20 | 22000/- | 09.05.2025 after 15:30 Hrs. |
| 02 Date 01.05.25 | Installation of 25 KVA Xmer for 31 No. (787240) House Hold Connection DA JUGA New Connection under DA JUGA Scheme at Village Naharkola Kala (Pili Tekri) under S.M.R. Dc under O&M Division Narmadapuram. | 6.18 | 18500/- | 09.05.2025 after 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company **website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the undersigned office.
M.P. Madhyam/119880/2025 DGM (STM & STC)

कार्यालय नगर परिषद बुधनी जिला सीहोर म.प्र.

Website - npbudni.com, Email cmobudni@mpurban.gov.in, ph - 07564-234548
क्र./2025/ई-निविदा/950 // निविदा सूचना // बुधनी दिनांक 02/05/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लयरों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | एन.आई.टी. नम्बर / टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_420979_1 | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जलप्रदाय शाखा अन्तर्गत नवीन सबमर्सिबल मोटरपम्प, क्रय। | 12 माह 5.00 लाख | 2000/- 5000/- | 19.05.2025 |

नोटः-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बुधनी जिला सीहोर म.प्र.




कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग हरदा

// निविदा सूचना //
निविदा सूचना क्रमांक 01/व.ले.लि./2025-26 हरदा, दिनांक 02/05/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_PWDRB_420670 | हरदा | मरम्मत कार्य | संभाग हरदा अंतर्गत समस्त मार्गो पर मरम्मत, पॉट हाल्स, सोल्डर, पुलिया मरम्मत कार्य । | प्रथम आमंत्रण | रू. 80.00 लाख |

उपरोक्त निविदा वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 16.05.2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग हरदा

G-12322/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# भारत को आत्मरक्षा का अधिकार आतंक के दोषियों को नहीं बख्शेगा

आतंकवाद पर अमेरिका को स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। किसी भी आतंकी घटना को अमेरिकी हित के दृष्टिकोण से देखने की जरूरत नहीं है। आतंकवाद केवल और केवल आतंकवाद है और इसके दोषी व साजिशकर्ता कभी माफ नहीं किए जा सकते। खुद अमेरिका ने 9/11 के गुनहगार ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान के सैन्य क्षेत्र एबटाबाद से पकड़कर सजा दी। पहलगाम आतंकी घटना की अमेरिका ने निंदा जरूर की है, लेकिन अमेरिकी प्रशासन ने सीधे तौर पर पाकिस्तान को कंडेम नहीं किया है। अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने, जिनकी भारत यात्रा के दौरान पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ, अमेरिका पहुंचने के बाद पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान को 'कुछ हद तक जिम्मेदार' बताते हुए भारत के साथ सहयोग की उम्मीद जताई। अमेरिका की ओर से बार-बार भारत से संयम बरतने की अपील भी आतंकवाद के खिलाफ कठोर रुख के विपरीत है, जबकि पहलगाम आतंकी हमले में 27 बेकसूर नागरिक मारे गए हैं, जो 2019 में पुलवामा हमले के बाद सबसे भीषण आतंकवादी हमला है। पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्करे तैयबा के प्रॉक्सी गुट द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने आगे बढ़कर इस हमले की जिम्मेदारी ली, इसका सीधा मतलब है कि इस हमले में पाकिस्तान किसी न किसी रूप में लिप्त है। पाकिस्तान ने खुद कई बार स्वीकार किया है कि वह अमेरिकी मदद का इस्तेमाल आतंकवाद को पालने-पोसने में करता रहा है। इसके बाद अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद रोकी व फिर कटौती की। अभी हाल ही में पाकिस्तान के दो-दो मंत्रियों ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान का आतंक का इतिहास रहा है, किसी तीसरे के लिए उसने आतंक को पनाह दी। पाकिस्तान स्थित कई आतंकियों को अमेरिका खुद व संयुक्त राष्ट्र ने ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कर रखा है। अमेरिका को यह भी पता है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ लंबे अर्से से एस्टाब्लिशमेंट प्रायोजित आतंकवाद का इस्तेमाल करता रहा है, अनेक बार भारत ने सबूत दुनिया के सामने रखे हैं, इसके बाद भी अगर अमेरिका पहलगाम घटना के बाद दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय संघर्ष का हवाला देते हुए भारत से संयम बरतने और पाकिस्तान से जांच में सहयोग करने की अपील कर रहा है तो यह उसका कहीं से भी आतंकवाद को लेकर कड़ा रवैया नहीं है। भारत ने अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ और विदेश मंत्री मार्क रूबियो के साथ बातचीत में स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के मामले में भारत किसी देश का दबाव नहीं सहेगा। अमेरिका की ओर से केवल निंदा किए जाने से भारत खुश नहीं है। भारत का स्पष्ट संदेश है कि पहलगाम के दोषियों और उसके साजिशकर्ताओं को सख्त सजा मिलेगी। भारत आतंकवाद के खिलाफ स्टेप बाय स्टेप कदम उठा रहा है, जिसमें सीमा बंदी से लेकर सिंधु जल समझौता को निलंबित करने तक शामिल हैं। अब भारत एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) में पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट कराने की तैयारी में है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) भी भारत व पाक के बीच तनाव पर बैठक करेगी। भारत को आत्मरक्षा का अधिकार है, कोई भी यूं ही आतंकी हमला कर बच नहीं सकता है। इजराइल ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत ही आतंकी गुट हमास के खिलाफ सैन्य एक्शन लिया। भारत सरकार ने भी आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी है। विश्व आतंकवाद के खिलाफ आंख मूंद कर नहीं रह सकता है। यह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का वक्त है, भारत इसका खात्मा करने तक लड़ता रहेगा।

# शुरुआत अच्छी पर चुनौतियां भी कई



विश्लेषण
प्रदीप सरदाना

रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम बनीं तो सबसे बड़ा सवाल यही था कि रेखा क्या इतनी बड़ी जिम्मेदारी ढंग से संभाल सकेंगी? भाजपा की दिल्ली में 26 साल बाद बड़ी मुश्किल से वापसी हुई है। ऐसे में पिछड़ती, प्रदूषित, प्यासी और गंदगी के पहाड़ों से दबी दिल्ली को भाजपा के शासन से ढेरों उम्मीदें हैं। लेकिन रेखा गुप्ता ने अपने दो महीने के कार्यकाल में ही विभिन्न कार्यों, व्यवहार और कामकाज के ढंग से सभी का दिल मोह लिया है। रेखा गुप्ता ने बिना एक पल गंवाए, अपने मंत्रिमंडल के साथ जिस तरह ताबड़ तोड़ काम शुरू किए हैं, उससे आशा बनी है कि वे जल्द ही दिल्ली की रूपरेखा बदल देंगी। यह भरोसा रेखा गुप्ता के पिछले दो महीनों में उनके क्रिया कलापों को देखकर बन रहा है।

पिछले दो महीने से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कामकाज को देखते हुए मुझे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्रियों का स्मरण हो आया। मैं दिल्ली सरकार और उससे पूर्व दिल्ली प्रशासन को लगभग 50 बरसों से करीब से देख रहा हूँ। सन 1993 में नवगठित विधानसभा से पूर्व 1967 से 1990 तक यहां दिल्ली महानगर परिषद थी। परिषद के मुख्य कार्यकारी पार्षद का पद तब मुख्यमंत्री के समतुल्य सा था। मैंने सबसे पहले मार्च 1978 में तत्कालीन मुख्य कार्यकारी पार्षद (सीईसी) केदार नाथ साहनी का इंटरव्यू किया था। वह एक योग्य शासक और बेहद शालीन व्यक्ति थे। दिल्ली में 35 पुनर्वास बस्तियों का निर्माण उन्हीं के कार्यकाल में हुआ।

यूं दिल्ली के अन्य तीन सीईसी से भी मेरी आगे-पीछे मुलाकातें होती रहीं। जिनमें प्रथम सीईसी विजय कुमार मल्होत्रा तो पीजीडीएवी महाविद्यालय में मेरे शिक्षक भी रहे। उन्होंने सबसे पहले हरित और सुंदर दिल्ली पर ध्यान देकर दिल्ली में पेड़-पौधे लगवाने के साथ बहुत से पार्क और फव्वारों का निर्माण भी कराया। दिसंबर 93 से 1998 तक पहले मदन लाल खुराना फिर साहिब सिंह वर्मा और फिर चंद दिनों के लिए सुषमा स्वराज ने दिल्ली सीएम का पद संभाला। उसके बाद 15 बरस तक कांग्रेस की शीला दीक्षित दिल्ली की सीएम बनीं। मैंने इन सभी के भी कई बार इंटरव्यू किए। सभी से कई मुलाकातें हुईं। खुराना, साहिब सिंह और शीला दीक्षित ने तो दिल्ली के विकास के लिए बहुत कुछ किया। हां, दीक्षित भ्रष्टाचार के आरोपों में भी घिरी रहीं। लेकिन पिछले करीब 10 साल में केजरीवाल और आतिशी के कार्यकाल में दिल्ली बुरी तरह पिछड़ गयी। इस दौरान कागजों और भाषणों में ही बहुत कुछ हुआ लेकिन धरातल पर निल बटा सन्नाटा ही रहा। इधर जब गत 20 फरवरी को रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम बनीं तो सबसे बड़ा सवाल यही था कि पहली बार विधायक बनीं रेखा क्या इतनी बड़ी जिम्मेदारी ढंग से संभाल सकेंगी ? भाजपा की दिल्ली में 26 साल बाद बड़ी मुश्किल से वापसी हुई है। ऐसे में पिछड़ती, प्रदूषित, प्यासी और गंदगी के पहाड़ों से दबी दिल्ली को भाजपा के शासन से ढेरों उम्मीदें हैं। लेकिन रेखा गुप्ता ने अपने दो महीने के कार्यकाल में ही विभिन्न कार्यों, व्यवहार और कामकाज के ढंग से सभी का दिल मोह लिया है। रेखा गुप्ता ने बिना एक पल गंवाए, अपने मंत्रिमंडल के साथ मिलकर जिस तरह ताबड़ तोड़ काम शुरू किए हैं, उससे आशा बनी है कि वे जल्द ही दिल्ली की रूपरेखा बदल देंगी। यह भरोसा रेखा गुप्ता के पिछले दो महीनों में उनके क्रिया कलापों को देखकर बन रहा है। असल में रेखा गुप्ता के आरंभिक रंग ढंग दर्शाते हैं कि भाजपा को एक नयी सशक्त नेत्री,अच्छी मुख्यमंत्री मिल गयी है। जो रोग भी पहचानती हैं और उसका उपचार भी अच्छे से जानती हैं। इधर भाजपा के अन्य मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता देखें तो मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने लोकप्रियता के साथ जनता से अपना जो रिश्ता कायम किया वह बेमिसाल है। मध्यप्रदेश से केंद्र में आने के बावजूद शिवराज का अपने राज्य से मोह कम नहीं हुआ। बरसों पहले खुराना का दिल भी सिर्फ दिल्ली के लिए धड़कता था। बाद में वह चाहे केंद्र में मंत्री बने या राजस्थान के राज्यपाल लेकिन वह दिल्ली को नहीं भूल पाये। उनके



सपनों में दिल्ली ही रही। इधर अब उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और असम के हिमंत बिस्वा भाजपा के सर्वाधिक लोकप्रिय सीएम ही नहीं फायर ब्रांड नेता भी हैं। रेखा गुप्ता में भी मुझे शिवराज और खुराना की कुछ झलक तो मिलती ही है। साथ ही सुषमा स्वराज की भी। वह उनकी तरह बन पाती हैं या नहीं यह तो बाद में पता लगेगा, लेकिन सिर्फ दो महीने में ही अपनी कार्यप्रणाली और कामकाज की छाप छोड़कर जो लोकप्रियता उन्होंने पाई है, उससे विपक्ष ही नहीं भाजपा के कई नेता और मुख्यमंत्री तक हैरान हैं।

रेखा गुप्ता ने इन दो महीनों में ही जो बड़े कार्य कर दिखाये, उनमें आयुष्मान योजना सबसे बड़ा कदम है। अभी 28 अप्रैल को 70 और उससे अधिक आयु के दिल्ली के सभी बुजुर्गों के लिए उन्होंने आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी करने शुरू भी कर दिये। इस योजना में पंजीकृत देशभर के अस्पतालों में सभी बुजुर्ग 10 लाख रुपये तक का इलाज पूरी तरह निःशुल्क करा सकेंगे। इससे पहले गरीब व्यक्तियों के लिए भी आयुष्मान कार्ड मिलने का काम 10 अप्रैल को शुरू हो गया। फिर 20 अप्रैल को जल माफिया पर लगाम कसते हुए, दिल्ली सरकार ने जीपीएस युक्त 1111 जल के ऐसे टैंकर शुरू किए जिससे निःशुल्क स्वच्छ जल मिलने के साथ टैंकर की निगरानी भी हो सकेगी। फिर यमुना की सफाई के साथ गंदे नालों की सफाई का काम भी व्यापक स्तर पर शुरू हो गया है। साथ ही 8 मार्च को दिल्ली की गरीब महिलाओं के लिए 2500 रुपये माह की सहायता वाली 'महिला समृद्धि योजना' के लागू करने का कार्य भी शुरू हो चुका है। फिर 25 मार्च को खीर बनाने की नयी परंपरा के साथ एक लाख करोड़ रुपये का दिल्ली का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करना भी बताता है कि दिल्ली की योजनाएं अब धन के अभाव में रुकेंगी नहीं। रेखा गुप्ता की कूटनीति और शिष्टाचार की बात करें तो वह इस दौरान राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष के साथ अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा और निर्मला सीतारमण सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और कुछ मुख्यमंत्रियों से भी अलग से मिलीं हैं। साथ ही भाजपा के उन दिग्गज नेताओं से भी जो आज मुख्यधारा में न होकर लगभग एकांतवास में हैं। यहां तक कि दिल्ली के सभी सांसदों से भी वह घर जाकर मिलीं। उधर रेखा गुप्ता अपनी जड़ों की ओर लौटते हुए अपने दौलतराम कॉलेज की प्राचार्या से मिलीं तो एबीवीपी और दिल्ली विश्वविद्यालय के समारोह में अपनी पुरानी यादों को भी उन्होंने दिल से साझा करते हुए युवाओं को अपने मन के बड़े सपने देखने की सलाह दी। यहां तक कि आरएसएस और अनेक धार्मिक समारोहों में भी वह बराबर शामिल हो रहीं हैं। रेखा ने घर में पहले की तरह विशाल कंजक पूजन भी कराया।

दिल्ली की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए भी उनका दरबार नियमित लग रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी की तरह बिना अवकाश लिए वह जिस तरह लगातार काम कर रही हैं, वह उन्हें बहुतों से अलग और विशेष बनाता है। गत 12 अप्रैल को वह सड़क पर उस व्यक्ति की कार रोक लेती हैं जो चलती कार से गायों को रोटी डाल यातायात जाम और दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है। सीएम उसे विनम्रता से समझाकर हाथ मिला वचन लेती हैं कि वह आगे ऐसे नहीं करेगा। स्कूल की छात्राओं के कार्यक्रम का आयोजन कराकर वह उनके दुख दर्द के साथ उनके सपने भी जानती हैं। उधर निजी स्कूल द्वारा फीस बढ़ाने, गंदे नालों की सफाई न होने के साथ जलभराव और एक विदेशी महिला का पासपोर्ट खो जाने पर रेखा गुप्ता के सख्त तेवर भी साफ दिखाई देते हैं। यदि आगे भी वह इसी गति और स्फूर्ति से कार्य करती रहीं तो एक स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित दिल्ली का स्वप्न जल्द पूर्ण हो सकेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## मानवीय संकट
मुनीष भाटिया



# दक्षिण एशिया में धर्म के नाम पर हो रही हिंसा

दक्षिण एशिया में हिंदू समुदाय आज एक जटिल और गहराते मानवीय संकट का सामना कर रहा है। पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान, ये तीनों क्षेत्र भले ही ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से भिन्न हों, परंतु एक समान पीड़ा में बंधे हुए प्रतीत होते हैं। हिंदू समुदाय पर हो रहे संगठित हमले, उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर पाबंदियां, और शासन की चुप्पी या निष्क्रियता। यह संकट अब किसी एक देश या राज्य तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक वैश्विक मानवाधिकार चिंता का विषय बन चुका है, जिसे नजरअंदाज करना स्वयं मानवता के खिलाफ अपराध होगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला इस संकट का और भी खतरनाक आयाम प्रस्तुत करता है। इस हमले में आतंकवादियों ने निशाना बनाकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या की। यह न केवल मानवाधिकार पर हमला था, बल्कि यह संदेश भी था कि अब धार्मिक पहचान को निशाना बनाना आतंकवाद की रणनीति का हिस्सा बन चुका है। यह मानवाधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता दोनों पर एक गहरा आघात है, जिसकी अनदेखी केवल और अधिक त्रासदी को न्योता देना होगा। पश्चिम बंगाल, जिसे कभी 'सांस्कृतिक राजधानी' कहा जाता था, आज धार्मिक असंतुलन और टकराव का केंद्र बनता जा रहा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों हावड़ा, रिसड़ा, उत्तर 24 परगना, बीरभूम और मालदा में रामनवमी, हनुमान जयंती और दुर्गा पूजा जैसे पारंपरिक धार्मिक आयोजनों पर बार-बार पथराव, हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। धार्मिक जुलूसों पर हमले अब अपवाद नहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति बनते जा रहे हैं। प्रशासन की निष्क्रियता या पक्षपातपूर्ण रवैया इस स्थिति को और भी गंभीर बना देता है। कई घटनाओं में पुलिस की समय पर कार्रवाई नहीं होना, या दोषियों पर सख्त कार्रवाई न करना, यह संकेत देता है कि या तो राज्य प्रशासन इन घटनाओं को गंभीरता से नहीं ले रहा, या फिर राजनीतिक लाभ-हानि की गणना के तहत चुप्पी साधे बैठा है। यह न केवल संवैधानिक मूल्यों का हनन है, बल्कि राज्य के नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है। बांग्लादेश, जो 1971 में धर्मनिरपेक्षता के आदर्श के साथ अस्तित्व में आया था, अब उस मूल भावना से लगातार दूर होता जा रहा है। अक्टूबर 2021 में कमिला और नोआखली जिलों में हुए दंगों के दौरान हजारों हिंदू घर और मंदिरों को जलाया गया, जबकि सरकार और प्रशासन ने देर से कार्रवाई की। यह चुप्पी इस बात का संकेत है कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय, जो अब 8% से भी कम रह गया है, अपने ही देश में असुरक्षित और अकेला महसूस करता है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या बांग्लादेश अपने अल्पसंख्यकों को वह संरक्षण देने में विफल हो गया है जो एक आधुनिक राष्ट्र की जिम्मेदारी होती है? पाकिस्तान में हिंदू समुदाय की स्थिति सबसे अधिक भयावह है। यह देश, जो खुद को इस्लामी गणराज्य घोषित करता है, वहां गैर-मुस्लिमों की धार्मिक स्वतंत्रता हमेशा खतरे में रही है। हिंदू लड़कियों का अपहरण कर जबरन निकाह और धर्मांतरण की घटनाएं आए दिन सामने आती हैं, जिसमें राज्य संरचनाएं कई बार मूकदर्शक बनी रहती हैं। 2020 में कराची और रहीम यार खान में मंदिरों पर हुए हमलों ने वैश्विक मीडिया में सुर्खियां बटोरीं, लेकिन फिर भी कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए। पाकिस्तान में 'ब्लासफेमी लॉ' का दुरुपयोग कर अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं को निशाना बनाना एक हथियार बन गया है, जिसमें झूठे आरोपों के चलते उनकी हत्या तक कर दी जाती है। यह गहन चिंता का विषय है कि जब विश्व के किसी भी कोने में मुस्लिम, ईसाई या अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ अन्याय होता है, तो अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, मानवाधिकार संगठन, और वैश्विक बुद्धिजीवी वर्ग तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं। लेकिन जब पीड़ित हिंदू होता है, चाहे वह बंगाल में हो, बांग्लादेश में या पाकिस्तान में – तो एक प्रकार का मौन छा जाता है। यही मौन सबसे बड़ा अन्याय है। मानवाधिकार की परिभाषा क्या केवल राजनीतिक रूप से 'उपयुक्त' माने जाने वाले समुदायों तक सीमित है? क्या बहुसंख्यक समुदाय के भीतर मौजूद अल्पसंख्यकों की पीड़ा को नकार देना ही उदारवाद है? यह दोहरा मापदंड मानवाधिकार के सार्वभौमिक स्वरूप को अपंग बनाता है और न्याय की अवधारणा को खंडित करता है। आज जब हिंदू समुदाय एक संगठित संकट के दौर से गुजर रहा है, तो हमारी संवेदनशीलता, हमारी नैतिकता और हमारी चुप्पी, सबकुछ इस परीक्षा का हिस्सा है और इस परीक्षा में मौन रहना, सबसे बड़ा अन्याय है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शंकराचार्य को ज्ञान देकर अंतर्धान हो गए भगवान शंकर



संकलित
दर्शन

शंकराचार्य नित्य-प्रति गंगा में स्नान करके तर्पण किया करते थे। सूर्योदय से पूर्व उनकी पूजा पूर्ण हो जाती। एक दिन सूर्योदय होते-होते वे पूजा समाप्त करके विश्वनाथ मंदिर जा रहे थे। उन्होंने देखा कि गली में शमशान घाट में काम करने वाला एक व्यक्ति चार कुत्तों को चारों दिशाओं में बिठाए हुए रास्ता रोके खड़ा है। शंकराचार्य ने बहुत नम्र भाव से कहा, 'आप एक ओर हट जाएं तो मैं विश्वनाथजी के दर्शन करने चला जाऊं।' उस व्यक्ति ने शुद्ध संस्कृत में उनका प्रतिवाद करते हुए कहा, 'ओ संन्यासी! मार्ग से किसे हटा रहे हो? मेरे इस शरीर को या इसकी आत्मा को? हमने तुम्हारा शास्त्रार्थ सुना है। तुम्हारा सिद्धांत है कि वह पूर्ण ब्रह्म सर्वत्र सब में, तुम में और मुझ में एक समान विद्यमान है। पर तुम मुझे इस तरह दूर भगा रहे हो मानो मैं तुमसे भिन्न कोई और हूं? यदि तुम इस शरीर को हटाना चाहते हो, जो अन्न से बना हुआ है तो जो मांस-मज्जा तुम्हारे शरीर में है, वही मेरे में है। यदि तुम शुद्ध चैतन्य को अलग करना चाहते हो तो वह तो यहां-वहां सर्वत्र है। फिर तुम किसे हटाना चाहते हो? क्या इस पवित्र गंगा में प्रतिबिंबित सूर्य की आभा उस बिंब से अलग है, जो मेरे निवास स्थान के समीप एक गंदे तालाब में पड़ती हुई दिखाई दे रही है?' उस व्यक्ति की अकाट्य युक्ति सुन कर और संस्कृत भाषा का शुद्ध व्यवहार देखकर शंकर स्तंभित रह गए। उनकी आंखें आश्चर्य से विस्फारित हो उठीं। उन्होंने उसे प्रणाम किया।

## मन एक सेतु की भांति



संकलित
प्रेरणा

दुनिया कभी नहीं रही अराजकता और अव्यवस्था में, केवल मन रहा है। संसार तो परम रूप से व्यवस्थित है। यहां कोई अव्यवस्था नहीं, सुव्यवस्था है। केवल मन ही सदा अव्यवस्था में रहता है और सदा अव्यवस्था में ही रहेगा। मन एक सेतु की भांति है, इसे पार करना है। दूसरे किनारे को प्राप्त करना ही है। और तुमने तो सेतु पर ही घर बना लिया है। तुमने सेतु पर रहना शुरू कर दिया है। तुम मन के साथ जुड़ गए हो। तुम पड़े हो जाल में, क्योंकि तुम कहीं नहीं हो। कैसे तुम कहीं न होने वाली जमीन पर व्यवस्थित हो सकते हो? 'वापस आओ, वापस लौट आओ, उस किनारे पर जिसे कि तुम छोड़ चुके हो।' और वापस लौटना होता नहीं, क्योंकि तुम समय में पीछे की ओर बढ़ नहीं सकते। बढ़ना केवल एक ही है, वह है आगे की ओर- आगे। अतीत तुम पर गहरा प्रभाव बनाए रहता है; क्योंकि तुम होते हो सेतु पर। अतीत भी सेतु पर होने से तो बेहतर लगता है। एक छोटी झोपड़ी भी ज्यादा ठीक होती है, सेतु पर होने की अपेक्षा। कम-से-कम वह एक घर तो है; तुम सड़क पर नहीं होते। तुम्हारे अंतस को निर्विचार कर देने का, मन को गिरा देने का, सेतु पर से सरकने का, अज्ञात में बढ़ने का और रहस्य में छलांग लगा देने का। इसलिए मैं कहता हूं... हिसाब-किताब मत लगाना, क्योंकि वह मन की चीज है। इसीलिए मैं कहता हूं कि आध्यात्मिक खोज सीढ़ी-दर-सीढ़ी नहीं होती, आध्यात्मिक खोज है- एक अचानक छलांग। वह साहस है, वह कोई हिसाब-किताब नहीं। वह बुद्धि की चीज नहीं, क्योंकि बुद्धि है मन का हिस्सा।

## सटाका




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। -मोहन साहू

## करंट अफेयर

### पहलगाम हमला : अमेरिकी कश्मीरी हिंदुओं ने कहा- तय हो जवाबदेही

अमेरिका में रह रहे कश्मीरी हिंदू पहलगाम आतंकी हमले के बाद व्यापक जवाबदेही तय करने और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर जागरूकता पैदा किये जाने की मांग कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम में पिछले हफ्ते मंगलवार को आतंकवादियों के हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। प्रवासी भारतीयों ने कहा कि 22 अप्रैल को अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस की भारत यात्रा के दौरान हुए हमले ने सुरक्षा तैयारियों में चूक और कश्मीर में अल्पसंख्यक समुदायों के खतरों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा की हैं। प्रतिबंधित पाकिस्तानी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक छद्म समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। 'इंडो-अमेरिकन कश्मीर फोरम' (आईएकेएफ) के अंतरराष्ट्रीय समन्वयक डॉ. विजय साजवाल ने दावा किया कि इस हमले को रोका जा सकता था। उन्होंने दावा किया, ''हजारों पर्यटक प्रतिदिन इस मार्ग का उपयोग करते हैं, फिर भी हमले के दिन कोई सुरक्षा व्यवस्था नजर नहीं आई। एक उच्च-स्तरीय राजनयिक यात्रा के बावजूद, बुनियादी जोखिम आकलन को स्पष्ट रूप से नजरअंदाज कर दिया गया।'' साजवाल ने कहा कि ध्यान अक्सर सीमा पार आतंकवाद पर होता है, लेकिन स्थानीय स्तर पर भी उन्हें (आतंकवादियों को) ऐसे लोगों से सहयोग मिलता है।



## ऑफ बीट

### इजरायल की आबादी पहली बार हुई एक करोड़ के पार

इजरायल की आबादी पहली बार 1 करोड़ के पार हुई है। 1948 के बाद से यह पहला मौका है, जब इजरायल की संख्या 10.1 मिलियन हुई है। देश की स्थापना के बाद से अब तक यहूदी मुल्क की आबादी में 12 गुना तक इजाफा हो चुका है। इजरायल के जनसांख्यिकी विभाग के अनुसार बीते साल की तुलना में इजरायल की आबादी में 1 लाख 35 हजार यानी 1.4 फीसदी का इजाफा हुआ है। दिलचस्प बात है कि अब भी यहूदियों की आबादी 80 लाख भी नहीं पहुंची है। इजरायल का संघर्ष पड़ोस के फिलिस्तीन, लेबनान, मिस्र जैसे देशों से लंबे समय से रहा है। 1948 में देश की स्थापना के बाद से ही यह संघर्ष चलता रहा है। ऐसे में यहूदियों और पूरे इजरायल की ही आबादी एक करोड़ से कम होना चर्चा का विषय रहा है। अब इजरायल की आबादी तो एक करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है, लेकिन यहूदियों की संख्या अब भी 80 लाख से नीचे है। आंकड़े के अनुसार इजरायल की आबादी में यहूदियों की संख्या फिलहाल 77.6 फीसदी ही है। देश में 2.1 मिलियन यानी करीब 20 फीसदी मुसलमान, ईसाई और अरब हैं। इसके अलावा ढाई लाख लोग यानी 2.5 फीसदी ऐसे भी हैं, जो किसी भी कैटिगरी में नहीं आते। इनमें विदेशी छात्र, मजदूर और अवैध रूप से वहां पहुंचे प्रवासी शामिल हैं।



## ट्रेंड

### अभिव्यक्ति का अधिकार



लोकतंत्र अभिव्यक्ति और संवाद द्वारा परिभाषित होता है। अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाने से लोकतंत्र कमजोर होता है। यदि अभिव्यक्ति करने वाला स्वयं को सदैव सही व दूसरों को गलत मानता है, तो अभिव्यक्ति का अधिकार विकृत हो जाता है।
-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### दिल्ली को बदलने का काम



ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार दिल्ली को बदलने के लिए मिलकर काम कर रही है। मैं यह वचन देता हूं कि देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थान दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे, और दिल्ली को एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए रास्ता तैयार करेंगे जिस पर हम सभी को गर्व होगा।
-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### प्यारे दोस्तों की देखभाल



हमारे प्यारे दोस्तों के लिए विशेष देखभाल। असम सरकार ने पालतू जानवरों की देखभाल के वास्ते तीन अस्पताल विकसित करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है जो 2025 के अंत तक चालू हो जाएंगे।
- हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### प्रधानमंत्री से आग्रह



पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख में, शहीद के दर्जे की उनकी मांग में, मैं साथ खड़ा हूं। प्रधानमंत्री से आग्रह है कि वो इस त्रासदी में जान गंवाने वालों को यह सम्मान दें।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### प्रभु अभिनंदननाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया

**मंडीदीप।** महावीर कॉलोनी स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दननाथ का गर्भ व मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया। मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप व सचिव अभिनेश जैन आशु ने बताया कि प्रातः श्रीजी का महामस्तिकाभिषेक व शांतिधारा हुई। कमेटी उपाध्यक्ष नरेन्द्र जैन बताया कि जिनालयों में धार्मिक कार्यक्रम हुए। भगवान के जयकारे लगाए गए। इस अवसर .कमेटी के संरक्षक संजय जैन, रमेश चंद जैन, पीयूष जैन, प्रतीक जैन,पारूल जैन सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

### व्यापार महासंघ किराना व्यापार संघ पर 'नजरें'

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ और किराना व्यापार संघ के नेता अपनी ताकत समय-समय पर बताते रहते हैं। व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, वरिष्ठ रमेश वासवानी, रतन मेघानी, कैलाश डब्बू नागर, बल्लू अरोरा, आशीष दीक्षित यह सब मिलकर एकजुट दिखते हैं। वहीं किराना संघ अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, अशोक मित्तल, अशोक सेठी, नीरज चावला, गिरीश चावला, रमेश सेठी, सुधीर कमल, रवि कमल, सुनील वर्धमान, हरिकिशन धमीजा, दिलीप मित्तल, संजय अग्रवाल, अनिल धमीजा यह गुट अपनी ताकत बताता है। इससे विजय जैन, केटी विवेक मित्तल, श्याम मालवीय, संतोष गुप्ता एवं अमित राय ढाबा संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू कहते हैं कि दोनों गुटों को देख रहे हैं। नगर के हित के लिए सभी व्यापारी आगे आए। व्यापारियों के हित में काम करें।

### धोखाधड़ी के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

**विसं. भोपाल।** वेबसाइट में इन्वेस्ट कर अधिक लाभ कमाने का का लालच देकर फरियादी व लोगों के साथ जालसाजी और धोखाधड़ी कर झांसा देकर 32 लाख रुपए फोन-पे से अपने खाते में ट्रांसफर कराने वाले आरोपी शिवम द्विवेदी उम्र 20 साल निवासी आयकर कॉलोनी गुलमोहर भोपाल के अग्रिम जमानत आवेदन को अपर सत्र न्यायाधीश आरपी मिश्र ने शुक्रवार को सुनवाई करने के बाद गंभीर अपराध होने से निरस्त कर दिया। मामले में राज्य सरकार की ओर से जिला लोक अभियोजक पीएन सिंह राजपूत ने उपस्थित होकर आरोपी के अपराध को गंभीर अपराध बताते हुए उसकी ओर से प्रस्तुत किए गए अग्रिम जमानत के आवेदन को निरस्त किए जाने का अनुरोध किया था। अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी द्वारा किए गए अपराध को गंभीर अपराध मानते हुए उसकी ओर से प्रस्तुत किए गए अग्रिम जमानत के आवेदन को निरस्त कर दिया।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 3894 | | |
| दिनः | 136 | 05 | 159 |
| रातः | 344 | 1 | |
| ताराः | | | |
| दिनः | 367 | 68 | 378 |
| रातः | 889 | 50 | 226 |

# तीन दिन पहले दोस्त की बाइक लेकर निकले बीटेक स्टूडेंट का बड़े तालाब में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित खानूगांव में बागो बहार शादी हॉल वाली सड़क के पास तालाब में शुक्रवार सुबह गुमशुदा बीटेक छात्र की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। छात्र गत 30 अप्रैल से लापता था और उसकी गुमशुदगी परवलिया सड़क थाने में दर्ज कराई गई थी। छात्र के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस के अनुसार सुशांत खलको पिता उन्फेस खलको (21) मूलतः गायत्री नगर, आंबेडकर कॉलोनी, कटनी में रहता था। इन दिनों वह परवलिया सड़क इलाके में अपने दोस्त दीपक के साथ किराए के कमरे में रह रहा था और भानपुर स्थित निजी कॉलेज से अपनी मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था।

**खास बातें**
- कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित खानूगांव का मामला
- छात्र गत 30 अप्रैल से लापता था
- गोताखारों ने निकाली लाश

### पुलिस को तालाब से कुछ दूरी पर सड़क पर बाइक खड़ी नजर आई



गत 30 अप्रैल की दोपहर सुशांत दीपक की बाइक लेकर कमरे से निकला था। इसके बाद वह नहीं लौटा। दीपक ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन ने उसके मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन उससे संपर्क नहीं हो सका। लिहाजा पिता कटनी से भोपाल पहुंचे और उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजन और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इस दौरान कोहेफिजा पुलिस को सूचना मिली कि खानूगांव में बागो बहार शादी हॉल वाली सड़क पर तालाब में किसी युवक की लाश पानी में पड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस को तालाब से कुछ दूरी पर सड़क पर एक बाइक भी खड़ी नजर आई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से लाश बाहर निकाली। पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर मालिक का पता लगाया तो पता चला कि उक्त बाइक शुशांत के दोस्त दीपक के नाम पर रजिस्टर्ड है। दीपक से संपर्क करने के बाद परिजन को बुलाया गया। परिजन ने मृतक की पहचान कर ली। तलाशी लेने पर शुशांत के पास से मोबाइल भी मिला था। पुलिस मोबाइल की सीडीआर निकलवा रही है।

### बेटे के गुम होने के बाद भोपाल में ही थे परिजन, दोस्तों से पूछताछ करेगी पुलिस

पुलिस का कहना है कि शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। दरअसल, सुशांत के गुम होने के बाद कटनी से परिवार भोपाल आ गया था और सुशांत के नाना-नानी के निशातपुरा स्थित मकान में रुका हुआ था। परिजन से पूछताछ में पता चला कि सुशांत ने किसी तरह की परेशानी का जिक्र नहीं किया था। वह गुमसुम जरूर रहता था। आत्महत्या के कारण का पता लगाने पुलिस कॉलेज में साथ पढ़ने वाले सुशांत के दोस्तों से पूछताछ करेगी।

# जिंदल अस्पताल में सर्जरी के बाद युवती की मौत परिजन का आरोप, दवाओं का दिया ओवरडोज

अस्पताल प्रबंधन ने कहा युवती की हार्ट अटैक से हुई मृत्यु

- परिजनों ने लगाया डॉक्टरों व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप
- हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस
- पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा, रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या बायपास स्थित जिंदल अस्पताल में शुक्रवार सुबह एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी गुरुवार शाम घुटने की सर्जरी हुई थी। रात में अस्पताल के स्टाफ द्वारा उसे दवाइयां दी गई। सुबह करीब छह बजे उसकी मौत हो गई। परिजन ने अस्पताल के स्टाफ और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजन को समझाइश दी। इसके बाद ही गुस्सा शांत हो सका। पुलिस ने शव पीएम के लिए मचूरी भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।



शालू यादव, मृतका

जानकारी के अनुसार शालू पिता हरिराम यादव (24) हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद थाना निशातपुरा में रहती थी। शालू आईटी पार्क में संचालित बीपीओ में नौकरी करती थी। करीब 8 महीने पहले उसका एक्सीडेंट हो गया था। एक्सीडेंट में उसे पैर में चोट आई थी। घुटने के नीचे पैर में खून का थक्का बनने के कारण परिजन उसे जिंदल अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां गुरुवार दोपहर डॉक्टर ने चेक किया और सर्जरी करने की बात कही। शाम करीब सात बजे शालू की सर्जरी कर दी गई। सर्जरी होने के बाद शालू ने परिजन से बातचीत की थी।

### जीजाजी ने कहा, रात तक ठीक थी शालू

शालू के जीजा सतीश यादव ने बताया कि पैर की सर्जरी थी और रात तक शालू ठीक थी। वह बातचीत कर रही थी। अगली सुबह उसकी एकाएक तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। सतीश यादव ने डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए है। सतीश का कहना है कि शालू की मौत दवाइयों के ओवरडोज से हुई है।

### हार्ट अटैक से हुई मौत

हार्ट अटैक से युवती की मौत हुई है। यह घटना शुक्रवार तड़के करीब 3.30 बजे हुई है। इस दौरान युवती ठीक थी और मोबाइल चला रही थी। उसके स्वजन भी उससे बातें कर रहे थे। अस्पताल की नर्सों और डॉक्टरों द्वारा इस मामले में कोई लापरवाही नहीं बरती गई है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

**अशोक कुमार,** प्रबंधक, जिंदल अस्पताल

## परिवार से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी



### सुसाइड नोट में आत्महत्या के लिए खुद को ठहराया जिम्मेदार

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित एन टू ई सेक्टर बरखेड़ा पठानी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने आत्महत्या के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस के अनुसार रोहित उर्फ सोनू पिता भारत नंदन खेरा (42) मकान नंबर 464, एनटू ई सेक्टर बरखेड़ा पठानी में रहता था। उसके साथ माता-पिता और पत्नी के अलावा दो बेटियां है। रोहित भेल सोसाइटी में ठेका श्रमिक था और शराब पीने का आदी था। गत 18 अप्रैल को वह शराब के नशे में घर पहुंचा और जमकर हंगामा किया। उसके आए दिन के हंगामे और विवाद के कारण पिता बरखेड़ा पठानी में रहने वाले अपने साढूभाई के साथ चले गए। वे अपने साथ पत्नी, बहू समेत पोतियों को भी लेकर गए थे। पिता भारत नंदन ने बताया कि बुधवार शाम रोहित साढूभाई घर पहुंच गया। वहां से उनका मोबाइल लेकर घर लौट आया था। गुरुवार सुबह भारत नंदन अपने घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांककर देखा। इस दौरान रोहित की लाश टीनशेड पर रस्सी के सहारे लटकी नजर आई।

### गौतम नगर झुग्गी बस्ती की घटनाः मां गई शादी में, बेटे ने लगा ली फांसी

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित गौतम नगर झुग्गी बस्ती में गुरुवार रात एक युवक ने फांसी लगा ली। घटना के समय उसकी मां शादी में गई हुई थी। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राजेंद्र भिलवारे पिता किशन लाल भिलवारे (50) महामाई का बाग ऐशबाग में रहते हैं और मार्केटिंग का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका भाई रोहित भिलवारे (30) गौतम नगर झुग्गी में मां के साथ रहता था। उसके पड़ोस में रहने वाले बबलू गिरी भी रहता है। बबलू गिरी ने गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे कॉल कर राजेंद्र को बताया कि रोहित ने अपनी झुग्गी में फांसी लगा ली है। राजेंद्र, गौतम नगर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोहित का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। राजेंद्र ने बताया कि घटना के समय मां शादी में गई थी, जबकि घर रोहित अकेला था। रोहित पान की गुमठी लगाता था।

## पुणे से बहन के घर आई सॉफ्टवेयर इंजीनियर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

*बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित प्रॉस्पेरा मल्टी में बहन के घर आई सॉफ्टवेयर इंजीनियर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रात में वह खाना खाकर सोयी थी। सुबह उसकी लाश बेड पर पड़ी मिली। बहन-भाई उसे लेकर एम्स पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसे मिर्गी का दौरा आता था। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।*

*एसआई मुकेश स्थापक ने बताया कि साक्षी नागर पिता रिषी नागर (25) मूलतः हिनौती सड़क, गुनगा की थी। साक्षी पुणे में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बतौर नौकरी कर रही थी। वर्क फ्रॉम होम होने के कारण वह 26 अप्रैल को ही भोपाल आई थी। बुधवार को वह चचेरी बहन और भाई के साथ प्रॉस्पेरा मल्टी में बहन स्वाती के पास आई थी। स्वाती एम्स में नर्सिंग ऑफिसर है। बुधवार रात बहन-भाइयों ने खाना खाया और सो गए। गुरुवार सुबह नींद खुली तो साक्षी अपने बेड पर औंधें मुंह पड़ी नजर आई। उसके शरीर में हलचल नहीं थी। बहन भाई उसे लेकर एम्स पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।*

**खास बातें**
- आता था मिर्गी का दौरा, परिजन करा रहे थे इलाज
- वर्क फ्रॉम होने के कारण पुणे से घर आई थी युवती

### मिर्गी से मौत का अनुमान

*स्वाती नागर ने पुलिस को बताया कि साक्षी को मिर्गी का दौरा आता था। अनुमान है कि रात में उसे मिर्गी का दौरा आया होगा। नींद में कोई उसे समय पर देख नहीं सका।*

### सड़क हादसे में 15 साल के किशोर की मौत




**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित महुआखेड़ा जोड़ पर सड़क हादसे में घायल किशोर की मौत हो गई। वह खुद बाइक से गिरा या फिर उसकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मारी, पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार अंकित गौर पिता भगवान गौर (15) गांव महुआखेड़ा, बैरसिया में रहता था और स्कूली छात्र था। गत 29 अप्रैल की दोपहर वह बाइक से घर जा रहा था। महुआखेड़ा जोड़ पर उसका एक्सीडेंट हो गया। उसे गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह खुद ही बाइक फिसलने से गिरा था। पुलिस घटनास्थल के आसपास दुकानदारों से एक्सीडेंट के बारे में पूछताछ करेगी।

### आईपीएस शशींद्र चौहान पदोन्नत होकर बने डीआईजी

**भोपाल।** राज्य सरकार ने 2010 बैच के आईपीएस शशींद्र चौहान को डीआईजी के पद पर पदोन्नति किया है। चौहान अभी सेनानी 32वीं वाहनी बिसवल उज्जैन पदस्थ है। उनको पदोन्नति के उपरांत यथावत डीआईजी 32वीं वाहिनी बिसवल उज्जैन पदस्थ किया गया है। वहीं एक अन्य आदेश के तहत गुप्त वार्ता शाखा में पदस्थ एआईजी विजय भगवनी को प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान किया गया।

## दशनामी गोस्वामी समाज का आयोजन

## आदिशंकाराचार्य के जन्मोत्सव पर एकजुटता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में दशनामी गोस्वामी समाज ने पचपन सीढ़ी हनुमान मंदिर में आदिशंकराचार्य का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूजन और आरती की गई। अध्यक्ष अवधपुरी गोस्वामी ने कहा कि गोस्वामी समाज भारतीय संस्कृति से जुड़ा समाज है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि वे बच्चों को शिक्षित करें और समाज को संगठित करें। इस अवसर पर पं. मोहन पुरी, गणेश गिरी, मंदिर के महंत कैलाश गिरी, विनोद भारती, शंभु गिरी, सेवापुरी, मूरत भारती, चंदन पुरी, शशिकांत गोस्वामी, रमेश भारती व तरुण गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# वाजपेयी नगर मल्टी में दूसरी मंजिल से कूदकर युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित वायपेजी नगर मल्टी में एक युवक ने दूसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या का मामला सामने आया है। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि 21 वर्षीय महेश कनारे वाजपेयी नगर मल्टी में रहता था। गत 27 अप्रैल की रात साढ़े 12 बजे महेश मोहल्ले में हो रहे क्रिकेट को बैठकर देख रहा था। तभी उसके पास एक फोन आया। फोन पर बात करते हुए वह नाराज हो गया। गुस्से में आकर उसने मोबाइल तोड़ दिया। इसके बाद वह चार मंजिला इमारत के दूसरे माले पर पहुंचा और नीचे कूद गया।

नीचे कूदने पर पर लटक गया। लोगों ने उसे बहुत बचाने की कोशिश की, लेकिन वह बिजली के तार में उलझ गया और नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल महेश को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### कोलार में साले की शादी से लौटे बहनोई ने फांसी लगाई

कोलार थाना क्षेत्र स्थित मंदाकिनी कॉलोनी में इलेक्ट्रिशियन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश परिजन ने शुक्रवार दोपहर फांसी के फंदे पर लटका देखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस के अनुसार शंकर सार्थी पिता सुखदेव सार्थी (45) मंदाकिनी कॉलोनी में रहते थे और इलेक्ट्रिशियन का काम करते थे। सूर्या कॉलोनी में उनकी ससुराल है। गुरुवार को साले की शादी थी। वह शादी में शामिल होने परिवार के साथ गए थे। वहां से रात में लौट आए। शुक्रवार दोपहर उनकी पत्नी सूर्या कॉलोनी से अपने घर पहुंची तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद किसी तरह दरवाजा तोड़ा गया तो शंकर की लाश फांसी के फंदे पर लटकी थी।

## अतिक्रमण की समस्या जस की तस

# ढाई साल बाद भी स्वच्छता का संकल्प नहीं हुआ पूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, व्यापार महासंघ, कन्हैया नंदवंशी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, डॉ. कैलाश विनय, व्यापार संघ संरक्षक अशोक मित्तल, अवध नारायण दुबे, पेंशनर्स समिति के नवल किशोर मालवीय, अध्यक्ष सीताराम मालवी, प्रेम नारायण सोनी, परसाई सर, संजय सिंह चौहान, विनोद इरपाचे, एसएन श्रीवास्तव, नगर के नागरिकों सहित एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव का बार-बार कहना है कि औबेदुल्लागंज का विकास हो, सुंदर, स्वच्छ हो।

नगर के विकास के लिए नगर परिषद के चुनाव हुए थे। उसके बाद जेबी गार्डन में विधायक सुरेंद्र पटवा की अध्यक्षता में बैठक हुई थी, जिसमें व्यापारी, नागरिक, पत्रकार सहित एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी, टीआई, नगर परिषद अध्यक्ष, पार्षदों, उपाध्यक्ष नपा ने मिलकर औबेदुल्लागंज को स्वच्छ, सुंदर बनाने के लिए संकल्प लिया था, मगर वह संकल्प ढाई साल में भी पूरा नहीं हो पाया। अतिक्रमण हटा नहीं, वार्डो में स्वच्छता आई नहीं, नगर में जाम लगना बंद हुआ नहीं, पार्किंग व्यवस्था बनी नहीं। मेन रोड पर सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक बाइक, वाहन, ठेले, कारे ट्रैक्टर ट्रॉली खड़े होने से यह छोटी हो जाती है। जिसके कारण जाम लगता है।

### विकास के लिए आगे आएं नेता

जनवरी 2025 में विधायक सुरेंद्र पटवा ने पुनः नगर परिषद और स्थानीय नेताओ से कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान औबेदुल्लागंज का विकास चाहते हैं। डिवाइडर बने, फुटपाथ बने। औबेदुल्लागंज के युवाओं, गरीबों को रोजगार के लिए दुकानें पक्की बने, इसीलिए जनवरी से लेकर 30 अप्रैल तक नौ बार अतिक्रमण हटाने और पक्की दुकान बनाने की मुनादी कराई। मगर कुछ नहीं हुआ। दो बार एसडीएम बैठक कर व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने का कह चुके हैं, मगर कुछ नहीं हुआ। इसी बीच नगर में नेताओं, पार्षदों में खींचतान मच गई। स्थानीय नेताओं, पार्षद, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को नगर के विकास, स्वच्छता, सुंदरता के कार्य में लगना चाहिए। औबेदुल्लागंज का नाम परिवर्तन हो, ट्रेनों का स्टॉपेज हो, औबेदुल्लागंज जिला बने, औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन स्वच्छ और सुंदर बने। इन सकारात्मक कार्य में नेताओं को लगना चाहिए।

## पहलगाम आतंकी हमले के मृत पर्यटकों और यूनियन के पूर्व अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

## एक शाम श्रमिकों के नाम कार्यक्रम में मंत्री कृष्णा गौर ने दिए पुरस्कार

# ऐबू ने कर्मचारियों और उनके बच्चों को किया सम्मानित आर्केस्ट्रा व काव्य पाठ का कर्मचारियों ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लाइज यूनियन द्वारा बीएचईएल के कर्मचारियों के सम्मान में मजदूर दिवस पर श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शुरुआत यूनियन के पूर्व अध्यक्ष स्व. जेपी गुप्ता एवं पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देकर की गई।

समारोह में बीएचईएल के उत्कृष्ट एवं सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए 112 कर्मचारियों, 20 से ज्यादा कर्मचारियों के बच्चों को सम्मानित किया गया।

### 112 कर्मचारियों, 20 से ज्यादा कर्मियों के बच्चों को किया गया सम्मानित




### यूनियन की नई कार्यकारिणी घोषित कार्यवाहक अध्यक्ष बने आशीष सोनी

यूनियन के महासचिव रामनारायण गिरी ने समारोह में यूनियन की नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें मुख्य रूप से कार्यवाहक अध्यक्ष- आशीष सोनी, कोषाध्यक्ष - विशाल वाणी, संगठन सचिव - राजमल बैरागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- ओमप्रकाश जसोदिया एवं रोहित कुमार, वरिष्ठ सचिव-अल्ताफ अंसारी एवं बीरेंद्र सिंह, सह-कोषाध्यक्ष - धर्मेंद्र गुप्ता, कार्यालय मंत्री - योगेश देवस्कर, प्रमुख सलाहकार एवं मार्गदर्शक अख्तर खान, धर्मेंद्र डाहट, यूपी शर्मा, संजीब कुमार नंदा एवं सावन कुमार पासी घोषित किया गया।

### सुमधुर गीत-गजलों ने बांधा समां

समारोह में यूनियन की संरक्षक मुख्य अतिथि मंत्री कृष्णा गौर, बीएचईएल के ईडी प्रदीप कुमार उपाध्याय, एनएफआईटीयू के राष्ट्रीय महासचिव विराट जायसवाल, महाप्रबंधक आशीष औरंगाबादकर, मानव संसाधन प्रमुख संतोष कुमार गुप्ता, अपर महाप्रबंधक (एचआर एवं आईआर)आरिफ सिद्दीकी, क्षेत्रीय पार्षद शिवलाल मकोरिया, यूनियन महासचिव राम नारायण गिरी, इकाई अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने सम्मान किया। बीएचईएल के ईडी प्रदीप कुमार उपाध्याय, एनएफआईटीयू के राष्ट्रीय महासचिव विराट जायसवाल, महाप्रबंधक आशीष औरंगाबादकर, मानव संसाधन प्रमुख संतोष कुमार गुप्ता, अपर महाप्रबंधक (एचआर एवं आईआर)आरिफ सिद्दीकी, क्षेत्रीय पार्षद शिवलाल मकोरिया, यूनियन महासचिव राम नारायण गिरी, इकाई अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा के महेश नागवंशी एवं चैन सिंह सोलंकी एवं उनके टीम कलाकारों ने सुमधुर गीत एवं गजलों की प्रस्तुति दी।

# विकास के नाम पर बड़े बांधों का विरोध करते हैं डॉ. परिहार के निबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि सुप्रसिद्ध ललित निंबधकार डॉ. श्रीराम परिहार का ताजा निबंध संग्रह 'व्यथा-कथा डूब की' विस्थापितों का दर्द ही नहीं कह रहा बल्कि विनाश की शर्त पर बांधे गये बड़े 'बांधों' के निर्माण को दृढ़ता के साथ अस्वीकार करता है। इस तरह संग्रह का लेखक अपने लेखकीय दायित्व को पूरी ईमानदारी के साथ निभा रहा है।

**लोकार्पण**

वे शुक्रवार शाम दुष्यंत संग्रहालय में पुस्तक के लोकार्पण अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। आईसेक्ट प्रकाशन, वनमाली सृजन पीठ तथा स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय के इस साझा आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार डॉ. रामवल्लभ आचार्य ने की।

## डॉ. श्रीराम परिहार के निबंध संग्रह व्यथा-कथा डूब की का लोकार्पण




**बांध निर्माण में सब कुछ पानी में डूब गया..**

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि मनोज श्रीवास्तव ने आगे कहा कि नर्मदा सागर बांध की जद में आये कस्बे हरसूद और उसके आसपास की 'डूबी' हुई धरती के नाम करुणा से भरा एक प्रेम पत्र है। यह पुस्तक हमें उन लोगों से मिलवाती है जिनका इस 'बांध' के निर्माण में सब कुछ पानी में डूब गया।

**हमें प्रकृति भी चाहिए और प्रगति भी**

अध्यक्षीय उद्बोधन में गीतकार डॉ. रामवल्लभ आचार्य ने कहा कि 'व्यथा-कथा डूब की' एक भोगा हुआ यथार्थ है। इस पुस्तक के निबंध पाठक के मन में गहरी करुणा का भाव जगाते हैं।विशिष्ट अतिथि मुकेश वर्मा ने कहा कि यह बहुत भावुक क्षण है कि हम एक रचनाकार के माध्यम से डूब की वेदना को महसूस कर पा रहे हैं। हमें प्रकृति भी चाहिए और प्रगति भी चाहिए। इसके लिए संतुलित विकास मॉडल ही हमें अपनाने होंगे।

लायंस इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस आज

# मॉडल डिंपल होंगी शोज टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल



लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी2 की आठवीं डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस का आयोजन आज होगा। उत्कर्ष थीम पर आयोजित कांफ्रेंस सांची स्थित मग्धम रिसोर्ट में होगी। लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन और एक्सीलेंसी टाइम एंटरटेन्मेंट के प्रबंध संचालक हरि ओम जटिया ने बताया कि कांफ्रेंस के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। इस अवसर पर लायंस क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर पंकज मेहता, डिस्ट्रिक्ट गर्वनर मनीष शाह मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

**कांफ्रेंस में किया जा रहा है आई लव माय इंडिया थीम पर परिधान उत्सव का आयोजन**

पहली बार कांफ्रेंस में आई लव माय इंडिया थीम पर परिधान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस शो में कुल 16 मॉडल मध्यप्रदेश के पारंपरिक वेशभूषा बाग, चंदेरी, महेश्वरी, खादी आदि से तैयार डिजाइनर ड्रेसेस को प्रस्तुत करेंगी। परिधान उत्सव को सपना सिंह परमार और अल्पना रावत द्वारा डिजाइन किया गया है। शो की शोज टॉपर फेमिना मिस इंडिया और मिस ग्लोब डिंपल पटेल होंगी। इसके अलावा कार्यक्रम में अभिलाषा तिवारी और इंटरनेशनल बैंड ओवर डोज की लाइव परफॉर्मेंस होगी।

## फॉरेंसिक साइंस का कार्यक्रम...



## रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**भोपाल।** रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के भौतिक विज्ञान विभाग (फॉरेंसिक साइंस) द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में सुनैना भटनागर, वैज्ञानिक 'बी', सीएफएसएल विशेष रूप से उपस्थित थीं। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को न्यायालयिक साक्ष्यों के परीक्षण एवं विश्लेषण की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना था। इस आयोजन में बी एससी फॉरेंसिक साइंस के वर्तमान छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर मूल्यवान ज्ञान प्राप्त किया।

**150 कलाकारों ने 10 नृत्यों में प्रस्तुत की मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, पर्यटन, इतिहास, कला और परंपराएं**

# अंतरराष्ट्रीय वेव्स समिट में धड़का हिंदुस्तान का दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 वेव्स के दूसरे दिन शुक्रवार को सांस्कृतिक संध्या में अमृतस्य मध्यप्रदेश समवेत नृत्य नाटिका ने अपनी अद्भुत और ओजपूर्ण प्रस्तुति से अतुलनीय मध्य प्रदेश की अनुपम छटा बिखेरी। इस नृत्य नाटिका के माध्यम से मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, समृद्ध पर्यटन, इतिहास, कला और परंपराओं को दर्शाया गया। इसमें हृदयप्रदेश के सांस्कृतिक रंग, सघन वन, ऐतिहासिक स्थल, टेक्सटाइल, परंपराएं आदि की अनुभूति और आनंद दर्शकों ने लिया। प्रसिद्ध कोरियोग्राफर मैत्री पहाड़ी के निर्देशन में इस नृत्यनाटिका में कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, मणिपुरी, मोहिनीअट्टम, कुचिपुड़ी के साथ ही मध्यप्रदेश के बधाई, बरेदी, मटकी, गोंड, जैसे लोकनृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। इसके अलावा नृत्यनाटिका में मुमताज खान के निर्देशन में मध्यप्रदेश के टेक्सटाइल जैसे महेश्वरी, चंदेरी, बाग के वैभव को दर्शाता एक विशेष वॉक हुआ।



» मप्र की संस्कृति, धरोहर,पर्यटन इतिहास को दर्शाया गया

» अद्भुत प्रस्तुति से अतुलनीय मध्य प्रदेश की अनुपम छटा बिखेरी

**भीमबेटका की प्रागैतिहासिक गुफाओं से हुई शुरुआत**

प्रस्तुति की शुरुआत भीमबेटका की प्रागैतिहासिक गुफाओं से हुई, जहां मानव सभ्यता की पहली झलक मिलती है। खजुराहो के मंदिरों में नृत्य और मूर्तिकला का सुंदर संगम, और सांची के स्तूप की शांति दर्शकों को आध्यात्मिक गहराइयों में ले गई। चित्रकूट की पावन भूमि पर, भगवान राम की कथा को भावपूर्ण मुद्राओं में पिरोया गया।


मुमताज खान के निर्देशन में मप्र के टेक्सटाइल महेश्वरी, चंदेरी, बाग पर आधारित विशेष वॉक करते मॉडल।



**उज्जैन और ओंकारेश्वर के ज्योतिर्लिंगों की दिखी दिव्यता**

उज्जैन और ओंकारेश्वर के ज्योतिर्लिंगों की दिव्यता, और भगवान शिव की उपस्थिति, इस नृत्यगाथा में भक्ति का उग्र रूप भर देती है। ग्वालियर का ऐतिहासिक किला, मांडू की प्रेम कहानी, और ओरछा के भव्य मंदिर – इन सभी को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया गया।





लव जिहाद पर आधारित है फिल्म

## जागरुकता बढ़ाने 'अब होगा इंसाफ' का होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

एसआरडी फिल्म्स आर्ट के बैनर तले बनी हिंदी फीचर फिल्म 'अब होगा इंसाफ' का विश्व संवाद केंद्र में आज प्रदर्शन होगा। ये फिल्म सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें लव जिहाद जैसे गंभीर मुद्दे को दिखाया गया है कि आज समाज में किस तरह से इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही है। इस तरह की फिल्में युवाओं को दिखाकर उनको गलत रास्ते पर चलने से रोका जा सकता है। सतपुड़ा चल चित्र समिति द्वारा हाल ही में आयोजित कराए गए ग्वालियर शार्ट फिल्म फेस्टिवल में जो फिल्में विजेता घोषित की गई थी उन फिल्मों का प्रदर्शन भोपाल के विश्व संवाद केंद्र में किया जा रहा है। जिसमें फिल्म के निर्देशक विजय तिवारी सहित फिल्म के कलाकार भी मौजूद रहेंगे।

**इन्होंने निभाई मुख्य भूमिका**

दिल्ली श्रद्धा मर्डर केस पर आधारित इस फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह से कुछ लोग लव जिहाद के इन रैकेट को चला रहे हैं और धर्म के नाम पर, या पैसों का लालच देकर युवाओं की जिंदगियां बर्बाद कर रहे हैं। फिल्म में चिड़िया घर, गुठली लड्डू जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुके सीनियर कलाकार आरिफ शाहड़ोली ने मुख्य भूमिका निभाई है। वहीं लापता लेडीज के दद्दा जी मतलब बलराम शर्मा ने भी इस फिल्म में काम किया है।

## बॉडी की भाषा, आत्मा की आवाज के रूप में सजी विहान की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

सेवन हिल्स पब्लिक स्कूल में जारी विहान ग्रपु की थिएटर कार्यशाला स्वप्नयान की शुरुआत विहान द्वारा तैयार किए गए विशेष संगीत पर वॉर्म-अप सत्र से हुई। जिसकी कोरियोग्राफी श्वेता केतकर ने की और बच्चों के साथ इसे रुद्राक्ष भायरे ने संपन्न कराया। नृत्य के जरिए की गई इस गतिविधि में शारीरिक व्यायाम, लयबद्धता और आनंद का अद्भुत संगम देखने को मिला।इसके बाद अंकित पारोचे के मार्गदर्शन में बच्चों ने बॉडी लैंग्वेज यानी आंगिक भाषा से जुड़े रचनात्मक खेलों में हिस्सा लिया। संगीत में साथ थे हेमंत देवलेकर और अंश जोशी। बच्चों ने खुद के बनाए डांस स्टेप्स सबके सामने प्रस्तुत किए, जिन्हें पूरी टीम ने दोहराया-इस अभ्यास ने आत्मविश्वास, नेतृत्व और समूह सौहार्द्र को प्रोत्साहित किया।





**स्वप्नयान कार्यशाला का दूसरा दिन**

**परंपरा की ओर लौटता खेल**

कार्यशाला का एक अनूठा पहलू रहा जब प्रशिक्षक ईशा गोस्वामी ने बच्चों को पारंपरिक खेल घोड़ा बादाम छाई से परिचित कराया। कई बच्चों के लिए यह खेल नया था, लेकिन खेलते-खेलते वे इसकी लय, गति और सामूहिकता में रम गए। विहान की यह कोशिश रंगमंच के जरिए बच्चों को परंपरा और लोकसंस्कृति से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

दो दिनी व्याख्यानमाला का आयोजन आज से

## डॉ. वाकणकर के जन्मोत्सव पर शब्दों और चित्रों में दिखेगी विरासत

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

अपनी धरोहर के लिए समर्पण का जज्बा रखने वाले सुप्रसिद्ध पुरातत्वविद पद्म डॉ. वाकणकर के जन्मोत्सव पर राजधानी भोपाल में कई आयोजन होंगे। व्याख्यानमाला में पुरातत्व के जानकार डॉ. वाकणकर की सेवाओं का उल्लेख करेंगे। साथ चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ा जाएगा। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मप्र के इस महत्वाकांक्षी आयोजन की रूपरेखा डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान, भोपाल ने बनाई है।

इस दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ 3 मई को होगा। राज्य संग्रहालय, श्यामला हिल्स पर होने वाले इस कार्यक्रम की पहली कड़ी में चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। स्कूली बच्चों के अलावा शहर की युवा पीढ़ी इसमें शामिल होगी। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से शुरू होगा।

**व्याख्यानमाला में आएंगे विशेषज्ञ**

डॉ. वाकणकर के जन्मोत्सव के अगले दिन 4 मई को व्याख्यानमाला का आयोजन होगा। प्रदेश की पुरातात्विक विरासत व्याख्यान का केंद्रबिंदु रहेगी। इस दौरान विक्रमादित्य शोध पीठ संस्थान के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित विशेष व्याख्यान देंगे। इनके अलावा प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनमाला, बनारस के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सीताराम दुबे भी अपनी बात रखेंगे।

## जश्ने अभय मुशायरे के साथ लम्स गजल संग्रह का विमोचन कल

**भोपाल।** रविवार शाम, छतनारा समूह द्वारा जश्ने-अभय राष्ट्रीय मुशायरे का आयोजन किया जा रहा है। यह मुशायरा, दिवंगत शायर अभय शुक्ला के पहले गजल संग्रह लम्स के विमोचन के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। छतनारा समूह के कोर टीम मेंबर अभय शुक्ला भोपाल के ख्यात युवा शायर थे जिनका पिछले बरस सड़क दुर्घटना के कारण देहांत हो गया था।

साथ ही वे मप्र उर्दू अकादमी और मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलना द्वारा पुरस्कृत व सम्मानित भी थे। जश्ने अभय कार्यक्रम रविवार शाम होटल पलाश रेजीडेंसी में आयोजित किया जा रहा है। मुशायरे में देश के दस प्रख्यात शायर शिरकत कर रहे हैं। कार्यक्रम में आमिर अजहर, संतोष खिरवड़कर, अमीर इमाम, नुसरत मेंहदी, स्वपनिल तिवारी, आशू मिश्रा, बद्र वास्ती, निवेश साहू, शिवाजी, पल्लव मिश्रा अतिथि शायर के तौर पर शिरकत कर रहे हैं।

**वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे पर पत्रकारों की पीड़ा और संघर्ष को मिला कैनवास पर जीवन**

# 25 भाषाओं का उपयोग करके बनाई भोपाल की आर्टिस्ट नवाब जहां बेगम ने पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे के मौके पर भोपाल की आर्टिस्ट नवाब जहां बेगम ने एक बेहद मार्मिक और प्रेरक पेंटिंग तैयार की है, जो पत्रकारिता के मूल्यों, चुनौतियों और बलिदानों की अभिव्यक्ति बनकर उभरी है। यह पेंटिंग केवल एक कलाकृति नहीं, बल्कि वैश्विक पत्रकारिता को समर्पित एक गहरी संवेदनात्मक प्रस्तुति है, जिसमें खून के धब्बों और 25 अंतरराष्ट्रीय भाषाओं के माध्यम से मीडिया की आजादी और उससे जुड़ी पीड़ाओं को जीवंत किया गया है।




नवाब जहां की इस पेंटिंग में वर्ल्ड जर्नलिज्म (विश्व पत्रकारिता) को 25 अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में दर्शाया गया है। इनमें प्रमुख भाषाएं हैं - अंग्रेजी, फ्रेंच, इतालवी, हिंदी, उर्दू, जर्मन, रूसी, जापानी, कोरियाई, हिब्रू, फारसी, वियतनामी और अरबी।

**हर अक्षर में छिपा संघर्ष का संदेश**

नवाब जहां की इस पेंटिंग में वर्ल्ड जर्नलिज्म (विश्व पत्रकारिता) को 25 अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में दर्शाया गया है। इनमें प्रमुख भाषाएं हैं - अंग्रेजी, फ्रेंच, इतालवी, हिंदी, उर्दू, जर्मन, रूसी, जापानी, कोरियाई, हिब्रू, फारसी, वियतनामी और अरबी। इन भाषाओं का चयन यह दर्शाता है कि पत्रकारिता न केवल एक पेशा है, बल्कि यह एक वैश्विक आवाज है जो सीमाओं से परे जाकर सच को उजागर करती है।

**खून के धब्बेः पत्रकारों की कुर्बानियों का प्रतीक**




इस पेंटिंग में जो सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करता है, वह है इसमें बने खून के धब्बे। नवाब जहां कहती हैं, यह खून केवल रंग नहीं है, यह उन पत्रकारों की पीड़ा, जज्बात और संघर्ष का प्रतीक है जो फिजिकल असॉल्ट, जेल, मानसिक उत्पीड़न और जानलेवा खतरों के बीच अपनी ड्यूटी निभाते हैं। पेंटिंग में वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे का लोगो भी खून के रंग में बनाया गया है, जो यह संकेत देता है कि पत्रकारिता आज भी कई हिस्सों में जोखिम से भरी हुई है।

## दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में बदला मौसम

# आंधी-तूफान में उखड़े पेड़, बारिश से सड़कें लबालब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में शुक्रवार सुबह मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के कई हिस्सों में आंधी-तूफान के चलते पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। दिल्ली की सड़कों पर पानी भर गया है। बूंदाबांदी का सिलसिला तड़के 3 बजे के बाद शुरू हुआ। पहले आईटीओ, मंडी हाउस और मध्य दिल्ली के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी और बारिश शुरू हुई। कश्मीरी गेट से यमुना बाजार की ओर जाने वाले रास्ते पर जाम लग गया।

ये रहे हालात






### 7 मई तक नहीं मिलेगी राहतः आईएमडी

मौसम विभाग के अनुसार 1 मई से 7 मई तक आंधी व बारिश का अनुमान है। इस कारण से तापमान 34 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से 4 मई की सुबह तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। 5 और 6 मई को शाम के समय आंधी-तूफान और बादल गरजने की गतिविधियां रहेंगी।

### उड़ानों को परिवर्तित किया, कई को रोका

दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह आंधी-तूफान और तेज हवाओं के कारण परिचालन बाधित होने के कारण तीन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया और 200 से अधिक उड़ानें विलंबित हो गईं। एक फ्लाइट को अहमदाबाद और दो फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किया गया और कई अन्य फ्लाइट में देरी हुई।

### गुरुग्राम बन गया जलग्राम

गुरुग्राम में बारिश से कई जगहों पर जलभराव हो गया है। घरों के अंदर पानी घुस गया। नरसिंहपुर गांव के सामने दिल्ली जयपुर हाईवे और सर्विस लेन पर तीन फीट पानी भर गया है। आंधी से कई जगह पेड़ टूट गए। इसकी चपेट में आकर पालम विहार में पार्क की दीवार ढह गई। दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।साउथ दिल्ली के शेख सराय में एक बड़ा पेड़ गिरने से 5 से 6 गाड़ी क्षतिग्रस्त और कई बाइकें दबी।

## हिमाचल की चोटियों पर बर्फबारी, शिमला में झमाझम बारिश

### गिरा पेड़, कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त बिजली व्यवस्था हो गई चौपट



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सहित राज्य के कई अन्य भागों में गुरुवार शाम से बारिश का दौर जारी है। चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-5 व ऊंची पहाड़ियों के अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। कुल्लू सहित लाहौल घाटी में मौसम लगातार खराब बना हुआ है। रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों में फाहे गिरे हैं।

### घुमारु गांव में घर पर गिरा पेड़

हमीरपुर उपमंडल बड़सर घुमारु गांव गुरुवार देर रात को तेज अंधड़ में सुरिंदर कुमार के घर पर पेड़ गिर गया। टूटीकंडी में चीड़ का बड़ा पेड़ गिर गया है। इससे खलीनी-टूटीकंडी बाइपास पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। पेड़ गिरने से सड़क किनारे खड़ी 3 गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है।

**एक सप्ताह तक जारी रहेगी बारिशए येलो अलर्ट :** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य आगामी 8 मई तक लगातार बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ चलने व बिजली चमकने का येलो अलर्ट है।

## खबर संक्षेप

### कोलकाता के साल्ट लेक में लगी भीषण आग



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के बाहरी इलाके साल्ट लेक के सेक्टर पांच में एक परिसर में शुक्रवार को भीषण आग लग गई जिसके बाद दमकल विभाग ने 12 गाड़ियों को मौके पर भेजा। आशंका है कि रासायनिक पदार्थों के गोदाम में आग लगी है। कई किलोमीटर दूर से आग की ऊंची लपटें और काला धुआं दिखा।

### एंबुलेंस का कहर, 7 को उड़ाया, 1 की मौत



**बेंगलुरु।** शहर के विल्सन गार्डन इलाके में एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने 7 लोगों को टक्कर मार दी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 6 लोग बुरी तरह घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है। घटना 1 मई की है जिसकावीडियो शुक्रवार को सामने आया है। बीटीएस रोड पर संजीविनी चालक चिरंजीव तेज गति से चला रहा था।

### सिद्धारमैया के मंत्री ने दिया इस्तीफा



**बेंगलुरू।** कर्नाटक के मंत्री शिवानंद पाटिल ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर को बसवाना बागेवाड़ी क्षेत्र से विधायक पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने कहा कि वह विजयपुरा शहर के विधायक बसंगौड़ा पाटिल यतनाल द्वारा उनके खिलाफ चुनाव लड़ने की चुनौती स्वीकार करने के बाद विधायक पद छोड़ रहे हैं।

### अहमदाबाद में केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग



**वटवा।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में शुक्रवार को भीषण आग गई। हादसे में 2 लोग घायल हो गए। दमकल की 15 गाड़ियों ने मशक्कत की। वटवा जीआईडीसी फेस 4 स्थित जयश्री इंडस्ट्रीज की बताई जा रही है। केमिकल ड्रम्स में ब्लास्ट होने की वजह से आग भयावह हो गई।

## पीएम ने केरल को दी 8900 करोड़ की सौगात, विझिनजाम बंदरगाह देश को समर्पित

# आज के कार्यक्रम से कई लोगों की नींद हो जाएगी हराम यहां 'मजबूत स्तंभ' मंचासीन, पर नहीं लिया कोई नाम



ये बात तो बड़ी दूर तलत जाएगी

### मोदी ने इशारों-इशारों में बहुत कुछ कह दिया

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में देश की पहली अंतर्राष्ट्रीय डीपवाटर ट्रांसशिपमेंट परियोजना, विझिनाम इंटरनेशनल सीपोर्ट का औपचारिक उद्घाटन किया है। पीएम मोदी ने इस दौरान जनता को भी संबोधित किया। वे अपने तंज के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने कुछ ऐसा ही एक बार फिर किया। उन्होंने सीएम पिनराई विजयन और सांसद शशि थरूर का नाम लेकर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन पर तंज कसा। पीएम मोदी इशारों-इशारों में कांग्रेस पर तंज कसा और पूरे इंडी गठबंधन पर भी हमला बोल दिया। पीएम ने कहा, कि मैं सीएम को बताना चाहता हूं, आप इंडी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं, शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का कार्यक्रम कई लोगों की नींद उड़ा देगा। जहां पहुंचनी चाहिए ये बात पहुंच भी गई होगी।

## विजयन और थरूर को बताकर 'इंडी गठबंधन' पर कसा तंज

### केरल को 8,900 करोड़ की सौगात दी

केरल की जनता को पीएम मोदी ने को 8,900 करोड़ की सौगात दी। उन्होंने हजारों करोड़ की लागत से निर्मित 'विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट' को राष्ट्र को समर्पित किया। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड की ओर से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है।



### भारत की समुद्री सुरक्षा में बड़ी उपलब्धि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में 8,900 करोड़ रुपए की लागत वाले 'विझिंजम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट' को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक तरफ विशाल समुद्र है, जिसमें अनेक अवसर हैं और दूसरी तरफ प्रकृति की सुंदरता है, इन दोनों के बीच यह 'विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय गहरे पानी वाला बहुउद्देशीय बंदरगाह' है, जो नए युग के विकास का प्रतीक है।

### भगवान आदि शंकराचार्य को नमन किया

उन्होंने कहा कि आज भगवान आदि शंकराचार्य की जयंती है। 3वर्ष पूर्व सितंबर में मुझे उनके जन्मभूमि क्षेत्र में जाने का सौभाग्य मिला था। केरल से निकलकर देश के अलग-अलग कोनों में मठों की स्थापना करके आदि शंकराचार्य जी ने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया। इस पुनीत अवसर पर मैं उन्हें नमन करता हूं।

### हार्ड हैट पहनकर ट्रांसशिपमेंट हब का चक्कर लगाया

पीएम मोदी तिरुवनंतपुरम शहर से हेलीकॉप्टर द्वारा बंदरगाह क्षेत्र में पहुंचे। हार्ड हैट पहनकर ट्रांसशिपमेंट हब का चक्कर लगाया। उन्होंने केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, विजयन, गौतम अडाणी और थरूर की उपस्थिति में सुविधा के पहले चरण का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया।

### गुलामी से पहले के दौर का भी जिक्र किया

उन्होंने कहा कि गुलामी से पहले हमारे भारत ने हजारों वर्ष की समृद्धि देखी है। एक समय वैश्विक जीडीपी में मेजर शेयर भारत का हुआ करता था। उस दौर में हमें जो चीज दूसरे देशों से अलग बनाती थी, वो थी समुद्री क्षमता, हमारी पोर्ट सिटी की आर्थिक गतिविधि। केरल का इसमें बड़ा योगदान था।



### आंध्र को भी दी 58000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 58,000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती का निर्माण फिर से शुरू करना भी शामिल है, जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' है।प्रधानमंत्री ने 94 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें राजधानी शहर के संस्थान, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे उन्नयन और रक्षा संबंधी प्रतिष्ठान शामिल हैं।

## पीएम ने 94 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

**अमरावती में एक सपना सच होते दिख रहा**

मोदी ने कहा कि आज जब मैं इस अमरावती की भूमि पर खड़ा हूं तो मुझे केवल ये एक शहर नहीं दिख रहा है बल्कि मुझे ये एक सपना सच होते हुए दिख रहा है।

**डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र**

पीएम ने 5,028 करोड़ की 9 केंद्रीय परियोजनाओं की नींव रख। इनमें नागयालंका में डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र, यूनिटी मॉ , गुंटकल - मल्लप्पा गेट रेल ओवरब्रिज और 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं। मिसाइल परीक्षण केंद्र में प्रक्षेपण केंद्र भी होगा।

## सीडब्ल्यूसी बैठक में बोले खरगे

### पहलगाम हमले पर जवाब के लिए सरकार की रणनीति स्पष्ट नहीं




**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की अहम बैठक में शुक्रवार को पहलगाम आतंकी हमले और केंद्र सरकार की ओर से किए गए जाति जनगणना के ऐलान पर चर्चा की गई। बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए जा सकते हैं। महासचिव जयराम नरेश ने कहा था कि पहले प्रस्ताव में पहलगाम हमले के बाद पाक के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की जा सकती है। दूसरे में जल्द जाति जनगणना के लिए धन आवंटन की मांग की जा सकती है। संविधान में संशोधन करके आरक्षण पर लगी 50 फीसदी की सीमा को हटाने पर भी चर्चा की थी। खरगे ने कहा कि केंद्र के पास आतंकी हमले के बाद की स्थिति से निपटने की स्पष्ट रणनीति नहीं है।

## नेशनल हेराल्ड मामले में नोटिस

### सोनिया, राहुल और पित्रोदा की मुश्किलें बढ़ीं अदालत ने भेजा नोटिस





**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी और सैम पित्रोदा को नोटिस जारी किया है। 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी।

## चौहान ने तकनीक अपनाने पर दिया जोर

### नक्शा, अमृत सरोवर के साथ ही आजीविका मिशन की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को नई दिल्ली के कृषि भवन में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं भूमि संसाधन विभाग की योजनाओं-कार्यक्रमों की समीक्षा की।

चौहान ने भूमि संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक



तकनीक के जलग्रहण विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बेहतर उपयोग के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि मृदा व नमी संरक्षण डेटा के आधार पर निर्णय सहायता प्रणाली (डीएसएस) विकसित करके ग्राम समुदाय और व्यक्तिगत किसानों को उचित सलाह दी जानी चाहिए।

## राष्ट्रपति 'एजिंग विद डिग्निटी'में बोलीं

### वरिष्ठों को बताया अतीत से जुड़ने की कड़ी,भविष्य का मार्गदर्शक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल 'एजिंग विद डिग्निटी' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। हमें उनके मार्गदर्शन को महत्व देना चाहिए। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक गृहों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक



उपकरणों का वितरण के साथ ही विभाग तथा ब्रह्माकुमारीज संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रपति ने कहा एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम वरिष्ठ नागरिक वृद्धावस्था का काफी समय सम्मान और सक्रियता के साथ बिताएं।

## पाकिस्तानी परिवार को सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

वीजा की अवधि निकल चुकी

### अधिकारी परिवार के दस्तावेज की जांच पड़ताल करें, फिलहाल निर्वासित न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान निर्वासित होने के कगार पर पहुंचे एक परिवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। जम्मू कश्मीर के 6लोगों को एक परिवार पर निर्वासन की तलवार लटकी है। ये परिवार कथित तौर पर वीजा की अवधि निकल जाने के बाद भी भारत में रुका हुआ है। परिवार का कहना है कि उनके पास भारत में रहने के वैध दस्तावेज हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे याचिकाकर्ता और उसके परिवार के सभी दस्तावेजों की जांच करें। अदालत ने दस्तावेजों की



वैधता पर जल्द फैसला लेने का निर्देश दिया है। हालांकि कोई समयसीमा तय नहीं की है। अदालत ने फैसला लिए जाने तक याचिकाकर्ता परिवार के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का भी निर्देश दिया है। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा याचिकाकर्ता दस्तावेज की जांच से संतुष्ट नहीं हैं उच्च न्यायालय जा सकते हैं।

### पीओके से भारत के कश्मीर पहुंचा परिवार

याचिकाकर्ता अहमद तारेक बट्ट का परिवार भारत के जम्मू कश्मीर में रहता है और परिवार के दो बेटे बंगलूरू में नौकरी करते हैं। यह परिवार साल 1987 में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से जम्मू कश्मीर पहुंचा था। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने भारत से पाकिस्तानी नागरिकों को निर्वासित करना शुरू कर दिया है। परिवार के 5सदस्यों को हिरासत में लिया गया है।

## बुजुर्ग की गुहार सुन अदालत ने बदला अपना फैसला

तेलंगाना के निजामाबाद की अनोखी तस्वीर

### जज साहब कोर्ट नहीं आ सकते, मीलॉर्ड इंसाफ देने के लिए खुद रोड पर उतर आए

एजेंसी ▶▶ निजामाबाद

तेलंगाना के निजामाबाद जिले के बोधन कस्बे में सोमवार को एक अनोखी तस्वीर देखने को मिली। यहां एक जज एसम्पेल्ली साई शिवा बुजुर्ग कपल को इंसाफ देने के लिए खुद सड़क पर उतर आए। दरअसल दोनों खराब सेहत के कारण कोर्ट तक आने में लाचार थे। जज के इस मानवीय कदम की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है।



### यह था मामला

कोर्ट के रिकॉर्ड के अनुसार कांतापु सयाम्मा और कांतापु नादपी गंगाराम पर साल 2021 में उनकी बहू ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। तेलंगाना पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए के तहत केस दर्ज किया था। दिसंबर 2021 में चार्जशीट दाखिल होने के बाद बोधन कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही थी। करीब 30 बार सुनवाई होने के बाद आखिरकार 22 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया गया।

**जज ने सड़क पर ही फैसले पर साइन**

हालांकि यह घटना देश में अदालतों की खस्ताहाल बुनियादी ढांचे की पोल खोलती है। एक बुजुर्ग के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है कि वह कोर्ट पहुंच सके या ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि इस स्थिति में कोर्ट उनके घर तक पहुंच जाए। जज कोर्ट के बाहर सड़क पर ही फैसले पर साइन करते दिखे।

## राम मंदिर भवन निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक शुरू

# 23 को राम मंदिर के प्रथम तल पर होगी राम दरबार की स्थापना



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या यहां के जग प्रसिद्ध राम मंदिर भवन निर्माण समिति की 3 दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्य मंदिर के प्रथम तल में राम दरबार की प्रतिमा और शेषावतार मंदिर की प्रतिमाएं आनी शेष हैं। 23 मई को राम दरबार की प्रतिमा राम मंदिर में स्थापित की जाएगी।

**50** पास दर्शन के लिए जारी होंगे

**750** श्रद्धालु एक दिन में दर्शन करेंगे

**50** पास प्रतिघंटे जारी किए जाएंगे

**10** सेंसर इस मंदिर में लगाए गए

### भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष ने जानकारी दी



**तीन महीने में मंदिर का लोड**

मिश्रा ने बताया कि 3 महीने में मंदिर का लोड फैक्टर चेक किया जाएगा। रुड़की के वैज्ञानिकों की ओर से मंदिर के मापदंड को देखते हुए प्रति घंटे 50 श्रद्धालुओं को ऊपर जाने की अनुमति दी गई है। राम मंदिर में 10 सेंसर लगाए गए हैं। पत्थरों के मूवमेंट जांचेंगे।

**बाउंड्री को छोड़कर मंदिर परिसर में सभी निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगेः** भूकंप में भी सेंसर पहले ही संकेत करते हैं। सेंसर के जरिए तीन माह में मंदिर पर पड़ने वाले लोड का अध्ययन किया जाएगा। राम मंदिर की बाउंड्री को छोड़कर मंदिर परिसर में सभी निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे।

### 30 मई को शेषावतार मंदिर में लक्ष्मण जी की प्रतिमा लगेगी

30 मई से पहले शेषावतार मंदिर में भी लक्ष्मण जी की प्रतिमा को स्थापित कर दिया जाएगा। तीन जून से राम मंदिर के राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा शुरू होगी। 3 से 5 जून तक प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव होगा। राम दरबार में श्रद्धालुओं के दर्शन की तिथि ट्रस्ट तय करेगा। पास के जरिए एक दिन में 750 श्रद्धालु राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार का दर्शन कर सकेंगे। प्रति घंटे 50 पास जारी किए जाएंगे। पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर पास जारी होगा।

संयुक्त राष्ट्र के वेसाक दिवस 2025 का आयोजन

# भारत के सारनाथ से भगवान बुद्ध के अवशेष वियतनाम पहुंचे वेसाक पर्व पर 21 मई तक 30 लाख श्रद्धालु कर सकते हैं दर्शन

एजेंसी ▶▶ हनोई

भारत के सारनाथ से भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष शुक्रवार को वियतनाम पहुंचें। यह आयोजन संयुक्त राष्ट्र के वेसाक दिवस 2025 के मौके पर किया गया है। वेसाक दिवस बुद्ध के जन्म, ज्ञान और निर्वाण की याद में मनाया जाता है।

बता दें कि इस पवित्र अवशेष को केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल लेकर वियतनाम पहुंचा। जहां एक धार्मिक समारोह हुआ, फिर एक भव्य जुलूस के साथ इसे थान ताम पगोडा ले जाया गया, जहां इसे आम जनता के दर्शन के लिए रखा गया है। इस बात की जानकारी अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ (आईबीसी) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दिया, जिसमें बताया गया कि भारत से पवित्र बुद्ध अवशेष वियतनाम पहुंच गए हैं।

इन्हें पहले वियतनाम बौद्ध यूनिवर्सिटी के बुद्ध हॉल में लाया गया और फिर भव्य जुलूस के साथ थान ताम पगोडा में सार्वजनिक दर्शन के लिए रखा गया है। साथ ही हो ची मिन्ह सिटी में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण है।

वेसाक दिवस बुद्ध के जन्म, ज्ञान और निर्वाण की याद में मनाया जाता है

वियतनाम में बुद्ध के अवशेषों को भगवान बुद्ध का जीवंत रूप मानते हैं




### यात्रा शांति का प्रतीक

केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष लेकर वियतनाम जाना आत्मा को छू लेने वाला अनुभव है। यह यात्रा शांति, करुणा और एकता का प्रतीक है। अवशेष 2 से 21 मई 2025 तक वियतनाम में रहेंगे। इस यात्रा में आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री कंदुला दुर्गेश और अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

### भारत और वियतनाम के रिश्ते गहरे होंगे

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष 2 मई से 21 मई 2025 तक वियतनाम के अलग-अलग शहरों में रखी जाएंगी। इस दौरान 30 लाख से ज़्यादा लोग इनके दर्शन करने पहुंच सकते हैं। यह आयोजन भारत और वियतनाम के रिश्तों को और गहरा करने के साथ-साथ दुनियाभर में शांति और सद्भाव का संदेश भी देता है।



### आंध्र प्रदेश के नागार्जुनकोंडा में मिले थे अवशेष

बता दें, यह पवित्र अवशेष सारनाथ के मूलगंध कुटी विहार में विराजित है और आंध्र प्रदेश के नागार्जुनकोंडा से खुदाई में मिला था। माना जाता है कि यह अवशेष 246 ईस्वी से भी पहले का है। आईबीसी के महानिदेशक अभिजीत हलदर ने कहा कि वियतनाम एक बौद्ध-बहुल देश है और यहां बुद्ध के अवशेषों को भगवान बुद्ध का जीवंत रूप माना जाता है। यह आयोजन वेसाक दिवस और वियतनाम के राष्ट्रीय दिवस के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत और वियतनाम में दूसरी-तीसरी शताब्दी के बौद्ध अवशेषों में ऐतिहासिक समानताएं हैं और एक विशेष प्रदर्शनी के जरिए इन साझा विरासतों को भी दिखाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डल झील में पलटी नाव 1 को बचाया, 1 लापता

**श्रीनगर।** विश्व प्रसिद्ध डल झील में शुक्रवार शाम को अचानक से तेज हवाओं के बीच झील में तेज लहरें उठने लगीं।



फोरशोर रोड पर डक पार्क के करीब एक नाव पलटने से दो लोग उसमें डूब गए, जिनमें से एक को बचा लिया गया, जबकि एक अन्य की तलाश देर शाम तक जारी थी। एसडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि जैसे ही तेज हवाएं चली तो हमारी क्यूआरटी टीमें सतर्क हो गईं और झील में पेट्रोलिंग शुरू कर दी। इस दौरान करीब 60-70 स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया।

### एयर मार्शल तिवारी बने नए उप वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शुक्रवार को नए उप वायु सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया।



उन्होंने एयर मार्शल एस.पी. धरकर का स्थान लिया है, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। कार्यभार संभालने से पहले एयर मार्शल तिवारी गांधीनगर स्थित दक्षिण-पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में तैनात थे। वायु सेना मुख्यालय 'वायु भवन' में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भारतीय वायु सेना ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी।

### अगले हफ्ते पृथ्वी पर गिरेगा अंतरिक्ष यान

**वॉशिंगटन।** 1972 में सोवियत संघ द्वारा शुक्र ग्रह के लिए भेजा गया एक पुराना अंतरिक्ष यान



कोसमोस 482 अनियंत्रित होकर धरती पर लौट रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह घटना मई के पहले दो हफ्तों में हो सकती है, संभवतः 10 मई के आसपास। तकनीकी खराबी के कारण यह पृथ्वी की कक्षा से बाहर नहीं जा सका और तब से लगभग 53 वर्षों से पृथ्वी की अंडाकार कक्षा में चक्कर लगा रहा है। यह यान 51.7 डिग्री उत्तर और दक्षिण अक्षांश के बीच दुनिया के किसी भी हिस्से में गिर सकता है।

पहलगाम आतंकी घटना पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो की तीखी प्रतिक्रिया

# 'इस्लाम' आतंक की तालीम नहीं देता, हम 'आतंकवाद' के खिलाफ... भारत के साथ

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

पहलगाम आतंकी हमले की वैश्विक नेताओं ने व्यापक निंदा की है। साथ ही लोग भारत के साथ एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। साथ ही आतंकवाद की निंदा की गई। पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के 50 से अधिक शहरों में हमले की निंदा करते हुए स्मारक सभाएं और सामुदायिक प्रार्थना सभाएं हुईं हैं। पहलगाम आतंकी हमले की इंडोनेशिया ने भी निंदा की है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान को खूब खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में जिस इस्लाम का पालन किया जाता है, वह ऐसे आतंकी हमलों की तालीम नहीं देता है। हम आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ हैं।

### ब्रिटेन ने की भारत और पाक से तनाव कम करने की अपील

लंदन में ब्रिटिश संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में "कश्मीरः बढ़ता तनाव" के मुद्दे पर बहस हुई, जिसमें विभिन्न दलों के सदस्यों ने "भयानक हमले" की निंदा की और क्षेत्र में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर लेबर पार्टी सरकार का रुख जानना चाहा। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के मंत्री लॉर्ड रे कोलिन्स ने सरकार की ओर से बताया कि रविवार को विदेश मंत्री (डेविड लैमी) ने भारतीय विदेश मंत्री और पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री दोनों से बात की।

## आतंकी हमले पर विश्व के 50 से अधिक शहरों में निंदा व प्रार्थना सभाएं हुईं

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी

आतंकवादियों को हथियार छोड़कर बात करनी चाहिए



### इंडोनेशिया में सर्वाधिक मुस्लिम रहते हैं

इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि किसी भी आतंकवाद से कोई नतीजा नहीं निकल सकता। इसलिए हमें हथियार छोड़कर बात करनी चाहिए। इंडोनेशिया में तैनात भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने कहा कि इंडोनेशिया में दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम रहते हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने मुझे बुलाकर बात की। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर चिंता जताई। साथ ही मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

### पाक ने एलओसी पर फिर तोड़ा संघर्ष विराम, भारत ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान की फौज लगातार नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर भारतीय सेना को उकसाने की हरकत करने से बाज नहीं आ रही। भारतीय सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान सेना की चौकियों की गोलीबारी का माकूल जवाब दिया गया। अधिकारी के अनुसार, 01-02 मई की रात पाकिस्तान की सेना ने नियंत्रण रेखा के पार जम्मू-कश्मीर के केंद्रशासित प्रदेश के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, नौशेरा और अखनूर क्षेत्रों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने संयमित और उचित तरीके से जवाब दिया।

### भारत ने आईएमएफ से कहा पाक के लोन की करें समीक्षा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड की बैठक 9 मई को होने जा रही है। इसी बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पाकिस्तान 1.3 अरब डॉलर के समझौते का रिव्यू भी लिया जाना है। इससे पहले भारत ने आईएमएफ से पाकिस्तान को दिए गए अपने ऋणों की समीक्षा करने को कहा है। समीक्षा के विपरीत परिणाम मिलने पर आईएमएफ और पाकिस्तान के बीच 7 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज पर बन रही बात बिगड़ सकती है।

### पाक वाघा बॉर्डर पर फंसे नागरिकों को वापस लेने को मजबूर

*भारत की सख्ती से पाकिस्तान परेशान हो गया है। भारत सरकार के देश छोड़ने के आदेश के बाद कई पाकिस्तानी वाघा बॉर्डर पर फंस गए हैं। अब पाकिस्तान पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ऐलान किया है कि वे वाघा बॉर्डर पर फंसे 70 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लेगा। भारतीय अधिकारी उन्हें सीमा पार करने की इजाजत दें।*

### भारत-पाक के बीच स्थिति पर जल्द ही यूएन में बैठक की संभावना

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) अध्यक्ष ने परमाणु हथियार संपन्न दक्षिण एशियाई देशों भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने पर चिंता जताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच की स्थिति पर चर्चा करने के लिए सुरक्षा परिषद की बैठक जल्द हो सकती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद की यह बैठक विचार व्यक्त करने तथा तनाव कम करने में मदद करने का एक अवसर होगी। मई महीने के लिए सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष यूनान के राजदूत एवं संयुक्त राष्ट्र में देश के स्थायी प्रतिनिधि इवेंजेलोस सेकेरिस ने कहा कि बेशक, अगर बैठक के लिए अनुरोध आता है, तो... मुझे लगता है कि यह बैठक होनी चाहिए क्योंकि जैसा कि हमने कहा कि संभवतः यह विचार व्यक्त करने का एक अवसर भी है और इससे तनाव कम करने में कुछ मदद मिल सकती है। हम इस पर विचार करेंगे।

भारत और ईयू के बीच बनी सहमति

# मुक्त व्यापार समझौते पर इस साल के अंत तक करेंगे हस्ताक्षर



एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने के लिए अपनी साझा सहमति व्यक्त की है। ब्रसेल्स में बैठक के बाद शुक्रवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने आपसी सम्मान की भावना से लंबित मुद्दों को सुलझाने के अपने उद्देश्य को दोहराया। इसमें 12-16 मई को नई दिल्ली में होने वाली अगली बैठक भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि यह प्रतिबद्धता पीएम नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन द्वारा इस साल फरवरी में यूरोपीय संघ के आयुक्तों के दिल्ली दौरे के दौरान दी गई रणनीतिक दिशा पर आधारित है।

### अर्थव्यवस्था के विकास के लिए गहरी साझेदारी

गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ मेरी बातचीत प्रोडक्टिव रही। हमने 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता को समाप्त करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जैसे-जैसे हम अपनी वार्ता में आगे बढ़ रहे हैं, हमारा ध्यान व्यवसायों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाने, विश्वसनीय और विविध आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और हमारी अर्थव्यवस्थाओं के विकास को आगे बढ़ाने के लिए हमारी साझेदारी को गहरा करने पर है। हमने इनोवेशन और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और भविष्य के लिए तैयार समझौते को आकार देने में निवेश और गतिशीलता की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की।

### व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति रही

पीयूष गोयल ने कहा कि व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति के लिए टैरिफ चर्चाओं के साथ-साथ गैर-टैरिफ बाधाओं (एनटीबी) पर समान ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए डिजिटल ट्रांजिशन का समर्थन कर विविध और मजबूत सप्लाई चेन को बढ़ावा देकर ग्लोबल कॉमर्स की उभरती वास्तविकताओं को दर्शाने की आकांक्षा रखता है। दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि एक बार संपन्न होने के बाद यह समझौता व्यापक भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी के एक ट्रांसफोर्मेटिव पिलर के रूप में काम करेगा, बाजार पहुंच को बढ़ाएगा, इनोवेशन और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा।

वेव्स में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# हमें अपनी परंपराओं, विरासत व विचारों को महत्व देने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ ढाका

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अतीत में बड़ी शक्तियों के प्रभुत्व एवं उपनिवेशवाद ने बहुलवाद को दबा दिया था तथा वैश्विक व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने के प्रयासों के बीच परंपराओं, विरासत एवं विचारों को महत्व देना आवश्यक है। जयशंकर ने 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) में 'ग्लोबल मीडिया डायलॉग' को संबोधित करते हुए प्रतिभाओं के लिए सहज गतिशीलता सुनिश्चित करने की भी जोरदार वकालत की ताकि वे रचनात्मकता में और योगदान दे सकें।

जयशंकर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग की अपार संभावनाओं को भी रेखांकित किया और कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को साथ-साथ चलना चाहिए। एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच विदेश मंत्री ने आगाह किया कि उभरती प्रौद्योगिकियों का गैर-जिम्मेदाराना उपयोग बढ़ती चिंता का विषय होगा और पूर्वाग्रह को कम करना,



विषय-वस्तु का लोकतंत्रीकरण करना तथा इसकी नैतिकता को प्राथमिकता देना, ये सभी उभरते विमर्श का हिस्सा होंगे।

जयशंकर ने 60 देशों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चाई यह है कि दुनिया मूलतः, कुदरती रूप से और अनिवार्य रूप से विविधतापूर्ण है तथा अतीत में उपनिवेशवाद और बड़ी शक्तियों के प्रभुत्व दोनों ने बहुलवाद को दबा दिया है। हम अब अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का लोकतंत्रीकरण करना चाहते हैं, ऐसे में केवल राजनीतिक और आर्थिक स्वतंत्रता पर जोर देना पर्याप्त नहीं है। यह भी उतना ही आवश्यक है कि हम अपनी परंपराओं, अपनी विरासत, विचारों, प्रथाओं और अपनी रचनात्मकता को महत्व दें। उन्होंने अभिव्यक्ति के अधिकार को सुगम बनाने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने पर जोर दिया।

हार्वर्ड पर ट्रंप का बड़ा एक्शन

# यूनिवर्सिटी को अब नहीं मिलेगी टैक्स छूट, बोले- वो इसी लायक

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ऐलान किया कि उनका प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स-छूटका दर्जा समाप्त करने जा रहा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट करते हुए कहा कि हम हार्वर्ड का टैक्स-छूट दर्जा समाप्त करने जा रहे हैं। वो इसी लायक हैं। इस कदम को हार्वर्ड और ट्रंप प्रशासन के बीच



चल रहे विवादों से जोड़कर देखा जा रहा है। पिछले कुछ समय से ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड पर विविधता, समानता और समावेशनपहलों को लेकर दबाव बनाया है, जिन्हें प्रशासन नस्लीय भेदभाव के रूप में देखता है।

वहीं, ट्रंप ने ऐलान किया कि वह माइक वाल्ट्ज को अमेरिका का नया संयुक्त राष्ट्र राजदूत बना रहे हैं। वाल्ट्ज अभी तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। ट्रंप ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद की भी जिम्मेदारी दे दी है। वाल्ट्ज को उस समय आलोचना का सामना करना पड़ा जब उन्होंने गलती से एक पत्रकार को उस चैट ग्रुप में जोड़ लिया।

227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिला, वाला ऑडियो वायरल

# मुश्किल में पूर्व पीएम हसीना 'कारण बताओ' नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किलें फिर बढ़ती नजर आ रही है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीसी) ने शेख हसीना और उनके सहयोगी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक ऑडियो क्लिप के आधार पर न्यायमूर्ति मुर्जता मजूमदार की अध्यक्षता वाले न्यायाधिकरण ने ये आदेश पारित किया है।

शेख हसीना पर न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और धमकियां देने के आरोप लगे हैं। आईसीटी में अभियोजक गाजी एमएच तमीम ने बताया कि हसीना और प्रतिबंधित छात्र लीग (बीसीएल) नेता शकील आलम बुलबुल को 15 मई तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया गया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऑडियो क्लिप सामने आया, जिसमें कथित तौर पर बांग्लादेश की पूर्व पीएम कह रही हैं, 'मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिला है। मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज किए गए हैं।'



वकील तमीम ने बताया कि आईसीटी ने क्लिप की फॉरेंसिक जांच के बाद ये नोटिस जारी किया है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने गुरुवार को नारायणगंज में पिछले साल जुलाई में हुए जन विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोपी आठ व्यक्तियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है।

आईसीटी के मुख्य अभियोजक मुहम्मद ताजुल इस्लाम ने कहा कि आरोपी नारायणगंज में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के दौरान नागरिकों पर क्रूर हमलों में शामिल थे। बता दें, पिछले साल 5 अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में हुए एक बड़े आंदोलन के बाद हसीना भारत भाग गई थीं, जिसके कारण उनकी 15 साल पुरानी सरकार गिर गई थी। तीन दिन बाद, मुहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला।

*अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हुए सरकार ने दिया उचित कार्रवाई का भरोसा*

# केआईआईटी में नेपाली छात्रा की मौत, भारत ने जताया दुख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में बीते करीब तीन महीने से भी कम समय में हुई नेपाल की दूसरी छात्रा की मौत के मामले पर शुक्रवार को भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें मामले पर गहरा दुख जताते हुए कहा है कि हम मुश्किल की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदनाएं प्रकट करते हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें कहा कि इस दुखद घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद से वह (मंत्रालय) लगातार ओडिशा सरकार के संपर्क में है, उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं, राज्य की पुलिस का कहना है कि नेपाल की 18 वर्षीय बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की छात्रा का शव बीते 1 मई की शाम को केआईआईटी छात्रावास के कमरे से बरामद किया गया है। आगे की जांच




जारी है। यहां बता दें कि पूर्व में इसी साल 16 फरवरी को विश्वविद्यालय की ही एक अन्य छात्रा प्रकृति लामसाल ने आत्महत्या कर ली थी।

मंत्रालय ने बताया कि इस मामले में भारत सरकार यह सुनिश्चित करने में लगी हुई है कि घटना से जुड़े हुए सभी पहलुओं को लेकर उचित कार्रवाई की जाए। वहीं, नेपाल सरकार की तरफ से भी मामले से जुड़े सभी कारणों की पड़ताल के लिए जांच शुरू कर दी गई है। ओडिशा सरकार की तरफ से पीड़ित परिवार को पूरा सहयोग दिया जा रहा है। साथ ही प्रदेश की पुलिस द्वारा मामले से जुड़े हर पहलू पर व्यापक रूप से जांच की जा रही है।

नए पोप के चुनाव की तैयारी तेज, 7 मई को होगा सम्मेलन

# सिस्टीन चैपल में लगी चिमनी, धुएं से मिलेगा नियुक्ति का संकेत

एजेंसी ▶▶ वेटिकन सिटी

पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के बाद नए पोप को चुनने के लिए 7 मई को होने वाले सम्मेलन (कॉन्क्लेव) की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके लिए शुक्रवार को वेटिकन में सिस्टीन चैपल की छत पर एक खास चिमनी लगाई गई, जो नए पोप के चुनाव की घोषणा का संकेत देगी। वेटिकन के फायर ब्रिगेड कर्मियों को यह चिमनी लगाते हुए देखा गया।

यह प्रक्रिया कॉन्क्लेव की तैयारियों का अहम हिस्सा मानी जाती है। नए पोप के चुनाव के लिए वेटिकन में मौजूद सभी कार्डिनल एक बंद कमरे यानी सिस्टीन चैपल में बैठकर वोटिंग करेंगे। हर दिन दो बार वोटिंग होती है, एक बार सुबह और एक बार दोपहर में। जब सभी कार्डिनल वोट डाल लेते हैं, तो उन बैलेट पेपर (मतपत्रों) को एक विशेष भट्टी में जलाया जाता है।

**वेटिकन में सभी कार्डिनल एक बंद कमरे में वोटिंग करेंगे**

**एक दिन में दो बार वोटिंग बाद मतपत्र जलाए जाएंगे**

### पोप नहीं चुनने पर निकलेगा काला धुआं



वोटिंग के दौरान चिमनी से निकलने वाले धुआं की भूमिका जनता की जानकारी के लिए अहम होती है। अगर चिमनी से काला धुआं निकलता है, तो इसका मतलब होता है कि अभी किसी को भी पोप नहीं चुना गया है। इसके लिए वोटों के साथ कुछ रसायन मिलाए जाते हैं जैसे, पोटेशियम परक्लोरेट, एंथ्रासीन और सल्फर। वहीं अगर चिमनी से सफेद धुआं निकलता है, तो इसका मतलब होता है कि नया पोप चुन लिया गया है। तब वोटों के साथ पोटेशियम क्लोरेट, लैक्टोज और क्लोरोफॉर्म रेजिन मिलाकर जलाया जाता है। यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय होती है। जब तक नया पोप नहीं चुन लिया जाता, तब तक दुनिया को सिर्फ इसी चिमनी से निकलने वाले धुएं से जानकारी मिलती है। यह परंपरा सदियों पुरानी है और वेटिकन की पहचान का हिस्सा बन चुकी है।

### तीन अश्वेतों के नाम पर हो रहा विचार

पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के बाद कई कैथोलिक नेता इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या चर्च को इस बार अपना पहला अश्वेत पोप चुनना चाहिए। ऐसे में तीन अफ्रीकी कार्डिनलों के नाम पर गंभीर विचार हो रहा है। यदि अगला पोप उप-सहारा अफ्रीका से हुआ तो वह वेटिकन के इतिहास में पहला होगा। हालांकि, यह चयन प्रक्रिया लंबी है, लेकिन कैथोलिक अफ्रीकियों को उम्मीद है कि फ्रांसिस का उत्तराधिकारी उनके महाद्वीप से एक अश्वेत कार्डिनल हो सकता है।




मैड्रिड ओपन



# गॉफ ने फाइनल में बनाई जगह

**मैड्रिड।** अमेरिका की स्टार खिलाड़ी कोको गॉफ ने गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को 6-1, 6-1 से हराकर पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने पहले सेट में तीन बार और दूसरे सेट में दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़ी। उन्होंने इस क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल का यह मुकाबला केवल 64 मिनट में अपने नाम किया। फाइनल में गॉफ का मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका या एलिना स्वितोलिना से होगा। इस बीच पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में कैस्पर रूड ने दानिल मेदवेदेव को 6-3, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। रूड का अगला मुकाबला फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा, जिन्होंने किशोर जैकब मेन्सिक को 3-6, 7-6 (5), 6-2 से हराया।

# यूनाइटेड और टोटेनहैम ने यूरोपा लीग सेमीफाइनल में बनाई मजबूत बढ़त

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में बड़ी जीत हासिल की। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने स्पेन के सैन मैम्स में एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराया जबकि टोटेनहैम ने घरेलू मैदान पर नॉर्वे के क्लब बोडो ग्लिमट के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। इस तरह से इंग्लैंड की इन दोनों टीमों ने यूरोप के दूसरे सबसे बड़े क्लब टूर्नामेंट को जीतने और महाद्वीप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है। मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम दोनों इंग्लिश प्रीमियर लीग के निचले भाग में हैं लेकिन यूरोपा लीग की ट्रॉफी जीतने पर उन्हें अगले सत्र में चैंपियंस लीग में जगह मिल जाएगी।



खास खबर

## हम युवा खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाते हैं



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स की इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें समाप्त हो गई है। उसके क्षेत्ररक्षण कोच दिशांत याग्निक ने कहा कि मेगा नीलामी से पहले जोस बटलर और ट्रेंट बोल्ट जैसे सुपरस्टार को रिलीज करने की आलोचना के बावजूद उनकी टीम युवाओं का समर्थन करना जारी रखेगी। रॉयल्स की टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं जिनमें आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 11 | 3 | 8 | 6 |
| हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 |
| चेन्नई | 10 | 2 | 8 | 4 |

ऑरेंज कैप



साइ सुदर्शन
504 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

### आईपीएल : 10 मैचों में सात जीत से 14 अंक लेकर दूसरे स्थान पर टाइटंस

# गुजरात ने हैदराबाद को 38 रनों से हराया बना नंबर-2, गिल-बटलर के अर्धशतक

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

शुभमन गिल और जोस बटलर की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के दम पर गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को आईपीएल-2025 में नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 38 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, गुजरात ने छह विकेट खोकर 224 रन बनाए।

हैदराबाद की टीम इस स्कोर के सामने 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 186 रन ही बना सकी। इस जीत ने गुजरात को प्वाइंटस टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंचा दिया है। उसके 10 मैचों में सात जीत और तीन हार के बाद 14 अंक हो गए हैं और उसने अपनी प्लेऑफ की दावेदारी काफी मजबूत कर ली है। वहीं हैदराबाद के लिए प्लेऑफ के रास्ते आंकड़ों के लिहाज से बंद नहीं हुए हैं, लेकिन बेहद मुश्किल जरूर हो गए हैं। हैदराबाद के 10 मैचों में तीन जीत और सात हार से छह अंक हैं और अब अगर उसे प्लेऑफ में जाना है तो हर मैच में जीत चाहिए ही चाहिए।



### बटलर ने दिखाया रंग

गिल के जाने के बाद बटलर ने जिम्मेदारी ली और स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया। 19वें ओवर की चौथी गेंद पर वह आउट हो गए। उन्होंने 37 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 64 रन बनाए। वॉशिंगटन सुंदर ने 16 गेंदों पर 21 रन बनाए।

### सुदर्शन के 2000 रन

सुदर्शन ने टी20 में अपने 2000 रन पूरे कर लिए हैं। वह सबसे तेज 2000 टी20 रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। सुदर्शन ने 54 पारियों में ये मुकाम हासिल किया। पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के शॉन मार्श हैं जिन्होंने सुदर्शन से कम एक पारी में यानी 53 पारियों में इतने टी20 रन पूरे किए थे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ब्रैड हॉज, इंग्लैंड के मार्कस ट्रैसकोथिक और पाकिस्तान के मुहम्मद वसीम हैं। इन सभी ने 58 पारियों में 2000 टी20 रन पूरे किए थे।

### बल्लेबाजों पर लगाया ब्रेक

हैदराबाद के पास जिस तरह की बल्लेबाजी है उसे देखते हुए 225 रनों का स्कोर हासिल करने मुश्किल नहीं लग रहा था, लेकिन गुजरात के गेंदबाजों ने हैदराबाद के तूफानी बल्लेबाजों पर ब्रेक लगा दिया। पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर जैसे ही हेड आउट हुए हैदराबाद की टीम बैकफुट पर पहुंच गई। हेड को प्रसिद्ध कृष्णा ने राशिद खान के हाथों कैच कराया। हेड ने 16 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 20 रन बनाए। ईशान किशान भी पवेलियनल लौट गए उन्होंने 17 गेंदों पर 13 रन बनाए। खतरनाक होते दिख रहे अभिषेक शर्मा को गुजरात के इम्पैक्ट प्लेयर ईशांत शर्मा ने आउट किया। उन्होंने 41 गेंदों पर चार चौके और छह छक्कों की मदद से 74 रन बनाए।

### गिल-सदुर्शन ने रखी नींव

गुजरात को इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने का न्योता मिला। टीम के कप्तान गिल और उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने एक बार फिर टीम को मजबूत शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़े। सुदर्शन सातवें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हो गए और दो रनों से अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने 23 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 48 रन बनाए। इसके बाद गिल को अनुभवी बल्लेबाज जोस बटलर का साथ मिला। दोनों ने टीम का स्कोर 149 तक पहुंचाया और यहीं गिल की पारी का अंत एक रन आउट के जरिए हो गया। गिल ने 38 गेंदों पर 10 चौके और दो छक्कों की मदद से 76 रन बनाए।

### बेंगलुरु जीत से खेलेगा प्ले ऑफ सुपरकिंग्स से मुकाबला आज

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा तो उसकी निगाह प्ले ऑफ ने अपनी जगह लगभग पक्की करने पर होगी। महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली की मौजूदगी के कारण यह मैच खास बन गया है क्योंकि क्रिकेट प्रेमियों को भारतीय क्रिकेट के इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को संभवतः आखरी बार एक दूसरे के खिलाफ खेलते हुए देखने का मौका मिलेगा।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का क्लासन बो अंसारी | 48 | 23 | 9 | 0 |
| गिल रन आउट (हर्षल/ क्लासेन) | 76 | 38 | 10 | 2 |
| बटलर का अभिषेक बो कमिंस | 64 | 37 | 3 | 4 |
| सुंदर का रेड्डी बो उनादकट | 21 | 16 | 0 | 1 |
| शाहरुख खान नाबाद | 06 | 02 | 0 | 1 |
| राहुल का अनिकेत बो उनादकटक | 06 | 03 | 0 | 1 |
| राशिद खान का एवं बो उनादकट | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में 224/6
गेंदबाजी : शमी 3-0-48-0, उनादकट 4-0-35-3, कमिंस 4-0-40-1, हर्षल 3-0-41-0, अंसारी 4-0-42-1, मेंडिस 2-0-18-0.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का राशिद बो कृष्णा | 20 | 16 | 4 | 0 |
| अभिषेक का सिराज बो इशांत | 74 | 41 | 4 | 6 |
| किशन का कृष्णा बो कोएत्जी | 13 | 17 | 0 | 0 |
| क्लासेन का बटलर को कृष्णा | 23 | 18 | 1 | 1 |
| अनिकेत का शाहरुख बो सिराज | 03 | 07 | 0 | 0 |
| नीतीश कुमार रेड्डी नाबाद | 21 | 10 | 1 | 2 |
| मेंडिस का बटलर बो सिराज | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 19 | 10 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 20 ओवर में 186/6
गेंदबाजी : सिराज 4-0-33-2, इशांत 3.2-0-3.5-1, कृष्णा 4-0-19-2, कोएत्जी 4-0-36-1, वाशिंगटन 1-0-6-0, राशिद 3-0-50-0, साई किशोर 0.4-0-1-0.



## इंग्लैंड टेस्ट टीम में कुक और कॉक्स शामिल

**लंदन।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए नए खिलाड़ियों सैम कुक और जॉर्डन कॉक्स को अपनी 13 सदस्यीय टीम में शामिल किया। यह मैच 2003 के बाद से जिम्बाब्वे का इंग्लैंड की धरती पर पहला टेस्ट है। इस मैच के साथ इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की शुरुआत होगी जिसमें 20 जून से भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच भी शामिल हैं। मध्यम गति के गेंदबाज कुक हाल के वर्षों में काउंटी क्रिकेट में निरंतर अच्छी गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं।

## भारत की तरफ से खेलने का सपना बरकरार



**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शुक्रवार को कहा कि पिछले दो साल से राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बावजूद भारत की तरफ से खेलने के उनकी इच्छा और भूख पहले की तरह बरकरार है। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने आखिरी टेस्ट मैच 2023 में खेला था और वह करीब एक दशक से सीमित ओवरों की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने राष्ट्रीय टीम में वापसी करने को लेकर अभी हार नहीं मानी है। रहाणे ने कहा, 'मैं फिर से भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। मेरी इच्छा, भूख, जज्बा पहले की तरह बरकरार है।'

## प्लेऑफ से बाहर, हम घबराने वाले नहीं



**बेंगलुरु।** बल्लेबाजी कोच माइक हस्सी ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स घबराने वाली नहीं है और इस सत्र में कुछ युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने आशा की किरण जगाई है। पांच बार की चैंपियन चेन्नई टीम दस मैचों में सिर्फ चार अंक लेकर दस टीमों की लीग में आखिरी स्थान पर है। हस्सी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हम निश्चित रूप से घबराने वाले नहीं है कि हमने इस साल अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। लेकिन हमें कुछ पहलुओं में सुधार करना होगा।

## खबर संक्षेप

### सुदर्शन को टेस्ट टीम में शामिल करने की पैरवी



**दुबई।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने युवा साइ सुदर्शन को हर प्रारूप का बल्लेबाज बताते हुए कहा कि उसे इस साल इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। भारतीय टीम नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025 - 2027) की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला से करेगा। आईपीएल में इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 456 रन के साथ दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस के सुदर्शन के बारे में शास्त्री ने कहा कि काउंटी खेलने के अनुभव और अपनी तकनीक के कारण वह इंग्लैंड के हालात में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### केसीए का श्रीसंत पर तीन साल का प्रतिबंध



**तिरुवनंतपुर।** केरल क्रिकेट संघ ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम से संजू सैमसन के बाहर रहने को लेकर हुए विवाद के सिलसिले में उसके खिलाफ कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने पर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। केसीए ने एक बयान में कहा कि यह फैसला 30 अप्रैल को कोच्चि में उसकी आमसभा की विशेष बैठक में लिया गया। श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट टीम में कोल्लम एरीस टीम के सह मालिक हैं।

### भारत की निगाह दौरे के सकारात्मक अंत पर



**पर्थ।** लगातार तीन मैच में हार झेलने के बाद भारत शनिवार को यहां जब पांच मैचों की श्रृंखला के अपने चौथे मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से फिर भिड़ेगा तो उसकी निगाह नई रणनीति आजमाकर इस दौरे का सकारात्मक अंत करने पर होगी। सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय टीम को पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वह गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से 0-2 से हार गई थी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया था लेकिन यह जीत हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था।

फुटबॉल

# डिफेंडर बोस और सौम्या 'प्लेयर ऑफ द ईयर 2025'



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने भारतीय डिफेंडर और मोहन बागान सुपर जायंट्स के कप्तान सुभाशीष बोस को एक यादगार सत्र के बाद शुक्रवार को देश का 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी' चुना गया जबकि ईस्ट बंगाल एफसी की स्ट्राइकर सौम्या गुगुलोथ ने महिला वर्ग में यह सम्मान प्राप्त किया।

बोस के नेतृत्व में मोहन बागान सुपर जायंट्स ने एक ही सत्र में 'लीग विनर्स शील्ड' और 'आईएसएल कप' दोनों जीतकर इंडियन सुपर लीग में ऐतिहासिक दो खिताब जीते। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान जमशेदपुर एफसी के कोच खालिद जमील को लगातार दूसरी बार वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच चुना गया। सुजाता कर को भारतीय महिला लीग में श्रीभूमि एफसी को तीसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला कोच का पुरस्कार दिया गया। मिडफील्ड के मास्टरमाइंड ब्रिसन फर्नांडिस को वर्ष का सबसे उदीयमान पुरुष खिलाड़ी चुना गया जबकि 18 वर्षीय डिफेंडर थोईबिसना चानू ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ होनहार महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

### विशाल सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर

विशाल कैथ ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर का पुरस्कार जीता जबकि पंथोई चानू ने आईडब्ल्यूएल में शानदार प्रदर्शन के लिए महिला वर्ग में यह सम्मान प्राप्त किया। वेंकटेश आर को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष रेफरी चुना गया जबकि टेकचम रंजीता देवी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला रेफरी का सम्मान मिला। वैरामुथु पी को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष सहायक रेफरी जबकि रिओहलांग धर को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला सहायक रेफरी चुना गया।

## महिला क्रिकेट में 'ट्रांसजेंडर' खिलाड़ियों पर लगा प्रतिबंध

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को 'ट्रांसजेंडर' खिलाड़ियों को महिला और लड़कियों के मैचों में प्रतिस्पर्धा करने से प्रतिबंधित कर दिया। 'फुटबॉल एसोसिएशन' ने भी इसी तरह का फैसला किया है और उसके ऐसा करने के 24 घंटे से भी कम समय में ईसीबी ने यह निर्णय लिया। ईसीबी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि वह हाल में 'सुप्रीम कोर्ट' के फैसले के बाद अपडेट किए गए कानून के बाद 'ट्रांसजेंडर' खिलाड़ियों की पात्रता पर अपने नियमों में बदलाव की घोषणा कर रहा है जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि महिलाओं की कानूनी परिभाषा में 'ट्रांसजेंडर' शामिल नहीं हैं। ईसीबी के बयान में कहा गया है, 'तत्काल प्रभाव से केवल वो ही खिलाड़ी महिला क्रिकेट और लड़कियों के क्रिकेट मैचों में खेलने के लिए पात्र होंगे जिनका जैविक लिंग महिला है। 'ट्रांसजेंडर' महिलाएं और लड़कियां ओपन और मिश्रित क्रिकेट में खेलना जारी रख सकती हैं।'

# गोवा-जमशेदपुर के बीच सुपर कप का खिताबी भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर



एफसी गोवा की टीम का लक्ष्य शनिवार को यहां होने वाले फाइनल में खिताब जीतकर दो बार सुपर कप अपने नाम करने वाली पहली टीम बनने पर होगा जबकि जमशेदपुर एफसी की कोशिश भी इसमें अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की होगी। फाइनल की विजेता टीम 2025-26 एएफसी चैंपियंस लीग 2 के शुरुआती दौर के लिए भी क्वालीफिकेशन हासिल करेगी।

कलिंगा स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में दोनों टीमों के लिए यही चीज प्रेरणादायी होगी। दोनों टीमों के बीच सुपर कप में यह चौथी भिड़ंत होगी। दोनों के बीच पिछले मुकाबलों में कुल मिलाकर 21 गोल हुए हैं। पूर्व चैंपियन एफसी गोवा ने 2019 में खिताब जीता था और वह अब दोबारा ट्रॉफी जीतकर महाद्वीपीय फुटबॉल में चार साल की अनुपस्थिति को खत्म करना चाहता है। एशिया में एफसी गोवा पहली बार 2021 एएफसी चैंपियंस लीग ग्रुप चरण में पहुंचा था। वहीं दूसरी ओर जमशेदपुर एफसी ने अपने आठ साल के इतिहास में पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में उपस्थिति दर्ज की है।

## श्रीलंका ने द.अफ्रीका को पांच विकेट से दी शिकस्त

**कोलंबो।** मालकी मदारा (चार विकेट), देवमी विहंगा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद हर्षिता समाराविक्रमा (77) और कविशा दिलहारी (61) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने ट्राई सीरीज के तीसरे मुकाबले में 21 गेंदे शेष रहते साउथ अफ्रीका को पांच विकेट से हरा दिया। साउथ अफ्रीका महिला टीम के 235 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने तीसरे ही ओवर कप्तान चमारी अट्टापट्टू (6) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद विष्मी गुणारत्ने ने हसिनी परेरा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 15वें ओवर में एन म्लाबा ने विष्मी गुणारत्ने (29) को आउट कर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा ने मोर्चा संभाला। 18वें ओवर में सुने लूस ने हसिनी परेरा (42) को आउटकरा पवेलियन भेज दिया।

### भारत के पूर्व कप्तान और कोच शास्त्री की खिलाड़ियों को सलाह

# क्रिकेट किट की तरह मीडिया-तकनीक को अपनाएं खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत के पूर्व कप्तान और कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को 'मीडिया और तकनीक को क्रिकेट किट में हेलमेट की तरह' करार देते हुए खिलाड़ियों को इसे अपनाने की सलाह देते दी। कहा कि इसके बिना खेल पिछले 40-45 वर्षों में जिस तरह विकसित हुआ है, वैसा नहीं होता।

शास्त्री ने कहा कि उनके खेलने के दिनों में केवल दो माध्यम 'रेडियो और दूरदर्शन (टीवी)' थे लेकिन भारतीय टीम के 1983 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट ने एक लंबा सफर तय किया है। 62 वर्षीय पूर्व दिग्गज ने 'विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स)' में 'खेल, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और मीडिया के अंतर्संबंध' पर एक पैनल चर्चा के दौरान कहा, 'हमने पहली बार 1983 में विश्व कप जीता था। इसके बाद भारत ने पिछले 40 वर्षों में बहुत सारे टूर्नामेंट जीते हैं। हमने लोगों को सपने दिखाए। आपको हालांकि समर्थन की जरूरत होती है। यह ऐसा है जैसे आपके किट बैग में पैड हों, आपके किट बैग में क्रिकेट बैट हो, मीडिया किट बैग का हिस्सा है। मीडिया और प्रौद्योगिकी आपके क्रिकेट बैग में हेलमेट की तरह है; आप इसे खुशी-खुशी अपनाते हैं। आपको ऐसे में तकनीक को अच्छे से अपनाना चाहिये। एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) अब बड़े पैमाने पर काम आ रही है। यह आपके लाभ के लिए है। यह टीम के लाभ के लिए है और यह खेल के विकास के लिए है।'



### ब्रांड के जुड़ाव से आगे बढ़ रहा खेल

शास्त्री ने कहा कि पहले किसी ब्रांड से जुड़ाव केवल लोगो और विज्ञापन तक ही सीमित रहता था लेकिन कई प्रसारण प्लेटफॉर्म के आने के साथ यह सब बदल गया है। उन्होंने कहा, 'मैंने इस खेल को विकसित होते देखा है, हर खिलाड़ी इसका हिस्सा रहा है और देखा है कि पिछले 40-45 सालों में खेल कहां पहुंचा है। इस तरह के मंचों के बिना खेल उस तरह विकसित नहीं होता जैसा कि हुआ है। मेरे समय में यह रेडियो और दूरदर्शन था। ब्रांडों के साथ संबंध केवल विज्ञापनों के बारे में था, यह 'लोगो' के बारे में था।'

# रिकर्व सीनियर में रिमिल, जूनियर में तिशा एवं पूजा ने साधा स्वर्णिम निशाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश तीरदाजी संघ एवं भारतीय तीरंदाजी संघ के तत्वावधान में तीसरी महिला राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर निगम किशन सूर्यवंशी थे। सुबह 8 बजे से अंकुर खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता के द्वितीय एवं अंतिम सत्र में एलीमिनेशन राउंड में कॉम्पटीशन हुआ जिसमें प्रत्येक केटेगरी एवं प्रत्येक विधा में टॉप 4 खिलाड़ी चयनित हुए। अंतिम दौर के कॉम्पटीशन में दो खिलाड़ी गोल्ड में, सिल्वर मेडल मैच के लिए तथा शेष 2 खिलाड़ी ब्रांज मेडल के लिए चयनित हुए। रिकर्व सीनियर में रिमिल हेम्ब्राम, जूनियर में तिशा पूनिया एवं पूजा ने गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं, सीनियर में अदिति जायसवाल, जूनियर में अनीषा दास एवं खुशी कुमारी ने रजत पदक प्राप्त किया। सीनियर में भगोरा भार्गवी वृगिशकुमार, मुक्ता दीपक मोडगी और कृष्णा ने कांस्य पदक अर्जित किया। वहीं, कंपाउंड सीनियर में अक्षिता, जूनियर में कुमुद सेनी, एसजेआर में तन्वी विक्रांत देशमुख ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इनके साथ ही रजत पदक हासिल करने वाली सीनियर तीरंदाज रिशा राठी, जूनियर में किरणप्रीत, एसजेआर में श्रान्या आर्य शामिल हैं। इनके अलावा सीनियर में स्वाति डुधवाल, जूनियर में शिवानी, एसजेआर में वरेण्या राणा ने कांस्य पदक अर्जित किया। कार्यक्रम के संचालन में बस पर मप्र तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष गिरजाशंकर शर्मा, उपाध्यक्ष विनोद प्रधान, श्रीके विद्यार्थी, सचिन, प्रीति जैन, अरुण शर्मा एवं आयोजन समिति के सचिव अमित जैन, सहसचिव प्रमोद कुमार, कार्यकरी अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**तीसरी महिला राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन**



## डॉ. मेहता खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तकनीकी अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, बिहार की अगुवाई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अंतर्गत मल्लखंब चैंपियनशिप के श्रेष्ठ संचालन के लिए वाणिज्य अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य एवं ए ग्रेड इंटरनेशनल अंपायर डॉ. आशीष मेहता को तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया। यह जानकारी वाणिज्य अध्ययनशाला की संकाय सदस्य डॉ. रुचिका खंडेलवाल ने देते हुए बताया कि चैंपियनशिप बिहार राज्य के गया जिले में 5 से 8 मई तक आयोजित की जाएगी, जिसमें मल्लखंब के तकनीकी विशेषज्ञ एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा राज्य के सर्वोच्च खेल अलंकरण विक्रम अवार्ड एवं विश्वामित्र अवार्ड से अलंकृत डॉ. आशीष मेहता को खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। डॉ. मेहता योग एवं मल्लखंब के क्षेत्र में राष्ट्र के शीर्षस्थ खिलाड़ी रहने के साथ ही उत्कृष्ट प्रशिक्षक भी हैं। इनके द्वारा प्रशिक्षित कई खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उम्दा प्रदर्शन कर चुके हैं।

**बॉयज अंडर-22 लिमिटेड ओवर्स इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट**

## भोपाल ने चम्बल डिविजन को 4 विकेट से हराया

प्लेयर ऑफ द मैच भोपाल टीम के कप्तान प्रारब्ध मिश्रा रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज लिमिटेड ओवर्स, इंटर डिविज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट इंदौर के होल्कर स्टेडियम में चम्बल डिवीज़न और भोपाल डिवीज़न के मध्य मैच खेला गया। भोपाल डिविजन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया, चंबल डिविजन पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.2 ओवरों में 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, चम्बल से त्वारिक खान ने 34 रन और अरुण भदौरिया ने 21 रन बनाए। भोपाल डिविजन से गेंदबाजी में प्रारब्ध मिश्रा ने 3 विकेट, तन्मय पाण्डेय, अनिमेष सिंह और शिवांश चतुर्वेदी ने 2-2 विकेट, एवं युवराज नेमा ने 1 विकेट लिए। जवाब में भोपाल डिविजन ने बल्लेबाजी करते हुए 12.2 ओवर में 6 विकेट पर 113 रन बना लिए, भोपाल से तनिष्क यादव ने 41 रन, मीत त्रिपाठी 29 रन और विकास शर्मा ने 21 रन एवं प्रारब्ध मिश्रा 12 रन पर नाबाद रहे। चम्बल डिविजन से गेंदबाजी में त्वारिक और विष्णु ने 2-2 विकेट एवं आर्यन और रोहित ने एक-एक विकेट लिया। इस तरह भोपाल डिविजन ने चम्बल डिविज़न को 4 विकेट से हरा दिया। प्लेयर ऑफ़ द मैच भोपाल डिविजन से प्रारब्ध मिश्रा रहे। भोपाल का अगला मैच जबलपुर से इंदौर के एमपीसीए मैदान पर 3 मई को होगा।

**द्वितीय वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मुकाबला**

## भोपाल बार एसोसिएशन ने कर्मचारी इलेवन को 45 रनों से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

» नितेश पालिया और अनुपम टोप्पो की तूफानी बल्लेबाज़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर खेले गए द्वितीय वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भोपाल बार ऐसोसिएशन एडवोकेट ने विस्फोटक बल्लेबाज़ी और सधी हुई गेंदबाज़ी के दम पर कर्मचारी इलेवन को 45 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी भोपाल बार एसोसिएशन के नितेश पालिया ने 79 रन की लाजवाब पारी खेली। उनका शानदार साथ निभाया अनुपम टोप्पो ने, जिन्होंने 71 रन बनाकर स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। अभिषेक गिरि ने भी 44 रन जड़कर रनों की रफ्तार को और तेज़ कर दिया। टीम ने 20 ओवर में केवल 4 विकेट खोकर 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ स्कोर में से एक था। वहीं कर्मचारी इलेवन के गेंदबाज लाचार नजर आए। ओसाफ उर रहमान ने 3 ओवर में 39 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि मुस्ताक अली ने 1 विकेट झटका। जवाब में कर्मचारी इलेवन की शुरुआत विस्फोटक रही। अकबर सिद्दीकी ने 26 और कप्तान विशाल कहार ने 3 गेंदों पर 8 रन ठोककर



रनों की रफ्तार बनाए रखी। सलमान बैग (36 रन) और देवेंद्र नायक (17 रन) ने कुछ देर संघर्ष किया, लेकिन मिडिल ऑर्डर में लगातार गिरते विकेटों ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया। निचले क्रम में मिथिलेश पवार ने 6 गेंदों में नाबाद 15 रन बनाए लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। वहीं बार एसोसिएशन के अनुपम टोप्पो ने 3.5 ओवर में 44 रन देकर 3 विकेट लिए। सर्भ ने भी सिर्फ 2 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट झटके। अमय दुबे, अमन खान, नितेश पालीया और सैयद फारहान अली ने भी 1-1 विकेट लेकर जीत की पटकथा तैयार की और पूरी कर्मचारी इलेवन 18.5 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच अनुपम टोप्पो रहे। बल्लेबाजी में 71 रन और गेंद से 3 विकेट लेकर ख़िताब अपने नाम किया।

**द्वितीय वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट**

## कमिश्नर-11 ने ग्वालियर पुलिस को दी 18 रनों से शिकस्त

▸ रफी नरवारा और मुदस्सर आलम चमके सितारे

भोपाल। नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर खेले गए इस हाई वोल्टेज प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कमिश्नर इलेवन ने ग्वालियर पुलिस को 18 रनों से हराकर सेमीफाइनल की ओर एक मजबूत कदम बढ़ा लिया। मैच में जहां एक ओर संयमित बल्लेबाज़ी ने स्कोर बोर्ड को मजबूती दी, वहीं अंत में गेंदबाजों ने अपना जलवा दिखाया और ग्वालियर पुलिस को 138 रनों पर समेट दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी कमिश्नर इलेवन का शीर्ष क्रम जल्दी पवेलियन लौट गया, लेकिन बीच के ओवरों में मुदस्सर आलम ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 49 गेंदों में 67 रन बनाए। आखिर में नमन के 9 रन और 13 अतिरिक्त रनों की मदद से टीम ने 20 ओवर में 156/6 का स्कोर खड़ा किया। ग्वालियर पुलिस के हिमांशु तिवारी (कप्तान) ने 4 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट चटकाए। हिमांशु वर्मा और विकास ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में 209 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्वालियर पुलिस की शुरुआत तेज़ रही। सुमित 14, और राहुल शर्मा ने 37 रन बनाए। कप्तान हिमांशु तिवारी ने 49 रनों की धमाकेदार पारी खेली। लेकिन जैसे ही वह आउट हुए, टीम का मध्यक्रम लड़खड़ा गया। वहीं कमिश्नर इलेवन के गेंदबाज रवि नरवारा ने 4, मुदस्सर आलम ने 3 और बिट्टू चौहान ने 2 विकेट लेकर पूरी पारी को नियंत्रित किया। ग्वालियर पुलिस की पूरी टीम 18वें ओवर में 138 रन पर ऑलआउट हो गई। वहीं मैन ऑफ द मैच रवि नरवारा रहे।

**भोपाल**

**मप्र आईटी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में दिखी विकास की झलक**

## ईको सिस्टम के तेजी से हो रहे विकास में मील का पत्थर साबित होंगे एआई और स्टार्ट-अप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 का सफल आयोजन राज्य में आईटी, डेटा सेंटर, एआई और स्टार्ट-अप ईको सिस्टम के तेजी से हो रहे विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस आयोजन में कई नामी कंपनियों ने राज्य में अपने नए निवेश, विस्तार और योजनाओं की घोषणा की, जो रोजगार और नवाचार के नए अवसरों का सृजन करेगी। एक रियल्टी कंपनी ने इंदौर के सुपर कॉरिडोर में 1.2 मिलियन वर्ग फीट के आईटी और कॉमर्शियल प्रोजेक्ट की घोषणा की है।

यह कंपनी पहले से ही देशभर में 31.7 मिलियन वर्ग फीट प्रीमियम रियल एस्टेट बना चुकी है। इंदौर में यह प्रोजेक्ट आईटी और आईटीईएस कंपनियों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना राज्य में आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। इससे आईटी, आईटीएस और ईएसडीएम क्षेत्रों की कंपनियों के लिए इंदौर महत्वपूर्ण स्थान बनेगा। पंचशील ब्लैकस्टोन समूह के साथ मिलकर नवी मुंबई में भारत का सबसे बड़ा डेटा सेंटर हब बना रही है, जो 65% तक नवकरणीय ऊर्जा पर चलेगा।



### » भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड राज्य में तकनीकों का करेगा विकास

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (भेल) देश की एक प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है, जो वर्ष 1954 से स्वदेशी नवाचार को बढ़ावा दे रही है। भेल ने सशस्त्र बलों को मिशन क्रिटिकल रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम दिये हैं। भेल ने प्रदेश में अपने रक्षा सॉफ्टवेयर विकास केंद्र (एसडीसी) के विस्तार की घोषणा की है। यह केंद्र एआई, डेटा एनालिटिक्स, रडार, साइबर सुरक्षा और अन्य उन्नत तकनीकों पर काम करेगा, साथ ही स्मार्ट सिटीज, डिजिटल एग्रीकल्चर, हेल्थ मेनेजमेंट सिस्टम और ई-गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में भी योगदान देगा। भेल के सीएमडी श्री मनोज जैन ने कहना है कि हमारे एआई केंद्र का विस्तार भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और कदम है। मध्यप्रदेश का वातावरण इसके लिए आदर्श है।

### सीटीआरएलएस करेगी राज्य में डेटा सेंटर स्थापित

एशिया की सबसे बड़ी रेटेड 4 डेटा सेंटर कंपनी सीटीआरएलएस डेटा सेंटर्स लिमिटेड कंपनी भारत के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित कर रही है। यह कंपनी देशभर में 15 से ज्यादा डेटा सेंटर संचालित कर रही है। यह सौर ऊर्जा परियोजनाओं में भी निवेश कर रही है और कंपनी ने वर्ष 2030 तक कार्बन न्यूट्रल बनने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी की मध्यप्रदेश में डेटा सेंटर स्थापित करने की योजना है। कंपनी भारत की एआई क्रांति को शक्ति प्रदान करने के लिये राज्य की प्रगतिशील नीतियों, विद्युत सरपल्स स्थिति और मजबूत कनेक्टिविटी का लाभ उठा रही है। संस्थापक अध्यक्ष और एमडी, सीटीआरएलएस श्रीधर पिन्नापुरेड्डी का कहना है कि राज्य डेटा सेंटर उद्योगों को कई तरह के प्रोत्साहन और सब्सिडी प्रदान कर रहा है। हम सरकार के साथ मिलकर राज्य के डेटा सेंटर उद्योग को बढ़ावा देंगे और सशक्त करेंगे।

**अग्रणी आईटी और संबंधित क्षेत्रों की कंपनियों के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त**

### वर्की ऑफिस स्पेस सॉल्यूशन में करेगा निवेश

एक स्टार्ट-अप अब भारत के शीर्ष ऑफिस स्पेस सॉल्यूशन प्रदाताओं में शामिल हो गया है। इंदौर और भोपाल में इसके संचालन से 10 हजार से से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। आईटी कंपनी के लिए आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित होने से 70 से अधिक कंपनियों की स्थापना राज्य में हुई है। कंपनी स्टार्ट-अप, आईटी उद्योगों के लिए आधुनिक, उच्च स्तरीय वर्क स्पेस और प्लग-एंड-प्ले कार्य स्थल की सुविधा प्रदान करताक है। वर्की के फाउंडर सावन लड्ढा का कहना है कि मप्र हमारी मातृभूमि है और हम यहां अधिक व्यवसाय और नौकरियां लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### आईआईटी इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन देगा रिसर्च और नवाचार को बढ़ावा

*आईआईटी इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन राज्य में इनोवेशन, रिसर्च और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देगा। यह संस्था अपने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से राज्य के स्टार्ट-अप्स को गाइड करेगी और उन्हें फंडिंग दिलाने में भी मदद करेगी। दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के सीईओ आदित्य एसजी व्यास ने कहा कि मप्र तेजी से नवाचार और औद्योगिक विकास केन्द्र के रूप में उभर रहा है। केंद्र स्टार्ट-अप्स को मार्गदर्शन और फंडिंग के अवसरों की सुविधा प्रदान करेगा। इससे राज्य में उद्यमिता और नवाचार को बल मिलेगा।*

**महू में लाइसेंस जारी करने के एवज में की थी डिमांड**

## मंडी निरीक्षक, बाबू और व्यापारी 30 हजार रिश्वत लेते ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने शुक्रवार को महू स्थित कृषि उपज मंडी के निरीक्षक, लिपिक और एक व्यापारी को 30 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मंडी में अनाज की खरीदी बिक्री के लिए लाइसेंस जारी करने के एवज में मंडी के निरीक्षक और लिपिक ने घूस मांगी थी। मंडी के ये कर्मचारी एक व्यापारी के जरिए रिश्वत की रकम मांग रहे थे। शिकायत मिलने पर ईओडब्ल्यू ने ट्रैप का प्लान बनाया।

शुक्रवार को जैसे ही व्यापारी ने मंडी के कर्मचारियों के लिए आवेदक से रिश्वत की रकम ली, वैसे ही पास खड़ी टीम ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद ईओडब्ल्यू के दल ने मंडी निरीक्षक और क्लर्क को भी गिरफ्तार कर लिया गया। ईओडब्ल्यू ने तीनों को गिरफ्तार करने के बाद कृषि उपज मंडी के ऑफिस में तलाशी लेकर व्यापारियों को जारी किए गए लाइसेंस से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं।

### ईओडब्ल्यू ने शिकायत का परीक्षण कर जुटाए सबूत



ईओडब्ल्यू को दी गई शिकायत के माध्यम से आवेदक अनिल सैनी, पिता गजानंद सैनी निवासी महू ने बताया कि मंडी में अनाज खरीदने और बेचने के लिए लाइसेंस जारी करने के एवज में मंडी के निरीक्षक/सचिव विक्रम सिंह चौहान एवं लिपिक किशोर नाविक ने 30 हजार की रिश्वत मांगी थी। 28 अप्रैल 2025 को की गई इस शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने इसका परीक्षण कर सबूत जुटाए। फोन पर हुई बातचीत के दौरान दोनों कर्मचारियों ने अनिल सैनी को रिश्वत की रकम मंडी के ही एक व्यापारी कृष्णा अग्रवाल को सौंपने के लिए कहा। शिकायत का सत्यापन होने के बाद ईओडब्ल्यू ने 2 मई 2025 को अनिल को रकम लेकर महू के डोंगरगांव स्थित मंडी में भेजा। यहां जैसे ही मंडी निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान एवं लिपिक किशोर नाविक के कहे अनुसार अनिल सैनी ने ये राशि कृष्णा अग्रवाल को दी, वैसे ही घटनास्थल पर मौजूद ट्रैप दल ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इसके बाद मौके पर मंडी निरीक्षक और लिपिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों के खिलाफ पीसी एक्ट की धारा 7 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## 26 निरीक्षकों को कार्यवाहक डीएसपी का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के आधार पर पुलिस मुख्यालय ने 26 निरीक्षकों को कार्यवाहक डीएसपी का प्रभार सौंपा है। जिसमें निरीक्षक संवर्ग के 18, विसबल संवर्ग के 2, रक्षित निरीक्षक संवर्ग के 5 और रेडियो संवर्ग के 1 अधिकारी शामिल ह। जारी सूची के मुताबिक निरीक्षक विनीता गिल पीटीएस तिगरा ग्वालियर को कार्यवाहक डीएसपी पीटीएस तिघरा ग्वालियर, ऊषा राय जिविशा सिवनी को कार्यवाहक डीएसपी महिला सुरक्षा कटनी,संजय मिश्रा को कार्यवाहक डीएसपी ईओडब्ल्यू, आनंद चौहान को कार्यवाहक डीएसपी लोकायुक्त संगठन भोपाल, दीपा खरे निरीक्षक अजाक से कार्यवाहक डीएसपी शिकायत शाखा भोपाल, अशीष भट्टाचार्य को कार्यवाहक डीएसपी लोकायुक्त संगठन भोपाल, निरीक्षक ईओडब्ल्यू पंकज द्विवेदी को कार्यवाहक डीएसपी ईओडब्ल्यू , निरीक्षक छतरपुर अरविंद सिंह दांगी को कार्यवाहक डीएसपी अजाक छतरपुर सहित कुल 26 निरीक्षकों को उच्च पद का प्रभार सौंपा गया है।

**पंच-सरपंच सम्मेलन एवं जल गंगा संवर्धन का आयोजन**

## अच्छा कार्य करने वाली पंचायतों को विकास कार्यों के लिए मिलेगी पर्याप्त राशि: मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आने वाले वर्षों में पंचायतों को विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जो पंचायतें अच्छा कार्य करेंगी, उन्हें विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। पंचायतों में सुविधा संपन्न पंचायत भवन बनाने के लिए राज्य सरकार 37.5 लाख और 48.5 लाख रुपये की राशि प्रदान करेगी। इनमें एक भवन क्लस्टर स्तर पर होगा जिसमें सब इंजीनियर का कार्यालय भी बनाया जाएगा । यह बात मंत्री श्री पटेल ने दमोह जिले के जरारूधाम गौ-अभ्यारण में पंच-सरपंच सम्मेलन एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में कही।



### संबल योजना में पारदर्शिता और त्वरित सहायता

*मंत्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत 600 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक से जारी की गई है। उन्होंने कहा कि अब कोई भी दुर्घटना होने पर अब 24 से 48 घंटे के भीतर पीड़ित श्रमिक परिवार को सहायता राशि घर पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना श्रमिकों के लिए बड़ा सहारा साबित हो रही है। कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा हुई।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930